जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

▶▶ जयपुर, सोमवार, 28 सितम्बर, 2026 ▶▶ वर्ष 18 ▶▶ अंक 150 ▶▶ पृष्ठ 12 ▶▶ मूल्य 1.50 रु.

'रामायण' के दो नए पोस्टर जारी

पेजः 11

# प्रधानमंत्री मोदी बोले, आतंकियों को करारा जवाब देंगे

## सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को भारत की नीति दिखाई; मन की बात में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को मन की बात के 138वें एपिसोड में कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। आतंकवादी अगर भारत की तरफ आंख उठाकर देखेंगे, तो उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा। मोदी ने कहा कि 28-29 सितंबर 2016 को हुई सर्जिकल स्ट्राइक के 10 साल पूरे होने वाले हैं। भारतीय सेना ने एलओसी पार कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की थी। भारतीय जवानों की इस कार्रवाई को देखकर दुनिया हैरान रह गई थी। प्रधानमंत्री ने बालाकोट एयरस्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने बार-बार साफ संदेश दिया है कि आतंकवाद का मजबूत और निर्णायक जवाब दिया जाएगा।

### 1. जनगणना को बताया राष्ट्रीय दायित्व

पीएम मोदी ने कहा कि जनगणना हम सबका राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपनी और परिवार की जानकारी खुद ऑनलाइन दर्ज करने की अपील की। मोबाइल से यह प्रक्रिया आसानी से पूरी की जा सकती है। मोदी ने बताया कि जनगणना का पहला चरण सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग पूरा हो चुका है। 32 करोड़ से ज्यादा परिवारों का डेटा भी दर्ज किया जा चुका है।

### 2. स्वच्छता के महत्व पर जोर

पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने जीवन के कई मंत्र दिए, जिनमें स्वच्छता भी शामिल है। उन्होंने सोशल मीडिया पर स्वच्छता से जुड़े फोटो, वीडियो और रील्स का भी जिक्र किया और कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से पूरा समाज जुड़ रहा है।

### 3. नशे के खिलाफ युवाओं की मुहिम

मोदी ने बताया कि देशभर के युवा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे हैं। 'मेरा भारत' के तहत एंथम, स्लोगन राइटिंग और नुक्क ड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। युवा सोशल मीडिया के जरिए भी नशा मुक्त रहने का संदेश लोगों तक पहुंचा रहे हैं।

### 4. 100 शहरों में स्वास्थ्य जांच और ध्यान शिविर

'नशा मुक्त युवा अभियान' के तहत 100 शहरों में स्वास्थ्य जांच और ध्यान शिविर जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। मोदी ने कहा कि इस अभियान में युवा खुद नशे से दूर रहने के साथ दूसरों को भी जागरूक करने की जिम्मेदारी उठा रहे हैं।

### 5. थाईलैंड में भगवान गणेश की लोकप्रियता बताई

पीएम मोदी ने कहा कि भगवान गणेश की भक्ति सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। थाईलैंड में गणेश जी की पूजा 'फ्रा फिकानेट' के रूप में की जाती है। उन्होंने बताया कि गणेश से जुड़ी परंपराओं पर शोध करने वाले श्रद्धालुओं के प्रयासों से वहां अष्टविनायक यात्रा भी लोकप्रिय हुई है।

### 6. असम में पिग्मी हॉग की संख्या 190 से ज्यादा हुई

मोदी ने असम में पिग्मी हॉग के संरक्षण कार्यक्रम का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कभी इस छोटे जीव के अस्तित्व पर खतरा था। संरक्षण कार्यक्रम के बाद अब इसकी संख्या 190 से ज्यादा हो गई है।

### 7. सोनाई रूपाई में फिर लौटे हाथी

*असम के सोनाई रूपाई वन्यजीव अभयारण्य का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि यहां कभी हाथी रहते थे, लेकिन जंगल की जमीन पर इंसानी दखल बढ़ने से वे दूर चले गए थे। करीब तीन साल पहले अतिक्रमण हटाए जाने के बाद हाथी फिर इस इलाके में लौट आए हैं और अब उनके झुंड दिखाई दे रहे हैं।*

### 8. सर्जिकल स्ट्राइक के 10 साल का जिक्र

*पीएम मोदी ने 28-29 सितंबर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उरी में सेना के कैंप पर आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने एलओसी पार कर आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की थी। मोदी ने इसे आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई और नई नीति का उदाहरण बताया।*

### 9. 9/11 और अशोक सिंघल को याद किया

*मोदी ने कहा कि इस साल अमेरिका में हुए 9/11 आतंकी हमले को 25 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और 2014 में न्यूयॉर्क जाकर पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने की बात भी बताई। इसके अलावा उन्होंने विश्व हिंदू परिषद के नेता अशोक सिंघल की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और राम जन्मभूमि आंदोलन में उनके योगदान का जिक्र किया।*

### 10. स्वच्छता को गांधी जी के जीवन-मंत्र से जोड़ा

पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती का जिक्र करते हुए कहा कि बापू ने जीवन के कई मंत्र दिए, जिनमें स्वच्छता भी शामिल है। उन्होंने सोशल मीडिया पर स्वच्छता से जुड़े फोटो, वीडियो और रील्स का भी जिक्र किया। मोदी ने कहा कि देश में स्वच्छता को लेकर कई तरह के प्रयास हो रहे हैं। लोगों के छोटे-छोटे प्रयासों से पूरा समाज इससे जुड़ रहा है।

# उत्तरप्रदेश में भारी बारिश से 56 लोगों की गई जान

## केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड, 4000 यात्री फंसे

## यूपी में 70 घंटे से आंधी-बारिश जारी, बिहार में 500 घर डूबे

### » छत्तीसगढ़ में नदी में बह आईं शराब की बोतलें

**नई दिल्ली/लखनऊ/पटना।** उत्तराखंड के सभी जिलों में कल से भारी बारिश हो रही है। ऋषिकेश में गंगा वॉर्निंग लेवल के पार पहुंच गई है और घाटों पर जाने पर रोक लगा दी गई है। वहीं, रुद्रप्रयाग में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर लैंडस्लाइड हुई है। इससे करीब 4 हजार श्रद्धालु फंस गए हैं। खराब मौसम को देखते हुए आज केदारनाथ यात्रा पर रोक लगा दी गई और हेली सेवाएं भी बंद हैं।

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के नारी गांव में महानदी किनारे के शराब दुकान में बाढ़ का पानी घुसने से शराब की बोतलें नदी में बह गईं। इसकी जानकारी मिलते ही गांव वाले नदी किनारे बने ब्रिज पर पहुंच गए और मछली पकड़ने वाले जाल से बोतलें निकालते नजर आए।

बिहार में साइक्लोन अर्नब का असर अब कमजोर पड़ गया है। राज्य में पिछले 72 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। नेपाल के तराई क्षेत्र में हो रही बारिश के चलते गंडक और कोसी नदियां उफान पर हैं। इससे 17 जिलों के करीब 6 हजार गांव टापू बन गए हैं, जबकि करीब 500 घर बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। सुपौल के 50 गांवों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश पर फील्ड में उतरे अफसर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आसमान से बरस रही आफत ने पूरे प्रदेश को दहला दिया है। पिछले 48 से 60 घंटों से लगातार मूसलाधार बारिश और खतरनाक आंधी-तूफान ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र और राहत आयुक्त कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस भीषण प्राकृतिक आपदा की चपेट में आने से प्रदेश में अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 46 लोग गंभीर घायल हैं।

इसके अलावा 107 बेजुबान पशुओं की जान गई है और 1021 से अधिक कच्चे-पक्के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। 25 से 27 सितंबर की सुबह तक प्रदेश में औसत से 775 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि में सामान्य वर्षा मात्र 7.6 मिमी होनी चाहिए थी, लेकिन राज्य में औसतन 66.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। प्रदेश के 75 में से 56 जिलों में अत्यधिक बारिश का कहर देखा गया है। खासकर फर्रुखाबाद में सामान्य से 7385 प्रतिशत, कन्नौज में 56.64 प्रतिशत, शाहजहांपुर में 44.08 प्रतिशत, हमीरपुर में 42.40 प्रतिशत और महोबा में 41.00 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। जनहानि के मामलों में सीतापुर में 7, लखीमपुर खीरी, बहराइच और बलरामपुर में 5-5, जबकि अयोध्या और गोरखपुर में 4-4 लोगों की जान जाने की सूचना है। हरदोई में सबसे ज्यादा 272 मकान और 28 पशुओं के नुकसान की खबर है।

तबाही की डरावनी तस्वीर के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। सीएम के सख्त आदेश के बाद प्रदेश के तमाम अधिकारी एसी कमरों से निकलकर फील्ड में उतर आए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि अतिवृष्टि से जनहानि, पशुहानि और मकान क्षति के मामलों में मात्र 24 घंटे के भीतर प्रभावित परिवारों को मुआवजा राशि वितरित की जाए। साथ ही प्रशासन ने युद्धस्तर पर मुआवजा वितरण शुरू कर दिया है। जिन किसानों की फसलें इस बेमौसम बरसात और जलभराव में बर्बाद हुईं हैं, उनका तत्काल सर्वेक्षण और आकलन करने के आदेश दिए गए हैं ताकि अन्नदाताओं को समय पर राहत मिल सके।

#### राहत और बचाव कार्य जारी

बाढ़ और जलभराव वाले इलाकों में फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार चलाए जा रहे हैं। लोगों को निकालकर सुरक्षित बाढ़ राहत शिविरों और शरणालयों में पहुंचाया जा रहा है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे जलभराव वाले क्षेत्रों और उफान पर चल रही नदियों-नालों के पास जाने से बचें। किसी भी आपातकालीन स्थिति या सहायता के लिए राहत आयुक्त कार्यालय की हेल्पलाइन नंबर 1070 पर संपर्क किया जा सकता है। सरकार ने साफ कर दिया है कि राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रेमानंद महाराज के शिष्य ने दी जान

**मथुरा।** वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के शिष्य दीपक उर्फ रसिक दुलारीशरण महाराज (25) के गऊ कृपाकुंज आश्रम की चौथी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या मामले में पुलिस को अहम जानकारियां हाथ लगी हैं। घटना शुक्रवार सवेरे करीब 10.30 बजे हुई और पुलिस को इसकी जानकारी करीब 12.30 बजे मथुरा के एक अस्पताल से मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आश्रम पहुंचकर छानबीन की और सीसीटीवी फुटेज खंगाली हैं।

### सीएम ने अपने घर पर चलाई 'गैंती'

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को अपने पैतृक घर पहुंचे। उन्होंने घर के बाहर पूजा-अर्चना की और इसके बाद खुद गैंती चलाकर मकान का हिस्सा तोड़ा। अपने जन्म स्थान और बचपन की यादों से जुड़े घर को विकास कार्य के लिए समर्पित करते समय मुख्यमंत्री भावुक नजर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस घर में जन्म लिया, छोटे से बड़े हुए, उसे तोड़ना पड़े तो मन पर असर स्वाभाविक है।

### केमिकल इंजीनियर की संदिग्ध मौत

**अयोध्या।** यश पेपर मिल के पानी साफ करने वाले केमिकल प्लांट में रविवार को केमिकल इंजीनियर आशीष शिवहरे का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। परिजनों ने कंपनी में कार्यरत कुछ लोगों पर आशीष की हत्या करने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने आरोपी को गिरफ्तार करने और कार्रवाई करने के बाद ही पोस्टमार्टम करने की बात कही है।

# मुख्यमंत्री शर्मा बोले, नकारी गई पार्टी एसआईआर पर सवाल खड़े कर रही

## राहुल गांधी ने राफेल पर झूठ बोला, फिर कोर्ट में माफी मांगी; कांग्रेस से पूछे पांच सवाल

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा, विपक्ष हमारी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की बात कर रहा है। पिछले 4-5 दिनों से विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस पार्टी गलत तथ्यों के आधार पर संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगा रही है।

27 मई को सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को सही ठहराया, लेकिन उसके बाद भी जनता की ओर से नकारी गई कांग्रेस एसआईआर पर सवाल खड़े कर रही है। इस पूरे मामले में एक खबर को आधार बनाया गया, जबकि उस खबर को चुनाव आयोग ने तथ्यहीन ठहराया दिया। राहुल गांधी ने फाइटर जेट राफेल पर भी झूठ बोला। बाद में उनको सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कही।

*प्रेस वार्ता करते राजस्थान के मुखिया भजनलाल शर्मा।*

### सीएम बोले, राहुल गांधी ने राफेल पर झूठ बोला

भजनलाल शर्मा ने कहा, राहुल गांधी ने विदेश में जाकर भारत की चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। राफेल पर भी झूठ बोला। बाद में उनको सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी। निर्णय पक्ष में नहीं आने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर सवाल उठाते हैं। यहां तक की भारत की सेना के शौर्य पर भी सवाल उठाते हैं।

### 'जनता के बीच काम करोगे तो कुछ मिल जाएगा'

*सीएम ने कहा- मेरी कांग्रेस को सलाह है कि वह जनता के बीच जाकर जनता के लिए काम करने की आदत डालें। जनता उनको पूरी तरह से नकार चुकी है, जनता के बीच जाएंगे तो उनके लिए ठीक रहेगा। जनता के बीच काम करोगे तो कुछ मिल जाएगा। संस्थाओं को बदनाम करने का काम मत कीजिए। भजनलाल शर्मा ने कहा, अगर कांग्रेस इसी तरह से काम करती रही तो रसातल में चली जाएगी। कांग्रेस के लोग जब भी चुनाव हारते हैं तो अपने कर्मों को नहीं, दूसरों पर ठीकरा फोड़ने का काम करते हैं। ये अपनी हार तो पचाते है, लेकिन दूसरे की जीत नहीं पचा पाते हैं। कोई भी चुनाव देख लीजिए, कांग्रेस जब-जब चुनाव हारी है उसने कहीं न कहीं, किसी पर आरोप लगाए हैं।*

### सीएम भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस से पूछे सवाल

- *एसआईआर में कथित मतभेद का प्रमाण क्या है?*
- *कैबिनेट सेक्रेटरी के पत्र को एसआईआर से जोड़ने का आधार क्या था?*
- *फॉर्म-6 में कथित बदलाव का दस्तावेज कहां है?*
- *मीडिया रिपोर्ट को राजनीतिक आरोप का आधार बनाने से पहले उसका सत्यापन हुआ था या नहीं?*
- *निर्वाचन आयोग के संयुक्त स्पष्टीकरण के बाद क्या उन आरोपों की समीक्षा की जाएगी?*

## यमन के बाजार पर हवाई हमले में 7 लोगों की मौत, 40 घायल

**सना।** यमन में रविवार को एक हवाई हमले में 7 लोगों की मौत हो गई है। हूती स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इनमें बच्चे भी शामिल हैं। साथ ही, 40 लोग घायल हुए हैं। हमले में ताइज प्रांत के एक बाजार की दुकानों को निशाना बनाया गया। रॉयटर्स के मुताबिक यमन की सरकार ने कहा कि उसकी सेना ने हूती सैन्य कैंप और वाहनों को निशाना बनाते हुए यह हमले किए। रॉयटर्स ने यमनी सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि हूती विद्रोहियों ने हाल ही में बाजार के पास एक सैन्य कैंप बनाया था। यूएन के मुताबिक, पिछले 2 महीने में फिर तेज हुए यमन संघर्ष में नागरिकों समेत 700 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। साथ ही सितंबर की शुरुआत से अब तक यमन में 82 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं।

### सीएम बच्चों को सोने की अंगूठियां देंगे

**मदुरै।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय सोमवार को मदुरै के सरकारी राजाजी अस्पताल से थाईमामन थंगा मोथिरम योजना की शुरुआत करेंगे। योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाले पात्र नवजातों को एक ग्राम की सोने की अंगूठी दी जाएगी। मुख्यमंत्री विशेष विमान से मदुरै पहुंचेंगे। वह 25 नवजातों को सोने की अंगूठी प्रदान करेंगे। वह प्रसूति वार्ड में उस दिन जन्म लेने वाले बच्चों को व्यक्तिगत रूप से अंगूठी देंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज भरतपुर एवं खैरथल-तिजारा दौरा

## विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं शिलान्यास, जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को भरतपुर एवं खैरथल-तिजारा जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे दोनों जिलों में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात देंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भरतपुर जिले के बयाना क्षेत्र के बिड्यारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री खैरथल-तिजारा जिले में भी विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

## नीट पेपर लीक

# सुरक्षा में तैनात होंगे 39 सीआईएसएफ जवान

## 'कॉन्फिडेंशियल' इलाकों पर रहेगी कड़ी नजर

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक के बाद परीक्षा व्यवस्था और एनटीए की सुरक्षा को लेकर कई बदलाव किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने अपना कामकाज नए कार्यालय में शिफ्ट कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक नए ऑफिस के 'कॉन्फिडेंशियल एरिया' यानी गोपनीय हिस्सों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को दी जाएगी। यह फैसला इस साल नीट-यूजी का प्रश्नपत्र लीक होने की घटना के बाद लिया गया है। पेपर लीक के बाद देशभर में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किए थे।

मामले को लेकर तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। प्रधान के इस्तीफे के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हाई-पावर्ड टास्क फोर्स बनाने की घोषणा की थी। इसका मकसद परीक्षा प्रणाली को पेपर लीक जैसी घटनाओं से सुरक्षित बनाना था। इस टास्क फोर्स की अध्यक्षता इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि कर रहे हैं। हालांकि पैनल ने अभी तक अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी है।

### तीन विषय विशेषज्ञ मुख्य स्रोत

सीबीआई की चार्जशीट में तीन विषय विशेषज्ञों को पेपर लीक का मुख्य स्रोत बताया गया है। चार्जशीट के मुताबिक एनटीए के कॉन्फिडेंशियल सेक्शन में विशेषज्ञों की एंट्री और बाहर निकलने के समय उनकी जांच या तलाशी नहीं होती थी। आरोप है कि इसी वजह से विशेषज्ञों को प्रश्न पत्र से जुड़ी जानकारी छोटी-छोटी पर्चियों पर नोट करने का मौका मिल जाता था। उन्हें रफ काम और अनुवाद के लिए सादी शीट दी जाती थी। शिक्षा मंत्रालय ने 2017 में निष्पक्ष, पारदर्शी और एक जैसी परीक्षा व्यवस्था के लिए एनटीए की स्थापना की थी। एजेंसी अब तक दिल्ली के ओखला स्थित अपने कार्यालय से काम कर रही थी।

### सीसीटीवी के साथ सीआईएसएफ

*एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, मिंटो रोड स्थित भारत सरकार के प्रेस भवन में 55,000 वर्ग फुट से अधिक का समर्पित कार्यालय स्थान आवंटित किया गया है। भवन की पांचवीं मंजिल और चौथी व छठी मंजिल के कुछ हिस्से नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को आवंटित किए गए हैं। पिछले एक महीने में गोपनीय और संवेदनशील कामकाज को नए आवंटित भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। सीबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन आरोपी विशेषज्ञों की गतिविधियों पर किसी का ध्यान नहीं गया क्योंकि एनटीए कार्यालय में सीसीटीवी लाइव फीड की निगरानी के लिए कोई समर्पित कंट्रोल रूम नहीं था। नए परिसर में निगरानी की योजना के बारे में अधिकारी ने कहा, भवन में गोपनीय क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है, जहां आवाजाही और कामकाज पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी ताकि एक फुलप्रूफ सिस्टम सुनिश्चित किया जा सके। गृह मंत्रालय ने परिसर के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सुरक्षा को मंजूरी दे दी है।*

# ईडब्ल्यूएस का हो सरलीकरण, जरुरतमंद युवाओं को मिले लाभ : भाटी

## ईडब्ल्यूएस सरलीकरण यात्रा पहुंची सिरोही, शिव विधायक भाटी को हुआ स्वागत सत्कार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

*सिरोही। ईडब्ल्यूएस सरलीकरण यात्रा को लेकर शिव विधायक रविंद्रसिंह भाटी सिरोही के राव सुरताण चौराहा पहुंचे। जहां समर्थकों ने उन्हें ऊंट पर बैठाकर स्वागत सत्कार किया। विधायक भाटी ने कहा कि ईडब्ल्यूएस सरलीकरण का विषय लंबे समय से चला आ रहा है। वर्ष 2019 में जब संविधान संशोधन लागू हुआ तब से लेकर आज तक अलग-अलग तरीके से प्रदेश और केंद्र में जो शर्तें लगी थीं, उनका विरोध हो रहा है। प्रदेश सरकार ने इन शर्तों को हटा भी दिया और युवाओं को इसका फायदा भी मिला। पर केंद्र की ऐसी कई सारी शर्तें है, जिसमें अंतर मुख्य रूप से जमीन संबंधी है। इन शर्तों पर पुनर्विचार जरुरी है। उन्होंने कहा कि अगर सरलीकरण होता है तो ग्रामीण युवा भी इससे लाभांवित होंगे।*

### हुजूम उमड़ा, व्यवस्थाएं रही चाक-चौबंद

शिव विधायक भाटी ज्यों ही चौराहे पर वाहन से उतरे, स्वागत के लिए हुजूम उमड़ पड़ा। भाटी ने मौजूद बुजुर्गों को अभिवादन किया वहीं युवाओं ने उन्हें सुसज्जित ऊंट पर बैठाकर उनका माल्यार्पण, पुष्पवर्षा से स्वागत किया। युवाओं ने मौके पर ऐलान किया कि वे भी इस यात्रा में साथ है।

### जरुरतमंद युवाओं को मिले लाभ

ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के सरलीकरण को लेकर रविंद्र सिंह भाटी ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लागू ईडब्ल्यूएस की विभिन्न शर्तों, विशेष रूप से जमीन और अन्य पात्रता संबंधी प्रावधानों में सरलीकरण की आवश्यकता पर बात रखी। रविंद्रसिंह भाटी ने कहा कि इस मांग का उद्देश्य आरक्षण को बढ़ाना या घटाना नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद युवाओं को इडब्ल्यूएस का लाभ आसानी से मिलना सुनिश्चित करना है। उन्होंने राजस्थान सरकार से केंद्र सरकार के सामने इस विषय को मजबूती से रखने की अपील की और कहा कि ग्रामीण एवं जरूरतमंद युवाओं को इन प्रावधानों के सरलीकरण से अधिक अवसर मिल सकते हैं।

# मलोप तालाब में सैंकड़ों मछलियों की मौत, दुर्गंध से लोग परेशान

## पानी की गुणवत्ता पर उठे सवाल, प्रशासन से जांच कराने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

*नाडोल। कस्बे के गवई मलोप तालाब में पिछले कुछ दिनों से रोजाना सैंकड़ों मछलियां मर रही हैं। तालाब के पानी से दुर्गंध आने के कारण आसपास के क्षेत्र में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।*

मछलियों के मरने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब के पानी में प्रदूषण बढ़ रहा है। कुछ लोगों ने पानी में किसी तरह के रसायनयुक्त पदार्थ के मिलने की आशंका जताई है, जबकि कुछ लोग ऑक्सीजन की कमी को मछलियों के मरने का कारण मान रहे हैं। तालाब में रोजाना वाहन एवं कपड़े धोने से भी पानी की गुणवत्ता प्रभावित होने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार तालाब का पानी गंदा होने के साथ दुर्गंधयुक्त हो गया है। उनका कहना है कि प्रशासन को समय रहते तालाब के पानी की वैज्ञानिक जांच करवाकर मछलियों के मरने का वास्तविक कारण पता करना चाहिए, ताकि स्थिति और गंभीर न हो। तालाब क्षेत्र के पशु-पक्षियों के लिए भी पानी का महत्वपूर्ण स्रोत है। ग्रामीणों ने चिंता जताई कि यदि पानी प्रदूषित होता रहा तो इसका असर पशु-पक्षियों के साथ आसपास के जनजीवन पर भी पड़ सकता है। बताया गया कि मलोप तालाब का पानी नाडोल क्षेत्र के कुओं के जलस्तर को रिचार्ज करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब के पानी की तत्काल जांच करवाने, प्रदूषण के कारणों का पता लगाने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## चंद्रादेवी शर्मा की आंखों से रोशन होगी दो लोगों की नेत्र ज्योति

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली के ग्रीन पार्क निवासी चन्द्रादेवी शर्मा पत्नी मूलचंद शर्मा के निधन के बाद परिजनों ने नेत्रदान कर सराहनीय पहल की। परिवार की सहमति से प्राप्त कॉर्निया जयपुर भेजे गए हैं, जहां प्रत्यारोपण के माध्यम से दो दृष्टिबाधित लोगों को दृष्टि प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। उनके निधन की सूचना पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान पाली चैप्टर के अध्यक्ष केवलचंद कवाड़ और सचिव भंवरलाल सेमलानी ने परिजनों से संपर्क कर नेत्रदान के लिए आग्रह किया। सहमति मिलने के बाद नेत्रदान की प्र या पूरी की गई। इस कार्य में डॉ. आरके गर्ग, बांगड़ अस्पताल के डॉ. दिनेश विश्नोई, डॉ. नमन एवं हेमंत चोपड़ा का सहयोग रहा। प्राप्त कॉर्निया राजस्थान रोडवेज के भगवानसहाय के सहयोग से जयपुर भेजे गए हैं। वहां चिकित्सकीय प्र या के तहत दो दृष्टिबाधित व्यक्तियों में कॉर्निया प्रत्यारोपण किया जाएगा। परिजनों ने दुख की घड़ी में नेत्रदान का निर्णय लेकर जरूरतमंदों के जीवन में नई रोशनी की उम्मीद जगाई।

# पंचायतराज चुनाव की तैयारियां तेज, मतदान केंद्रों का हो रहा भौतिक सत्यापन

## पाली पंचायत समिति क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों में अब तक 97 हजार 751 मतदाता पंजीकृत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पंचायतराज आम चुनाव को लेकर आरक्षण आवंटन की प्र या पूरी होने के बाद निर्वाचन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पाली पंचायत समिति क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों में बनाए गए मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करवाया जा रहा है। इस दौरान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं, भवन की स्थिति तथा प्रवेश-निकास व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्रसिंह राणावत ने बताया कि बीएलओ को मतदाता सूचियों के सत्यापन और अद्यतन का कार्य भी सौंपा गया है। पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्र या जारी है। अवकाश के दिनों में भी निर्वाचन संबंधी कार्य किया जा रहा है।

### अब तक 97 हजार 751 मतदाता पंजीकृत

पाली पंचायत समिति क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों में वर्तमान में 97 हजार 751 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 51,013 पुरुष और 46,738 महिला मतदाता हैं। निर्वाचन विभाग का उद्देश्य मतदाता सूचियों को शुद्ध एवं अद्यतन करने के साथ मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना है। चुनावी तैयारियों में सुरेशकुमार व्यास, मीडिया प्रभारी वि' मसिंह परिहार, रमेशकुमार अणकिया, अभिषेक चतुर्वेदी, अभिषेक राजपुरोहित पुनायता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी जुटे हुए हैं।

# पेयजल संकट से आक्रोशित महिलाओं ने किया हाइवे जाम

## खाली मटके लेकर किया प्रदर्शन, आश्वासन पर खुला रास्ता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** निकटवर्ती ओटवाला में 15 दिनों से पेयजल संकट से परेशान ग्रामीणों का रविवार को आक्रोश फूट पड़ा। सुबह 7.50 बजे महिलाएं खाली मटके और बर्तन लेकर बाड़मेर-जालोर स्टेट हाइवे पर पहुंचीं और मटके फोड़कर विरोध जताया। ग्रामीणों ने सड़क पर धरना देकर हाइवे जाम कर दिया। करीब ढाई घंटे बाद अधिकारियों के आश्वासन पर 10.20 बजे जाम हटाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले डेढ़ माह से पेयजल समस्या बनी हुई है और 15 दिनों से पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद है। जलदाय विभाग एवं 181 पर शिकायत के बावजूद समाधान नहीं होने का आरोप लगाया। पानी के लिए ग्रामीणों को महंगे दाम पर टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता रामगोपाल मीणा ने बताया कि तेतरोल से नर्मदा की सप्लाई बंद है और करीब दस दिन और बंद रहने की संभावना है। ग्रामीणों ने वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करने पर सवाल उठाए। जेइएन ने खरल स्थित विभाग के ट्यूबवेल से वैकल्पिक पेयजल आपूर्ति शुरू कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने नर्मदा लाइन से कृषि बेरों एवं टैंकरों के लिए कथित अवैध कनेक्शन किए जाने का आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि अवैध कनेक्शनों के कारण गांव तक पर्याप्त दबाव से पानी नहीं पहुंच रहा है।

### समझाइश के बाद हटाया जाम

धरने की सूचना पर सायला तहसीलदार फूलाराम एवं एसआई महिपालसिंह पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने नियमित पेयजल आपूर्ति, खरल ट्यूबवेल से वैकल्पिक व्यवस्था, कथित अवैध कनेक्शनों की जांच और लाइनमैन को पाबंद करने की मांग रखी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर हाईवे से जाम हटा दिया।

# सेंट जेवियर स्कूल में राज्य स्तरीय लॉन टेनिस आज से

## » 70वीं 14 वर्षीय विद्यालयी प्रतियोगिता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** शहर के सेंट जेवियर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार से 70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्षीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयी लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रविवार को आयोजनकर्ता विद्यालय एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक उमा यादव ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार सुबह 9 बजे होगा। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले डिस्ट्रिक्ट क्लब एवं रेनबो विद्यालय के खेल मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे। खिलाड़ियों के पंजीकरण, प्रतियोगिता संचालन एवं पुरस्कार वितरण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए समितियों का गठन किया गया है।

### व्यवस्थाओं के लिए गठित की समितियां

प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए उद्घाटन, स्वागत, पूछताछ कार्यालय, नियंत्रण कक्ष, पंजीकरण एवं अभिलेख संधारण, योग्यता प्रमाण-पत्र जांच, प्रमाण-पत्र लेखन, कंप्यूटर ऑपरेटर तथा पुरस्कार वितरण सहित विभिन्न समितियां गठित की गई हैं। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों, टीम प्रभारियों एवं अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

### मंत्री कुमावत होंगे मुख्य अतिथि

उमा यादव ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पशुपालन एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत एवं जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी होंगे। समारोह में सांसद पीपी चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, नगर निगम महापौर नमिता बुबकिया, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कानाराम वागोरिया, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं अन्य अतिथि शामिल होंगे।

### तैयारियों में जुटी आयोजन टीम

प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं को लेकर सह संयोजक पिनल मोदी, स्टाफ सचिव राहुल परमार, मीडिया प्रभारी वि' मसिंह परिहार, जिला खेलकूद प्रभारी छेलेंद्रसिंह राठौड़, कार्यालय खेलकूद प्रभारी लालचंद प्रजापति सहित आयोजन टीम के सदस्य तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। प्रदेशभर से आने वाले खिलाड़ियों एवं टीम प्रभारियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की जा रही है।

# लाठियों से हमले में घायल पशुपालक की उपचार के दौरान मौत

## ऊंट चरा कर लौटने के दौरान 17 सितंबर को हुआ था विवाद

## शव पहुंचते ही सीएचसी पर जुटे देवासी समाज के लोग, समझाइश पर हुए शांत

## पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली। शहर के सेंट जेवियर उच्च जसवंतपुरा।** पावटी गांव निवासी 51 वर्षीय पशुपालक पदमाराम देवासी की मारपीट में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार 17 सितंबर को ऊंट चराकर लौटने के दौरान कहासुनी के बाद फेदानी निवासी मनसाराम उर्फ मुपाजी प्रजापत और उसके पुत्र हिम्मत प्रजापत पर लाठियों से मारपीट करने का आरोप है। मारपीट में गंभीर घायल पदमाराम देवासी को पालनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां करीब छह-सात दिन उपचार के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। रविवार सुबह शव के जसवंतपुरा सीएचसी पहुंचते ही देवासी समाज के लोगों की भीड़ जमा हो गई और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर आ' ोश जताया। लोगों ने गिरफ्तारी होने तक शव नहीं उठाने की बात कही, जिससे कुछ समय के लिए अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी भी मौके पर पहुंचे और परिजनों व समाज के लोगों से बातचीत कर स्थिति शांत करवाई। इसके बाद डीएसपी सुखराम विश्नोई के सुपरविजन और थानाधिकारी डिंपलकंवर के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मनसाराम और उसके पुत्र हिम्मत को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट का मामला हत्या में बदला

थानाधिकारी डिंपल कंवर के अनुसार पदमाराम की मौत के बाद पूर्व में दर्ज मारपीट के मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। परिजनों की सहमति के बाद मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया और कार्रवाई पूरी होने पर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## मारपीट का आरोप, घायल का उदयपुर में उपचार जारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** समीपवर्ती आलपा गांव में प्रौढ़ के साथ गंभीर रूप से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। कैलाशनगर पुलिस के अनुसार कैलाशनगर निवासी महेन्द्र पुत्र आसाराम ने रिपोर्ट देकर बताया कि 21 सितंबर की रात करीब 10 बजे कुछ लोग उसके घर पहुंचे और उसके पिता आसाराम के साथ मारपीट की। रिपोर्ट में ओबाराम पुत्र खासाराम, भीमाराम पुत्र ओबाराम निवासी आलपा, किशन पुत्र कुयाराम निवासी हरजी, अर्जुन पुत्र ओबाराम एवं प्रवीण पुत्र ओबाराम निवासी शिवगंज सहित अन्य लोगों पर घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, मारपीट के दौरान उसके पिता के सिर पर धारदार हथियार से चोट पहुंचाई गई। उनके दोनों पैरों और एक हाथ में फ्रैक्चर हो गया। गंभीर चोटों के चलते आसाराम को उदयपुर के महाराणा भुपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। रिपोर्ट में घटना के दौरान महेन्द्र की बहन सती के साथ मारपीट तथा स्वयं महेन्द्र पर भी हमला करने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ग्रीनफिट हाफ मैराथन में तीन धावकों ने जीते मेडल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** जयपुर में आयोजित ग्रीनफिट हाफ मैराथन में सुमेरपुर क्षेत्र के राष्ट्रीय स्तर के मैराथन धावक किशोर भाटी, उप प्राचार्य बलवंतसिंह राठौड़ एवं प्राध्यापक डॉ. रमेशचंद्र आगलेचा ने भाग लेकर मैराथन पूरी की और फिनिशर मेडल अर्जित किए।

**किशोर भाटी समेत तीनों रहे फिनिशर**

मैराथन में देशभर से 10 हजार से अधिक धावकों सहित विदेशी धावकों ने भी हिस्सा लिया। 'रन फॉर ग्रीनर अर्थ' थीम पर आयोजित मैराथन में पौधों का निःशुल्क वितरण कर पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ भारत, स्वदेशी अपनाने एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। सुमेरपुर क्षेत्र के ये धावक देश के विभिन्न शहरों में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की मैराथन में नियमित रूप से भाग लेते हैं। वे विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन को दौड़ और मैराथन में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, राहुल गोविंद पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- राहुल गोविंद पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com

**नशे के कई रूप सामने हैं पीने, सूंघने, लगाने और इंजेक्शन के माध्यम से भी नशा किया जा रहा है**

# नशे की पहुंच छोटे कस्बों और शिक्षण परिसरों तक भावी पीढ़ी को बचाने समाज जागरण जरूरी : निंबाराम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने कहा कि नशे का प्रभाव अब केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। इसकी पहुंच छोटे कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों और शैक्षणिक परिसरों तक होना चिंता का विषय है। नशा व्यक्ति के साथ परिवार, सामाजिक शांति और आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करता है। इसलिए नशे के खिलाफ अभियान को केवल किसी संगठन की गतिविधि नहीं, बल्कि व्यापक समाज जागरण का विषय बनाना होगा।

निंबाराम रविवार को डॉक्टर हेडगेवार स्मृति सेवा प्रन्यास, जयपुर की ओर से आयोजित 'नशामुक्त परिवार, स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र' विषयक नशा मुक्ति अभियान कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति को लेकर यह शुरुआत है। आगे इसे समाज के विभिन्न वर्गों तक ले जाने के लिए व्यवस्थित योजना तैयार करनी होगी।

उन्होंने कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए उसका स्वस्थ होना जरूरी है। कुपोषण, शिक्षा और संस्कारों के अभाव जैसी चुनौतियों के साथ नशा भी समाज के सामने बड़ी समस्या है। नशे की कई आदतें लंबे समय से समाज में मौजूद हैं और कई बार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचती हैं। समय के साथ इनके स्वरूप और तरीके भी बदल रहे हैं।

## आदत से कब लत बन जाए, पता नहीं चलता

निंबाराम ने कहा कि नशे की शुरुआत कई बार सीमित प्रयोग या छोटी-सी आदत से होती है, लेकिन धीरे-धीरे यही आदत लत का रूप ले लेती है। व्यक्ति की नशे की तलब उसके व्यवहार और पारिवारिक जीवन को प्रभावित करने लगती है। आज नशे के कई रूप सामने हैं पीने, सूंघने, लगाने और इंजेक्शन के माध्यम से भी नशा किया जा रहा है। ऐसे में युवाओं और किशोरों को इसके प्रकार और दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि बड़े शहरों और उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ अब छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशे का प्रभाव दिखाई दे रहा है। इसे केवल वर्तमान की समस्या न मानकर आने वाली पीढ़ियों पर पड़ने वाले प्रभाव के रूप में देखना होगा। इस अवसर पर जैन संत उपाध्याय श्री 108 उर्जयन्तसागर जी महाराज ने कहा कि जरूरत केवल नशामुक्त होने की नहीं, बल्कि नशे से मुक्ति की है। नशा केवल पदार्थों का नहीं होता, वह ऐसी हर आदत है जो चरित्र, संस्कार, संस्कृति और व्यक्तित्व का घात करती है।

उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं से तय होता है और यदि युवा सुरक्षित, व्यवस्थित, संकल्पित और संगठित हों तो कोई देश को नीचे नहीं ला सकता। आज डिप्रेशन और ओवरथिंकिंग भी नशे की समस्या का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशे से मुक्ति केवल सरकार या संगठन की जिम्मेदारी नहीं, यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में नशे के प्रचलन और उसके दुष्प्रभावों से जुड़े अनुभव साझा किए तथा स्थानीय स्तर पर नशामुक्ति अभियान को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की।

## जबरदस्ती का विरोध करने पर महिला की हत्या

**जयपुर।** जयपुर के सांगानेर सदर थाना क्षेत्र में 6 दिन पहले महिला के ब्लाइंड मर्डर मामले में पुलिस ने रविवार शाम खुलासा किया। पुलिस ने महिला की हत्या कर भागे बदमाश को बारां से पकड़ा है। हत्या का आरोपी महिला को प्लॉट पर सफाई कराने के नाम पर मजदूरी के बहाने सुनसान जगह ले गया था। इसके बाद आरोपी ने रेप करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने पत्थर से महिला के सिर-मुंह पर हमला कर हत्या कर दी थी।

## सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ ने उपमुख्यमंत्री को दिया 'ब्रह्मशक्ति डांडिया' का निमंत्रण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित होने वाले 'ब्रह्मशक्ति डांडिया' कार्यक्रम के लिए राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को सादर आमंत्रित किया गया। महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से भेंट कर उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण दिया तथा आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करने का आग्रह किया। महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने ब्रह्मशक्ति डांडिया के आयोजन एवं इसकी तैयारियों के संबंध में भी जानकारी साझा की। निमंत्रण देने वाली कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष ममता शर्मा, संगठन महामंत्री डॉ. कविता शास्त्री, उपाध्यक्ष श्रद्धा शर्मा, कोषाध्यक्ष जया भट्ट, सौम्यता मिश्रा, निमिषा मिश्रा, आकृति शर्मा, स्नेहा शर्मा, सलोनी शर्मा एवं वर्षा शर्मा उपस्थित रहीं। जिलाध्यक्ष ममता शर्मा ने बताया कि ब्रह्मशक्ति डांडिया का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच पर जोड़ते हुए भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। महिला प्रकोष्ठ की पूरी टीम आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटी हुई है। महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को पुष्पगुच्छ एवं कार्यक्रम का निमंत्रण देकर उनका अभिनंदन किया और कार्यक्रम में पधारने का अनुरोध किया।


जागरूक टाइम्स

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710

+91-9587022840

+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-6766677

Email :- jtjaipur@gmail.com


## मंदिर में घुसकर पुजारी को पीटा, जमीन पर गिराकर लात घूंसे बरसाए, तेज आवाज में भजन बजाने पर हुआ विवाद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर में मंदिर में घुसकर पुजारी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। मंदिर में पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान चल रहा था। तेज आवाज में भजन बजाने पर पड़ोसी युवक पहुंचा। आवाज कम करने को लेकर पुजारी से विवाद हो गया। इस पर युवक ने पुजारी रामकृष्ण को जमीन पर गिराकर लात-घूंसे मारे। मारपीट के दौरान पुजारी के कपड़े फट गए। बाद में लोगों ने बीच-बचाव कर पुजारी को छुड़ाया। पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। मामला शुक्रवार शाम करीब 7.45 बजे निवारू रोड के गणेश नगर मेन के शिव मंदिर का है। करधनी थाने के थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया- गणेश नगर मेन निवासी पंडित रामकृष्ण की रिपोर्ट पर आरोपी हरिश और देवांश को शांतिभंग के आरोप में अरेस्ट किया गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर रविवार को करधनी थाने के बाहर प्रदर्शन किया। थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि पंडित रामकृष्ण ने शनिवार को मामला दर्ज करवाया। जिसमें उन्होंने बताया कि गणेश नगर मेन में वे शिव मंदिर के पुजारी हैं। म्यूजिक की आवाज को लेकर पड़ोसी परिवार के हरिश चतुर्वेदी, देवांश और रितु ने झगड़ा किया। भक्तों की मौजूदगी में आरोपी ने मुझे पीटा। वहीं थाने में आरोपी परिवार की ओर से भी क्रॉस एफआईआर दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने आरोपी हरिश और देवांश को शांतिभंग के आरोप में अरेस्ट कर लिया है।


RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

RISING RAJASTHAN
REPLETE • RESPONSIBLE • READY

### प्रत्यक्ष आवंटन योजना - 2025

राइज़िंग राजस्थान के अन्तर्गत MoU करने वाले निवेशकों के लिए भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर

**औद्योगिक एवं नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्डों का प्रत्यक्ष आवंटन**

**14 वां चरण**

**ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक 28.09.2026 (प्रात: 10:00 बजे) से 12.10.2026 (सायं 6 बजे) तक आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।**

EMD की अन्तिम तिथि: 12 अक्टूबर, 2026 (सायं 6 बजे तक)

ई-लॉटरी: 15 अक्टूबर, 2026

| | |
|---|---|
| 94 | औद्योगिक क्षेत्र |
| 4,729 | कुल औद्योगिक भूखण्ड |
| 4,116 | अनारक्षित भूखण्ड |
| 27 | लॉजिस्टिक भूखण्ड |

विभिन्न श्रेणियों / वर्गों के लिए आरक्षित भूखंड

| | |
|---|---|
| 168 | अनुसूचित जाति/जनजाति |
| 167 | महिला वर्ग |
| 95 | भूतपूर्व सैनिक |
| 124 | बेंचमार्क दिव्यांगता |
| 59 | सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक के आश्रित |

फ्लेक्सिबल लीज पॉलिसी के अनुसार निर्धारित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड का आवंटन आरक्षित दर की 60 प्रतिशत दर पर 33 वर्ष की लीज अवधि के लिए किया जाएगा

**आवंटन की प्रक्रिया**

एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन। भूखण्ड का आवंटन एमओयू धारक के नाम पर ही जारी किया जाएगा।

**EMD -** भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की **5 प्रतिशत** राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाइन जमा।

**पात्रता** - निवेशक जिन्होंने **EMD की अन्तिम तिथि तक** राइजिंग राजस्थान के अन्तर्गत राज्य सरकार के साथ एमओयू किये हैं, वह सभी इस योजना में भूखण्ड आवंटन के लिए पात्रता रखते है।

आवेदन हेतु स्केन करें

**भूखण्ड की राशि का भुगतान**

25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान नियमानुसार त्रैमासिक किस्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

या

औद्योगिक भूखण्डों के लिए रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

इस योजना के तहत भूखण्ड देखने या आवेदन करने के लिए **https://riico.rajasthan.gov.in** पर दिए गए Direct Land Allotment लिंक पर क्लिक करें या **riicoerp.industries.rajasthan.gov.in/DirectLand** पर विजिट करें

**राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
**उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005**

हैल्पलाइन नंबर : 0141 4593250, 4593237 | वाट्सएप : +91 90013 06515 | ई-मेल : riico@riico.co.in
riico.rajasthan.gov.in · riicogis.rajasthan.gov.in/riicogiscitizen

राज.संवाद/सी/26/10747



THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY. THIS IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE FOR UNITS OR SECURITIES NOR IS IT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA. INITIAL PUBLIC OFFERING OF EQUITY SHARES ON THE MAIN BOARD OF THE BSE LIMITED ("BSE") AND NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED ("NSE", AND TOGETHER WITH WITH "BSE", THE "STOCK EXCHANGES") IN COMPLIANCE WITH CHAPTER II OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY, OUTSIDE INDIA

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

(Please scan the QR Code to view the DRHP and the Draft Abridged Prospectus)

UVIE

# ULTRAVIBRANT INTEGRATED ENERGY LIMITED

*(formerly known as Ultravibrant Solar Energy Limited and prior to that Ultravibrant Solar Energy Private Limited)*

Our Company was incorporated as *"Ultravibrant Solar Energy Private Limited"* on June 24, 2019 as a private limited company under the Companies Act, 2013, pursuant to a certificate of incorporation issued by the Registrar of Companies, Central Registration Centre. Thereafter, our Company was converted to a public limited company, approved by our Shareholders' vide special resolution dated January 6, 2026, pursuant to which the name of our Company was changed to *"Ultravibrant Solar Energy Limited"* and a fresh certificate of incorporation consequent upon change of name on conversion to public limited company was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre, Manesar, Haryana, India dated January 16, 2026. Thereafter, the name of our Company was changed to *"Ultravibrant Integrated Energy Limited"* as approved by our Shareholders' vide special resolution dated February 13, 2026, and a fresh certificate of incorporation pursuant to change of name was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre, Manesar, Haryana, India dated February 19, 2026. For details in relation to the changes in the registered office of our Company, please see ***"History and Certain Corporate Matters- Changes in the Registered Office of our Company"*** on page 266 of the Draft Red Herring Prospectus dated September 24, 2026 (the "**DRHP**" or the "**Draft Red Herring Prospectus**").

**Registered and Corporate Office:** Plot No. F-20(A), Malviya Nagar Industrial Area, Malviya Nagar, Jaipur- 302017, Rajasthan, India
**Contact Person:** Eshita Dixit, Company Secretary and Compliance Officer; **Telephone:** +91 92516 11700; **Email:** investor@vibrantsolar.in; **Website:** www.vibrantsolar.in
**Corporate Identity Number:** U42201RJ2019PLC065423

**OUR PROMOTER: RAJESHWER SINGH**

**INITIAL PUBLIC OFFERING OF UP TO 1,45,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH ("EQUITY SHARES") OF ULTRAVIBRANT INTEGRATED ENERGY LIMITED ("COMPANY") FOR CASH AT A PRICE OF ₹[●] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹[●] PER EQUITY SHARE) ("OFFER PRICE") AGGREGATING UP TO ₹[●] LAKHS (THE "OFFER") COMPRISING A FRESH ISSUE OF UP TO 1,20,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH AGGREGATING UP TO ₹[●] LAKHS BY OUR COMPANY ("FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF UP TO 25,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH ("OFFERED SHARES") AGGREGATING UP TO ₹[●] LAKHS BY RAJESHWER SINGH (THE "PROMOTER SELLING SHAREHOLDER", AND SUCH EQUITY SHARES OFFERED BY THE PROMOTER SELLING SHAREHOLDER, THE "OFFERED SHARES") (SUCH OFFER FOR SALE BY THE PROMOTER SELLING SHAREHOLDER, THE "OFFER FOR SALE" AND TOGETHER WITH THE FRESH ISSUE, "THE OFFER"). THE OFFER WILL CONSTITUTE [●] % OF OUR POST-OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**OUR COMPANY, IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGER ("BRLM"), MAY CONSIDER A PRE-IPO PLACEMENT, PRIOR TO FILING OF THE RED HERRING PROSPECTUS. THE PRE-IPO PLACEMENT, IF UNDERTAKEN, WILL BE AT A PRICE TO BE DECIDED BY OUR COMPANY, IN CONSULTATION WITH THE BRLM. IF THE PRE-IPO PLACEMENT IS COMPLETED, THE AMOUNT RAISED PURSUANT TO THE PRE-IPO PLACEMENT WILL BE REDUCED FROM THE FRESH ISSUE, SUBJECT TO COMPLIANCE WITH RULE 19(2)(B) OF THE SECURITIES CONTRACTS (REGULATION) RULES, 1957 ("SCRR"). THE PRE-IPO PLACEMENT, IF UNDERTAKEN, SHALL NOT EXCEED 20% OF THE SIZE OF THE FRESH ISSUE. PRIOR TO THE COMPLETION OF THE OFFER, OUR COMPANY SHALL APPROPRIATELY INTIMATE THE SUBSCRIBERS TO THE PRE-IPO PLACEMENT, PRIOR TO ALLOTMENT PURSUANT TO THE PRE-IPO PLACEMENT, THAT THERE IS NO GUARANTEE THAT OUR COMPANY MAY PROCEED WITH THE OFFER OR THE OFFER MAY BE SUCCESSFUL AND WILL RESULT INTO LISTING OF THE EQUITY SHARES ON THE STOCK EXCHANGES. OUR COMPANY SHALL REPORT ANY PRE-IPO PLACEMENT TO THE STOCK EXCHANGES, WITHIN 24 HOURS OF SUCH PRE-IPO PLACEMENT (IN PART OR IN ENTIRETY). FURTHER, RELEVANT DISCLOSURES IN RELATION TO SUCH INTIMATION TO THE SUBSCRIBERS TO THE PRE-IPO PLACEMENT (IF UNDERTAKEN) SHALL BE APPROPRIATELY MADE IN THE RELEVANT SECTIONS OF THE RED HERRING PROSPECTUS AND PROSPECTUS.**

**THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE IS ₹10 EACH AND THE OFFER PRICE IS [●] TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. THE PRICE BAND AND THE MINIMUM BID LOT WILL BE DECIDED BY OUR COMPANY IN CONSULTATION WITH THE BRLM AND WILL BE ADVERTISED IN ALL EDITIONS OF [●] (A WIDELY CIRCULATED ENGLISH NATIONAL DAILY NEWSPAPER), [●] EDITIONS OF [●] (A WIDELY CIRCULATED HINDI NATIONAL DAILY NEWSPAPER, HINDI ALSO BEING THE REGIONAL LANGUAGE OF JAIPUR, RAJASTHAN WHERE OUR REGISTERED AND CORPORATE OFFICE IS LOCATED), AT LEAST TWO WORKING DAYS PRIOR TO THE BID/ OFFER OPENING DATE AND SHALL BE MADE AVAILABLE TO THE STOCK EXCHANGES FOR UPLOADING ON THEIR RESPECTIVE WEBSITES IN ACCORDANCE WITH THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED ("SEBI ICDR REGULATIONS").**

In case of any revision in the Price Band, the Bid/Offer Period will be extended by at least three additional Working Days after such revision in the Price Band, subject to the Bid/Offer Period not exceeding 10 Working Days. In cases of force majeure, banking strike or similar unforeseen circumstances, our Company, in consultation with the BRLM, may for reasons to be recorded in writing, extend the Bid/Offer Period for a minimum of one Working Day, subject to the Bid/ Offer Period not exceeding 10 Working Days. Any revision in the Price Band and the revised Bid/Offer Period, if applicable, shall be widely disseminated by notification to the Stock Exchanges, by issuing a public notice, and also by indicating the change on the website of the BRLM and at the terminals of the Syndicate Members and by intimation to the Designated Intermediaries and the Sponsor Banks, as applicable.

This Offer is being made in terms of Rule 19(2)(b) of the SCRR, read with Regulation 31 of the SEBI ICDR Regulations. The Offer is being made through the Book Building Process and is in compliance with Regulation 6(2) of the SEBI ICDR Regulations, wherein in terms of Regulation 32(2) of the SEBI ICDR Regulations, not less than 75% of the Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("**QIBs**") ("**QIB Portion**"), provided that our Company, in consultation with the BRLM, may allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations ("**Anchor Investor Portion**"), out of which 40% of the Anchor Investor Portion shall be available for allocation as follows: 33.33% shall be available for allocation to domestic Mutual Funds, and (ii) 6.67% shall be available for allocation to life insurance companies registered with the Insurance Regulatory and Development Authority of India under the provisions of the Insurance Act, 1938 and pension funds registered with the Pension Fund Regulatory and Development Authority under the provisions of the Pension Fund Regulatory and Development Authority Act, 2013, subject to valid Bids being received from them, at or above the Anchor Investor Allocation Price. Any undersubscription in the reserved category for life insurance companies and pension funds may be allocated to the domestic Mutual Funds. In the event of under-subscription, or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the QIB Portion (other than Anchor Investor Portion) ("**Net QIB Portion**"). Further, 5% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIBs (other than Anchor Investors), including Mutual Funds, subject to valid Bids being received from them at or above the Offer Price. If at least 75% of the Offer cannot be Allotted to QIBs, then the entire Bid Amount will be refunded forthwith. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, not more than 15% of the Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders ("**Non-Institutional Portion**"), of which one-third of the Non-Institutional Portion shall be reserved for Bidders with an application size of more than ₹2,00,000 and up to ₹10,00,000 and two-thirds of the Non-Institutional Portion shall be reserved for Bidders with an application size exceeding ₹10,00,000 and under-subscription in either of these two sub-categories of the Non-Institutional Portion may be allocated to Bidders in the other sub-category of the Non-Institutional Portion in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. Further, not more than 10% of the Offer shall be available for allocation to Retail Individual Bidders ("**Retail Portion**") in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received from them at or above the Offer Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) are mandatorily required to participate in the Offer through the Application Supported by Blocked Amount ("**ASBA**") process by providing details of their respective ASBA account and UPI ID (as defined hereinafter) in case of UPI Bidders (as defined hereinafter) using the UPI Mechanism, as applicable, pursuant to which the Bid Amount will be blocked by the Self Certified Syndicate Banks ("**SCSBs**") or by the Sponsor Bank(s) under the UPI Mechanism, as the case may be. Anchor Investors are not permitted to participate in the Offer through the ASBA Process. For further details, please see ***"Offer Procedure"*** on page 493 of the Draft Red Herring Prospectus.

This public announcement is being made in compliance with the provisions of Regulation 26(2) of the SEBI ICDR Regulations to inform the public that the Company is proposing to undertake, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, an initial public offering of its Equity Shares pursuant to the Offer and has filed the DRHP along with Draft Abridged Prospectus dated September 24, 2026 with Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**") and with the Stock Exchanges.

Pursuant to Regulation 26(1) of the SEBI ICDR Regulations, the DRHP along with Draft Abridged Prospectus filed with SEBI shall be made available to the public for comments, if any, for period of at least 21 days, from the date of such filing by hosting it on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e., BSE at www.bseindia.com, NSE at www.nseindia.com where the equity shares are proposed to be listed, the website of the Book Running Lead Manager ("**BRLM**"), i.e., Beeline Capital Advisors Private Limited at www.beelinemb.com and the website of the Company at www.vibrantsolar.in. The Company hereby invites the members of the public to give their comments on the DRHP along with Draft Abridged Prospectus filed with SEBI and the Stock Exchanges with respect to disclosures made in the DRHP along with Draft Abridged Prospectus. The members of the public are requested to send a copy of their comments to SEBI and/or to the Company Secretary and Compliance Officer of the Company and/or the BRLM at their respective addresses mentioned herein. All comments must be received by SEBI and/or the Company and/or the BRLM and/or the Company Secretary and Compliance Officer of the Company at their respective addresses mentioned herein in relation to the Offer on or before 5:00 p.m. on the 21st day from the date of publication of this public announcement.

Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Offer unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this Offer. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Offer, including the risks involved. The Equity Shares in the Offer have not been recommended or approved by the SEBI, nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the Draft Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to ***"Risk Factors"*** on page 25 of the DRHP.

Any decision to invest in the Equity Shares described in the DRHP may only be made after the red herring prospectus ("**Red Herring Prospectus**") has been filed with the Registrar of Companies, Rajasthan at Jaipur ("**RoC**") and must be made solely on the basis of such Red Herring Prospectus as there may be material changes in the Red Herring Prospectus from the DRHP.

The Equity Shares, when offered, through the Red Herring Prospectus, are proposed to be listed on the Stock Exchanges.

For details of the main objects of the Company as contained in its Memorandum of Association, see ***"History and Certain Corporate Matters"*** on page 266 of the DRHP.

The liability of the members of the Company is limited. For details of the share capital, capital structure of the Company and the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares subscribed by them see ***"Capital Structure"*** on page 93 of the DRHP.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER | REGISTRAR TO THE OFFER |
|---|---|
| BEELINE Capital Advisors Pvt. Ltd. | MUFG MUFG Intime |
| **Beeline Capital Advisors Private Limited**<br>B/1311-1314, 13th Floor, Shilp Corporate Park, Rajpath Rangoli Road, Thaltej, Ahmedabad- 380054, Gujarat, India<br>**Telephone:** +91 79 49185784; **Email:** mb@beelinemb.com<br>**Contact person:** Nikhil Shah; **Website:** www.beelinemb.com<br>**Investor grievance email:** ig@beelinemb.com<br>**SEBI registration number:** INM000012917 | **MUFG Intime India Private Limited** ***(formerly Link Intime India Private Limited)***<br>C-101, Embassy 247, L.B.S. Marg, Vikhroli (West), Mumbai- 400083, Maharashtra, India<br>**Telephone:** +91 810 811 4949; **Email:** ultravibrant.ipo@in.mpms.mufg.com<br>**Contact person:** Shanti Gopalkrishnan; **Website:** www.in.mpms.mufg.com<br>**Investor grievance email:** ultravibrant.ipo@in.mpms.mufg.com<br>**SEBI registration number:** INR000004058 |

**COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER**

**Eshita Dixit**
Plot No. F-20(A), Malviya Nagar Industrial Area, Malviya Nagar, Jaipur- 302017, Rajasthan, India
**Telephone:** +91 92516 11700; **Email:** investor@vibrantsolar.in; **Website:** www.vibrantsolar.in

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the DRHP

For **ULTRAVIBRANT INTEGRATED ENERGY LIMITED**
***(formerly known as Ultravibrant Solar Energy Limited and prior to that Ultravibrant Solar Energy Private Limited)***
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
**Eshita Dixit**
**Company Secretary and Compliance Officer**

Date : September 26, 2026
Place : Jaipur, Rajasthan

**ULTRAVIBRANT INTEGRATED ENERGY LIMITED** ***(formerly known as Ultravibrant Solar Energy Limited and prior to that Ultravibrant Solar Energy Private Limited)*** is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offer of its Equity Shares and has filed the DRHP along with the Draft Abridged Prospectus dated September 24, 2026 with SEBI and the Stock Exchanges. The DRHP along with the Draft Abridged Prospectus shall be available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges i.e., BSE at www.bseindia.com, NSE at www.nseindia.com, the website of the BRLM, i.e. Beeline Capital Advisors Private Limited at www.beelinemb.com and the website of the Company at www.vibrantsolar.in. Potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risk, see the section titled ***"Risk Factors"*** on page 25 of the DRHP. Potential investors should not rely on the DRHP or the Draft Abridged Prospectus filed with SEBI and Stock Exchanges and should rely on the RHP, for making investment decision.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Offer have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended ("U.S. Securities Act"), or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and in accordance with any applicable U.S. state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold only outside the United States in "offshore transactions" as defined in, and in reliance on, Regulation S under the U.S. Securities Act and applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. Any public offering of securities to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the issuer or the selling security holder and that will contain detailed information about the company and management, as well as financial statements. No public offering or sale of securities in the United States is contemplated. The Equity Shares have not been and will not be registered, listed or otherwise qualified in any other jurisdiction outside India and may not be issued or sold except in compliance with the applicable laws of such jurisdiction.

KIRIN

## जिला सिंधी महापंचायत की बैठक में समाजहित के महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन

### महिला सशक्तिकरण, मातृभाषा एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता पर दिया जोर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** रविवार को जिला सिंधी महापंचायत की एक बैठक सिंधी मंदिर नोहर में जिलाध्यक्ष हरीश कुमार वाधवानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नोहर, भादरा, ऐलनाबाद एवं रावतसर सहित जिले की विभिन्न सिंधी पंचायतों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बैठक के दौरान समाज की वर्तमान परिस्थितियों एवं भविष्य की दिशा को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों एवं सामाजिक बुराइयों से बचाव, युवाओं को संस्कारों से जोडने, सिंधी मातृभाषा के संरक्षण एवं संवर्धन तथा समाज की समृद्ध परंपराओं और रीति-रिवाजों को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।

वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बैठक में शीघ्र ही महिला सशक्तिकरण को समर्पित विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर नोहर नगरपालिका के नव निर्वाचित पार्षद अभिषेक बचवानी एवं सुनील कार्या का जिला सिंधी महापंचायत की ओर से सम्मान किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने दोनों नवनिर्वाचित पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

बैठक में सिंधी समाज की एकता, संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने तथा समाज की भाषा, संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखने को लेकर सभी ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

बाबा साहब बुलचंद भागवानी, पूज सिंधी पंचायत अध्यक्ष रमेश वाधवानी, झमूमल जगवानी, ईश्वर दास टिंडवानी, रमेश कुमार धर्मचंदानी, रामचंद्र रेलवानी, गुलाब राय, देवेंद्र कुमार लखीसरानी, मोहनलाल मलगनी, लालचंद गंगवानी, मंगाराम पेसवानी, हेमंत कुमार खेमनानी, गणेश कुमार मंघनानी, गोपी किशन भागवानी, कुंदन लाल सोनी, सुनील कुमार कार्या, ओम प्रकाश लालवानी, विमल कुमार गुरनानी, राजकुमार मोटवानी, दिलीप कुमार दरयानी, दुलीचंद गिदवानी, राजकुमार बचवानी, गोवर्धन दास आलवानी, नारायण दास डातवानी, जितेंद्र कुमार मोतियानी, देवीलाल मूलचंदानी, राजीव कुमार वाधवानी, राजकुमार लालवानी, मुकेश कुमार पेसवानी, टीकम दास मोटवानी, जगदीश प्रसाद वाधवानी, नरेश कुमार जाड़वानी, मुरलीधर भागवानी, धर्मपाल वाधवानी, महेश कुमार पेसवानी, अभिषेक बचवानी, अशोक कुमार बचवानी आदि पचंयात के सदस्यों व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## फतेहपुरिया परिवार द्वारा आरएसी कैंपस में बनवाए गए शेड का लोकार्पण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ के आरएसी परिसर में मुंबई प्रवासी सज्जन कुमार तारा देवी फतेहपुरिया द्वारा सवा लाख रुपए लागत से निर्मित सीमेंट ब्लॉक युक्त शेड का

लोकार्पण रविवार को किया गया। डी बटालियन तीसरी कंपनी के कमांडर रणवीर सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि युवा पार्षद अनुराग पूनियां तथा अन्य अतिथि गण अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति सरावगी, तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा मुसरफ पूर्व अध्यक्ष सरोज जैन एवं मृदुल अग्रवाल तथा हैदराबाद प्रवासी आशीष जैन थे। भाजपा युवा पार्षद अनुराग पूनियां ने फतेहपुरिया परिवार का आभार जताते हुए कहा कि सेवा कार्यों में राजगढ़ के प्रवासी श्रेष्ठी जनों की भूमिका उल्लेखनीय है जो नगर विकास तथा अन्य सेवा कार्यों में बहुत भागीदारी निभाते हैं। ज्योति सरावगी ने कहा कि निस्वार्थ भाव से सेवा कार्यों में अपना उपार्जित धन व्यय करने वाले सेवाभावी सभी के लिए गौरव होते हैं। प्रेरक एवं संयोजक श्याम जैन बताया कि गत वर्ष भी सज्जन कुमार तारादेवी परिवार द्वारा एक लाख रुपये एक लागत से वाटर कलर युक्त प्याऊ भी यहाँ बनवाई गई थी। बड़ी संख्या में राहगीर और आसपास के लोग प्याऊ का लाभ उठाते हैं। उन्होंने इस कार्य में सिपाही दिलबाग सिंह कि प्रयासों की भी सराहना की। कंपनी कमांडर रणवीर सिंह ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर आरएसी की ओर से प्रदत फतेहपुरिया परिवार का प्रशस्ति पत्र अतिथियों ने ग्रहण किया क्योंकि परिवार के सदस्य उपस्थित नहीं थे। तेरापंथ महिला मंडल की ओर से नव निर्वाचित पार्षद अनुराग पूनियां को धर्म दुपट्टा ओढ़ा कर तथा आरएसी की तरफ से सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कंपनी हवलदार मेजर मनोज कुमार, हैड कानिस्टेबल दयानंद व रामपाल सिंह सहित दिलबाग सिंह, सुरेश झाझडिया तथा कलावती आदि ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। उल्लेखनीय है कि आरएसी राजगढ़ कैंपस में प्रथम बार किसी दानदाता ने सहयोग करते हुए निर्माण कार्य करवाए हैं।

### अलवर को मिली सड़क कार्यों से लेकर ट्रेन ठहराव की सौगातें

# जिले में रेल एवं सडक सहित आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने किए जा रहे हैं सार्थक प्रयास : यादव

### सरकार द्वारा सडक़ सहित विभिन्न आधारभूत विकास कार्यों को दी जा रही है गति : शर्मा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को विभिन्न सौगातें दी, जिसमें 20 करोड रूपये की लागत से निर्मित होने वाली 18 किमी लम्बाई की कुशालगढ से थैंक्यू बोर्ड सडक का शिलान्यास एवं अलवर शहर में 1.20 करोड रूपये की लागत की 4 किमी लम्बाई की प्रतापबंध तिराया से मांच का तिराया तक निर्मित सडक का लोकार्पण किया तथा मालाखेडा रेलवे स्टेशन पर जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव के शुभारम्भ कार्यक्रम में शिरकत कर ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा चहुंमुखी विकास को प्राथमिकता में रखते हुए जिले में सडक़ नेटवर्क मजबूत करने की दिशा में निरन्तर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर सडक़ कनेक्टिविटी से आमजन एवं श्रृद्धालुओं के आवागमन को सुगमता होने के साथ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच बेहतर संपर्क मजबूत होता है। इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने के साथ-साथ सरिस्का में ट्यूरिज्म बढेगा, जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि भर्तृहरि धाम के विकास के साथ पाण्डुपोल हनुमान जी मंदिर व नीलकंठ महादेव मंदिर में आवागमन हेतु सडक निर्माण कार्य हो या सिलीसेढ झील को रामसर साइट का दर्जा देने जैसे कार्यों को आगे बढाया जा रहा है। मालाखेड़ा स्टेशन पर रानीखेत ट्रेन का ठहराव की क्षेत्रवासियों की लंबे समय की मांग पूर्ण होने के साथ आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र के नेतृत्व में अमृत भारत योजना के तहत अलवर में अलवर, राजगढ, गोविन्दगढ, खैरथल, खेडली रेलवे स्टेशनों का विकास कर यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार करते हुए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही है। इसी प्रकार खैरथल, अलवर, राजगढ रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव कराया गया है। केवल अलवर के कर्णपुरा रेलवे स्टेशन को बचाया गया है बल्कि वहां अब डबल मंजिल का नया रेलवे स्टेशन भी तैयार हो रहा है।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में अलवर जिले के सर्वांगीण विकास करने के साथ-साथ आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सडक़, रेल सहित विभिन्न आधारभूत विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रताप बांध तिराहा से मांच का तिराहा सडक़ के लोकार्पण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं कुशालगढ़ से थैंक यू बोर्ड सडक़ के निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी और अधिक सुदृढ़ होगी एवं महाराज भर्तृहरि एवं पाण्डुपोल हनुमानजी महाराज के दर्शन करने जाने वाले श्रृद्धालुओं का आवागमन में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि ढाईपेडी से नटनी का बारां तक की स्वीकृत सडक का कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ होगा। कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की गई है। पाण्डुपोल हनुमान जी जाने के लिए सदर गेट से पाण्डुपोल व कालीघाटी से टहला गेट सडक को 25 करोड रूपये की लागत से इंटरलॉकिंग सडक के रूप में स्वीकृति जारी की गई है जो यथाशीघ्र बनेगी।

## 'बढ़ते कदम' की तैयारियों को लेकर विशेष बैठक संपन्न

**झुंझुनूं।** एसएमएल अलुमनी मीट 2026-बढ़ते कदम के भव्य आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने तथा सूरत में पूर्व विद्यार्थियों के साथ महत्वपूर्ण रणनीति बनाने के उद्देश्य से एसएमएल अलुमनी की टीम सूरत प्रवास पर रही। इस दौरान घुड़दौड़ रोड स्थित अग्रवाल समाज भवन में अलुमनी से जुड़े पूर्व छात्रों की एक विशेष समीक्षा बैठक हुई। कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों की समीक्षा के लिए एसएमएल अलुमनी के अध्यक्ष श्रवण केजड़ीवाल एवं सह-सचिव डॉ. डीएन तुलस्यान विशेष रूप से सूरत पहुंचे। बैठक में सेठ मोतीलाल कॉलेज के प्रमुख पूर्व विद्यार्थियों-संजय जालान, कैलाश हाकिम, सीए संजय जगनानी, संजय गाडिया, मधु केडिया, राजेश टीबड़ेवाला एवं महेंद्र गाडिया सहित अनेक गणमान्य साथियों ने भाग लिया।

## कुलगुरु प्रो.नरसी राम बिश्नोई से की राज्यपाल हरिभाऊ बागडे राजस्थान से शिष्टाचार भेंट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के नव-नियुक्त कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् आज राज्यपाल सचिवालय, लोकभवन, जयपुर में राज्यपाल, राजस्थान हरिभाऊ बागडे से शिष्टचार मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी राजकुमार सागर भी उपस्थित रहे।

कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित वर्तमान गतिविधियों से अवगत कराते हुए राज्यपाल के समक्ष अपनी आगामी कार्ययोजना की प्राथमिकता प्रस्तुत की। प्रो. बिश्नोई ने विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय के नवीन विभागों की स्वीकृति के साथ-साथ रिक्त शैक्षणिक पदों को भरने के संबंध में भी राज्यपाल को अवगत कराया। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में एम.पी.ई.एड. की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण इस क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अन्यत्र जा रहे है। राज्यपाल से इस क्षेत्र के खिलाडियों की बहु-प्रतीक्षित मांग को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग में एम.पी.ई.एड. और बी.पी.एड. पाठ्यक्रम की स्वीकृति हेतु राजस्थान सरकार को निर्देशित करने का आग्रह किया। प्रो. बिश्नोई ने राज्यपाल को बताया कि आगामी समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में नवीन रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाएगे जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण भी अनिवार्य होगा।

## नगर परिषद में नवनिर्वाचित पार्षद चार सदस्यों का लॉयंस क्लब झुंझुनूं ने किया स्वागत एवं अभिनंदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं द्वारा नगर परिषद झुंझुनूं के हाल ही में संपन्न चुनावों में जीत दर्ज कर पार्षद बने अपने चार लॉयन सदस्यों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। क्लब के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि इसके सक्रिय सदस्य अब नगर परिषद में जनसेवा का दायित्व संभालेंगे। यह अभिनंदन समारोह शनिवार को शाम बगड़ रोड स्थित पंसारी लॉयंस अस्पताल के सभागार में आयोजित क्लब की विशेष बैठक के दौरान अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह से पूर्व क्लब बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान ने अपने स्वागत उद्बोधन के साथ सभा का औपचारिक शुभारंभ किया। इसके पश्चात,

पिछली सभा की कार्यवाही विवरण सचिव एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार ने प्रस्तुत की तथा आय-व्यय का विवरण कोषाध्यक्ष भागीरथप्रसाद जांगिड़ द्वारा सदन के समक्ष रखा गया। समारोह के दौरान नगर परिषद चुनाव में विजयी रहे चार जनप्रतिनिधियों लॉयन प्रमोद जानूं, लॉयन एमजेएफ उमर कुरैशी, लॉयन हरिश तुलस्यान तथा लॉयन रवि गुप्ता का साफा एवं दुपट्टा ओढ़ाकर, माल्यार्पण तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर सार्वजनिक रूप से भव्य सम्मान किया गया। लॉयंस क्लब झुंझुनू के अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान तथा सचिव एमजेएफ लॉयन रघुनाथ प्रसाद पोद्दार ने कहा कि सदस्यों का जनप्रतिनिधि के रूप में चुना जाना पूरे क्लब परिवार के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम संयोजक एमजेएफ लॉयन नरेन्द्र व्यास ने बताया कि झुंझुनू शहर के समग्र विकास और जनसेवा के कार्यों में लायंस क्लब एवं नगर परिषद के बीच परस्पर सहयोग को लेकर भी बैठक में गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल, तथा पूर्व अध्यक्ष कैलाशचंद्र सिंघानिया सहित अन्य गणमान्य जनों ने भी संबोधित किया। इस मौके पर आगामी 2 अक्टूबर से शुरू होने वाले साप्ताहिक सेवा कार्यों के लिए सदस्यों द्वारा मुक्तहस्त से सहयोग राशि देने की घोषणा की गई।

# गैर औद्योगिक बहुमंजिला भवनों के लिए बेटरमेंट लेवी जमा कराने में मिली बड़ी सुविधा

### अब आठ किस्तों में जमा की जा सकेगी राशि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** गैर औद्योगिक भूखण्ड पर बहुमंजिला भवनों के निर्माण के लिए बेटरमेंट लेवी जमा कर भूखण्डों में देय से अधिक निर्माण किये जाने का रीको द्वारा नियमों में प्रावधान दिया गया है। जिससे निर्माणकर्ता भूखण्ड पर नियमानुसार यथाउचित निर्माण कर भूखण्ड का अधिकाधिक उपयोग कर सकता है।

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

रीको ने बहुमंजिला गैर औद्योगिक भवनों में अधिकाधिक निर्माण को प्रोत्साहित करने हेतु तथा निर्माण कार्य के दौरान बेहतर वित्तीय प्रबन्धन हेतु, देय बेटरमेंट लेवी के भुगतान से संबंधित नियमों का सरलीकरण किया है। संशोधित व्यवस्था के अनुसार जिन भूखण्डों पर बहुमंजिला भवन प्रस्तावित हैं, उन पर देय बेटरमेंट लेवी की राशि अब निर्धारित समयावधि में आठ किस्तों में जमा करवाई जा सकेगी। जो कि पूर्व में पांच किस्तों में जमा करने का प्रावधान था। रीको के नवीन संशोधन के तहत गैर औद्योगिक बहुमंजिला भवनों के भवन मानचित्र स्वीकृति जारी होने से पूर्व प्रथम किस्त के रूप में बेटरमेंट लेवी की राशि का 1 प्रतिशत तथा लागू 100 प्रतिशत जीएसटी जमा करवाना होगा। इसके बाद शेष बेटरमेंट लेवी की राशि को छः माही किस्तों में जमा कराया जा सकेगा। 6 किस्त 15 प्रतिशत की तथा अंतिम किस्त 9 प्रतिशत की होगी।

## नवनिर्वाचित चेयरमैन सोनिया जिंद का किया नागरिक अभिनंदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुलताना।** कस्बे की नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष सोनिया जिंद का नागरिक अभिनंदन किया गया। किशोरपुरा रोड स्थित अल्फलाह एकेडमी में लोहार जमात फाउंडेशन की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में सोनिया जिंद का सम्मान किया गया। समारोह में सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरजीत ओला ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में इंद्र सिंह लाम्बा, निरंजन सिंह, गिडानिया ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंघन महला सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। समारोह के दौरान लोहार जमात फाउंडेशन की ओर से सुलताना नगरपालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोनिया जिंद का अभिनंदन किया गया। इस दौरान नगर पालिका के नवनिर्वाचित पार्षदों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में झुंझुनूं नगर परिषद के नवनिर्वाचित सभापति अब्दुल्ला अगवान और उपसभापति वीरेंद्र डारा का भी सम्मान किया गया। आयोजकों ने सभी जनप्रतिनिधियों को साफा एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया और क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की शुभकामनाएं दी। समारोह में वक्ताओं ने सोनिया जिंद को सुल्ताना नगर पालिका की नई अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नगर पालिका क्षेत्र के विकास, मूलभूत सुविधाओं और आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए काम किया जाएगा।

सोनिया जिंद ने नागरिक अभिनंदन के लिए आयोजकों और समाज के लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका के पार्षदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, लोहार जमात फाउंडेशन के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर नशामुक्ति, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश

**झुंझुनूं।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित माय भारत केंद्र झुंझुनूं तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग झुंझुनूं द्वारा आयोजित नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत मेरा स्वास्थ्य, मेरा गर्व कार्यक्रम के अंतर्गत सावित्री बाई फूले गर्ल्स छात्रावास झुंझुनूं में हेल्थ कैंप एवं अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि कार्यक्रम में बीडीके हॉस्पिटल से मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. कपूर थालौर, डॉ. तुलसी शर्मा उपस्थित रहे। चिकित्सकों द्वारा युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा बीएमआई (बीएमआई) की जांच कर स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित आवश्यक जानकारी और सुझाव दिए गए। इस अवसर पर डॉ. कपूर थालोर ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने तनाव कम करने के लिए सकारात्मक सोच रखने, अपनी समस्याएं परिवार या विश्वसनीय लोगों के साथ साझा करने तथा नियमित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। वहीं डॉ. तुलसी ने युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और अवसाद के शुरूआती लक्षणों को पहचानकर समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेने पर जोर दिया। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने युवाओं को माय भारत के उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के बारे में भी जानकारी देते हुए युवाओं से इसमें सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने कहा कि स्वस्थ युवा ही स्वस्थ समाज और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वास्थ्य, खेल, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में माय भारत स्वयंसेवक विपिन, विक्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। जिसमें सभी ने नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ नशामुक्ति, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।

### युवाओं को स्वस्थ आदतें अपनाने और नशे से दूर रहने का संदेश

**झुंझुनूं।** बीडीके जिला चिकित्सालय झुंझुनूं में रविवार को मेरा स्वास्थ्य, मेरा गर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वस्थ आदतें, स्वस्थ जीवनशैली एवं नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में युवाओं को स्वस्थ खान-पान, पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित शारीरिक गतिविधि एवं स्वस्थ दिनचर्या के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही लंबाई, वजन, बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), हीमोग्लोबिन (एचबी) सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। नशामुक्त जीवनशैली को लेकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव 2026 'अग्र उड़ान' का आयोजन 8 से 11 अक्टूबर तक

### विविध कार्यक्रम, खेलकूद, प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह होगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं द्वारा भगवान श्री अग्रसेन महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में अग्रसेन जयंती महोत्सव 2026 अग्र उड़ान का चार दिवसीय आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के तहत 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे।

महोत्सव की शुरुआत 8 अक्टूबर को सुबह 8 बजे अग्रसेन भवन झुंझुनूं में अग्र ध्वजारोहण के साथ होगी। इसके बाद सुबह नौ बजे चुड़ैला में क्रिकेट प्रतियोगिता तथा शाम 4 बजे बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। समिति अध्यक्ष गणेश हलवाई ने बताया कि अगले दिन नौ अक्टूबर को अग्रसेन भवन में महिलाओं

द्वारा बालक-बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें क्रिएशन विद क्रोशिया, बधाई मेकिंग, लिखित प्रश्नोत्तरी, टैलेंट हंट एवं गेदरिंग गेम्स शामिल हैं। इसी दिन सायं 7 बजे अग्रसेन भवन में प्रश्न मंच का आयोजन होगा तथा साथ ही अग्र प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

इसके अलावा नगर परिषद चुनाव में विजयी अग्र बंधुओं का अभिनंदन एवं नगर परिषद चुनाव में भाग लेने वाले अग्र बंधुओं का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के तीसरे दिन 10 अक्टूबर को मुकुंद सेवा सदन में श्री अग्रसेन मेला आयोजित किया जाएगा। वहीं मुकुंद सेवा सदन हॉल में विभिन्न विद्यालयों के बालक-बालिकाओं द्वारा पेपर बैग एवं फनी गेम्स का आयोजन किया जाएगा। सायं 7 बजे अग्रसेन भवन में सुपर स्टार एटीज धमाल कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के आखिरी दिन 11 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में सायं 6.30 बजे मुख्य समारोह का शुभारंभ होगा। इसमें विभिन्न स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजकों, प्रायोजकों एवं दान-दाताओं का अभिनंदन एवं सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अग्र प्रसाद का आयोजन भी होगा। अग्रवाल समाज समिति के अनुसार महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में मुख्य संयोजक पुरुषोत्तम केडिया व अन्य रहेंगे।

# गणेशोत्सव बाद समुद्र तटों पर स्वच्छता अभियान

जागरूक टाइम्स संवादाता

**मुंबई।** हर साल की तरह इस साल भी गणेशोत्सव के बाद मुंबई के समुद्र तटों पर जमा हुए कचरे और प्लास्टिक को हटाने के लिए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों और नागरिकों की ओर से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। गिरगांव, दादर और जुहू चौपाटी पर आयोजित इन अभियानों में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर समुद्र किनारे जमा कचरे को साफ किया। दादर चौपाटी पर 'द बेटर इंडिया' और 'बीच वॉरियर्स' के संयुक्त प्रयास से स्वच्छता अभियान चलाया गया। कुशियान फाउंडेशन और सामाजिक कार्यकर्ता चिनू क्वात्रा के साथ बड़ी संख्या में स्वयंसेवक इस अभियान में शामिल हुए। सुबह करीब 10 बजे के बाद स्वयंसेवकों ने समुद्र किनारे फैले प्लास्टिक, बोतलों और अन्य कचरे को एकत्र कर परिसर की सफाई की। गणेश विसर्जन के बाद जुहू चौपाटी पर भी बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जेएनएम ट्रस्ट, एएसबीबी और जागृत के सहयोग से 'पोस्ट गणपति विसर्जन मेगा बीच क्लीनिंग अभियान' आयोजित किया गया। इसके अलावा 'सी शोअर शाइन 2026' संस्था की ओर से भी जुहू चौपाटी पर सफाई अभियान चलाया गया। वहीं, गिरगांव चौपाटी पर मुंबई महानगरपालिका के डी विभाग की ओर से समुद्र तट की सफाई की गई। गणेशोत्सव और विसर्जन के बाद समुद्र किनारों पर फूल, निर्माल्य, प्लास्टिक की थैलियां, बोतलें और अन्य प्रकार का कचरा बड़ी मात्रा में जमा हो गया था। स्वयंसेवकों और मनपा कर्मचारियों ने इस कचरे को एकत्र कर समुद्र तट को साफ किया।

### कचरा नहीं फैलाने की अपील

- स्वच्छता अभियानों के माध्यम से समुद्र तटों की सफाई में मदद मिल रही है, लेकिन केवल अभियान चलाने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। मनपा अधिकारियों ने नागरिकों से समुद्र किनारे कचरा नहीं फेंकने और प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करने की अपील की है। अधिकारियों के मुताबिक, समुद्र तटों की स्वच्छता बनाए रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नागरिकों की भी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## सी.पी. टैंक में गणेश विसर्जन पर भव्य सेवा मंडप

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** गणेश विसर्जन समारोह के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सी.पी. टैंक सर्कल, मुंबई में पूर्व विधायक एवं भाजपा महाराष्ट्र के प्रवक्ता अतुल शाह की ओर से शुक्रवार, 25 सितंबर को सुबह 11 बजे से भव्य सेवा मंडप का आयोजन किया गया। विसर्जन के लिए आने वाले गणेशभक्तों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के लिए मंडप में नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था की गई। दिनभर बड़ी संख्या में गणेशभक्तों एवं कार्यकर्ताओं ने इस सेवा उपक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा तथा दक्षिण मुंबई भाजपा अध्यक्ष शलाका ताई सालवी ने सेवा मंडप में पहुंचकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जयेश शाह, शिवशंकर शुक्ला, केतन बढेका, मनीष चौरसिया, प्रेम शर्मा, माधवबाग मंडल अध्यक्षा दीपाली मालुसरे, संतोष माने, बळवंत गायकवाड, अलका कुलथे, सुनीता कुलथे, स्वाती दमानिया, दीपिका दर्जी, गीता शर्मा, मनोज संघवी, राजेश चौरसिया, रूपचंद चौरसिया, डी.डी. शुक्ला, मुकेश मिश्रा, सुधीर चिंबुलकर, अनिल तिवारी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गणेश विसर्जन के लिए आने वाले नागरिकों को सेवा, सहयोग एवं आत्मीयता प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस उपक्रम को गणेशभक्तों एवं नागरिकों का उत्स्फूर्त प्रतिसाद मिला।

## गणेश मूर्तियों की संख्या में भारी कमी

**मुंबई।** मुंबई में 10 दिनों तक चले गणेशोत्सव के बाद अनंत चतुर्दशी के दिन गणराय को भावपूर्ण विदाई दी गई। शहर में घरों और सार्वजनिक गणेश मंडलों द्वारा स्थापित अधिकांश गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन अनंत चतुर्दशी के दिन किया गया। हालांकि, इस वर्ष सार्वजनिक गणेश मंडलों की प्रतिमाओं की संख्या में मामूली बढ़ोतरी हुई है, लेकिन घरेलू गणेश प्रतिमाओं की संख्या में बड़ी कमी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में मुंबई में कुल 2 लाख 9 हजार 21 गणेश प्रतिमाएं और गौरी-हरतालिका की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। वहीं, इस वर्ष कुल 1 लाख 99 हजार 185 प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। यानी पिछले वर्ष की तुलना में कुल संख्या में 9,836 की कमी दर्ज की गई है।

### किस दिन कितनी प्रतिमाओं का विसर्जन

गणेशोत्सव के दौरान अलग-अलग दिनों में भी बड़ी संख्या में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

- डेढ़ दिनः 62,762 प्रतिमाएं
- पांचवें दिनः 37,069 प्रतिमाएं
- छठे दिनः 44,286 प्रतिमाएं
- सातवें दिनः 18,828 प्रतिमाएं
- ग्यारहवें दिनः 36,240 प्रतिमाएं

### सार्वजनिक गणेश मंडलों की संख्या बढ़ी

- इस वर्ष सार्वजनिक गणेश मंडलों की प्रतिमाओं की संख्या में मामूली बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2025 में कुल 10,369 सार्वजनिक गणेश प्रतिमाएं थीं, जबकि वर्ष 2026 में यह संख्या बढ़कर 10,421 हो गई। यानी इस वर्ष सार्वजनिक गणेश प्रतिमाओं की संख्या में 52 की बढ़ोतरी हुई है। इसके विपरीत, घरेलू गणेश प्रतिमाओं की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिली। वर्ष 2025 में 1 लाख 91 हजार 894 घरेलू गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। इस वर्ष यह संख्या घटकर 1 लाख 82 हजार 29 रह गई। इस तरह घरेलू गणेश प्रतिमाओं में पिछले वर्ष की तुलना में 9,865 की कमी दर्ज की गई।

13 राज्यों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति

# बांस अर्थव्यवस्था को दें बढ़ावा : वर्मा

- जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बांस के उपयोग को केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित न रखते हुए आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और व्यावसायीकरण के माध्यम से इसका विस्तार करना आवश्यक है। प्लास्टिक के विकल्प, रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण में बांस महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए बांस के उत्पादन के साथ-साथ इससे विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, यह प्रतिपादन राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने आज यहां किया। मुंबई के होटल द वेस्टिन, पवई में 'बांस अर्थव्यवस्था और सततता सम्मेलन 2026' का आयोजन किया गया। विश्व बांस दिवस के अवसर पर आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने बांस के पौधे को पानी देकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सम्मेलन के दौरान दिनभर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिनमें जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, रोजगार सृजन तथा बांस उद्योग में आर्थिक अवसरों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। सम्मेलन में 13 राज्यों के बांस उत्पादक किसान, उद्यमी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### किसानों के लिए उपयोगी सहायक व्यवसाय : गोगावले

रोजगार गारंटी योजना, बागवानी एवं खारभूमि मंत्री भरत गोगावले ने कहा कि बांस की खेती को प्रोत्साहन देकर किसानों के लिए अतिरिक्त आय और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए जनजागरूकता बढ़ाने तथा बांस आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। महाराष्ट्र में बांस की खेती के लिए सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जा रही है तथा रोपण के बाद तीन वर्षों तक इसके रखरखाव के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है।

### हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा : पटेल

महाराष्ट्र राज्य कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री पर्यावरण एवं सतत विकास कार्यबल के कार्यकारी अध्यक्ष पाशा पटेल ने कहा कि महाराष्ट्र में बांस की खेती का विस्तार कर हरित क्षेत्र बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार और आर्थिक विकास को भी गति दी जा सकती है। वैश्विक तापमान वृद्धि और जलवायु परिवर्तन की पृष्ठभूमि में बांस एक महत्वपूर्ण विकल्प साबित हो सकता है, राज्य में 300 करोड़ वृक्षारोपण के अभियान में भी बांस की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

### आर्थिक जीवन से जुड़ा प्राकृतिक संसाधन

राज्यपाल ने कहा कि बांस भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन से जुड़ा प्राकृतिक संसाधन है। बांस से आभूषण, कप, सजावटी वस्तुओं के साथ-साथ घरेलू उपयोग की विभिन्न वस्तुएं तैयार की जा रही हैं। अनुसंधान, आधुनिक तकनीक और व्यावसायीकरण के माध्यम से बांस को सस्ता, टिकाऊ और आम लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध विकल्प बनाने के प्रयास आवश्यक हैं। राज्यपाल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन के साथ-साथ बांस की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति के बीच संतुलन स्थापित करने वाला सतत विकास हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### इनकी रही उपस्थिति

- इस सम्मेलन में गुजरात के जल संसाधन एवं जलापूर्ति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ईश्वरसिंह पटेल, केपी ग्रुप, सूरत के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. फारुक पटेल, स्वामी डॉ. सत्य प्रकाश सरस्वती, ज्ञानचरित दास स्वामीजी, मौलाना जुझैफा वस्तानवी, टेफ्लाज के निदेशक आदिल सिंह सहित बांस उद्योग से जुड़े गणमान्य व्यक्ति, किसान और उद्यमी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आदिल सिंह ने आभार व्यक्त किया।

फोटो : सुरेश पाड़ीव

**मुंबई। श्री गणेश विसर्जन के दिन नगरसेवक आकाश राजपुरोहित का सेवा कार्यों के लिए रावल ब्राह्मण संघ दक्षिण मुंबई की ओर से सत्कार किया गया। इस अवसर पर जीतूभाई रावल केर, चंदुलाल रावल फलवदी, नारायण रावल हिम्मतपुरा, जीवाराम रावल कोकिंद्रा, देवाराम रावल पीपलकी आदि समाज बंधु मौजूद थे।**

# 1,08,00,000 श्री नवकार महामंत्र सामूहिक जाप की पूर्णाहुति

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री प्रगट प्रभावी श्री चंद्रप्रभ स्वामी जैन देरासरजी, प्रार्थना समाज, मुंबई में अध्यात्म, भक्ति एवं मंत्रसाधना के पावन संगम के रूप में 1,08,00,000 (एक करोड़ आठ लाख) श्री नवकार महामंत्र सामूहिक जाप की भव्य पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में श्री नवकार महामंत्र गुणगान, अनुष्ठान पूर्णाहुति तथा भावपूर्ण बहुमान समारोह का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं एवं भाविक भक्तों ने सहभागी होकर नवकार महामंत्र की सामूहिक आराधना का लाभ लिया। इस अवसर पर आचार्य विजय प्रभाकर सूरीश्वरजी म.सा., मुनिराज महाप्रभविजयजी म. तथा मुनिराज श्रीप्रभविजयजी म.सा. सहित साध्वी तत्त्वदर्शना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। गुरु भगवंतों के मंगलमय सान्निध्य एवं आशीर्वाद से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा। श्री नवकार महामंत्र जैन धर्म की परम पवित्र आध्यात्मिक साधना का प्रतीक है। करोड़ों मंत्र जाप की इस सामूहिक आराधना में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से सहभागी होकर नवकार महामंत्र के जाप के माध्यम से आध्यात्मिक शांति एवं ऊर्जा का अनुभव किया। भव्य अनुष्ठान की पूर्णाहुति के अवसर पर नवकार महामंत्र के महात्म्य एवं गुणों का गुणगान किया गया। श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक आराधना करते हुए सामूहिक जाप में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे प्रार्थना समाज का पूरा परिसर नवकार महामंत्र की भक्तिध्वनि से गूंज उठा।

### - नवकार महामंत्र के गुणगान, अनुष्ठान पूर्णाहुति एवं भावपूर्ण बहुमान समारोह से गूंज उठा प्रार्थना समाज

### बड़ी संख्या में जुटे श्रावक-श्राविकाएं

- मुंबई एवं आसपास के जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थित रहकर नवकार महामंत्र के गुणगान, अनुष्ठान पूर्णाहुति एवं बहुमान समारोह का लाभ लिया। इस अवसर पर जेसर निवासी मुकेशभाई मगनलाल दोशी परिवार भी सहभागी बना तथा श्रीमती हर्षाबेन मुकेशभाई दोशी ने बहुमान का लाभ लिया। इस अवसर पर जयेशभाई लब्धी, संजय बिपिनचंद्र शाह, विलासभाई शाह, श्रेणिकभाई शाह, शिल्पाबेन लब्धी, श्रीमती अल्पाबेन संजय शाह, कौशलकुमार, क्रीना बहन, धनवीर, अंकितकुमार, ध्वनीबेन, अशेष, दिव्यान सहित समाज के अनेक अग्रणी, श्रावक-श्राविकाएं एवं भाविक भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सामूहिक नवकार महामंत्र जाप की भव्य पूर्णाहुति एवं दादागुरुदेव के जन्मदिवस पर आयोजित गुरु गुणोत्सव के इस दोहरे पावन अवसर ने प्रार्थना समाज में भक्ति, मंत्रसाधना, गुरु वंदना, सामूहिक आराधना एवं आध्यात्मिक चेतना का अलौकिक वातावरण निर्मित कर दिया। 1,08,00,000 नवकार महामंत्र जाप की पूर्णाहुति का यह पावन प्रसंग समस्त जैन समाज के लिए श्रद्धा, साधना एवं आध्यात्मिक प्रेरणा से परिपूर्ण एक यादगार अवसर बनकर रहा।

### साधना, सेवा और सम्मान का पावन संगम

इस पावन अवसर पर सामूहिक जाप में सहभागी बने साधकों, भाविकों तथा विभिन्न रूपों में अपना योगदान देने वाले भाग्यशाली श्रावक-श्राविकाओं का भावपूर्ण बहुमान किया गया। श्री जैन धार्मिक शिक्षण संघ के उपाध्यक्ष संजय शाह तथा जैन अल्पसंख्यक सेवा संस्थान की उपाध्यक्ष श्रीमती अल्पा संजय शाह सहित ट्रस्टियों द्वारा श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का बहुमान किया गया। वहीं श्री चंद्रप्रभ स्वामी जैन देरासरजी के ट्रस्टियों द्वारा भी भाविकों एवं सहयोगियों का सम्मान किया गया।

### दादागुरुदेव का 114वां जन्मदिवस

इसी पावन अवसर पर संयम सम्राट-लब्धिधारी तथा अगाशी तीर्थ श्री समवसरण महामंदिर के प्रेरणादाता दादागुरुदेव परम पूज्य आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय दक्षसूरीश्वरजी महाराज साहेब के 114वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भव्य 'गुरु गुणोत्सव' का भी आयोजन किया गया।

## रवि व्यास का राजस्थानी बंधुओं ने किया अभिनंदन

### ▶▶ रूस में चुनावी पर्यवेक्षक की भूमिका पर व्यास का सत्कार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मीरा-भायंदर महानगरपालिका के भाजपा नगरसेवक एवं सभागृह नेता रवि व्यास के राजस्थान के कोटा में हुए निकाय चुनाव के सफल दौरे तथा रूस जैसे बड़े देश के आम चुनाव में भारत की ओर से चुनावी पर्यवेक्षक के रूप में निभाई गई गौरवशाली भूमिका के लिए राजस्थानी बंधुओं द्वारा उनके कार्यालय पहुंचकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राजस्थानी समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि रवि व्यास के सफल दौरे एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने से मीरा-भायंदर शहर के साथ-साथ राजस्थान का भी मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि मीरा-भायंदर और जन्मभूमि राजस्थान दोनों का गौरव बढ़ाने वाली उनकी उपलब्धि पर समाज को गर्व है। अभिनंदन के दौरान उपस्थित राजस्थानी बंधुओं ने रवि व्यास को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार समाज और देश का नाम रोशन करने की कामना की।

## फिल्म में काम दिलाने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोप

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई से सटे वसई फिल्म में काम दिलाने का झांसा देकर 20 वर्षीय युवती से दुष्कर्म करने और उसकी अश्लील तस्वीरें लेने का मामला सामने आया है। नायगांव पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ दुष्कर्म और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, धाराशिव निवासी युवती की अगस्त में इंस्टाग्राम के माध्यम से कांदिवली निवासी जतिन दोशी से पहचान हुई थी। युवती की शिकायत के मुताबिक, दोशी ने खुद को फिल्म इंडस्ट्री में गायक बताते हुए उसे फिल्मों में काम दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद उसने वीडियो कॉल के जरिए युवती का कथित तौर पर ऑडिशन लिया। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने बाद में युवती से अर्धनग्न तस्वीरें भेजने के लिए कहा और कथित तौर पर यह बताया कि फिल्म में भूमिका के लिए उसे बोल्ड दृश्य करने पड़ सकते हैं। युवती ने आरोप लगाया कि 16 सितंबर को आरोपी ने उसे बोरीवली बुलाया। इसके बाद आरोपी ने उसके आधार कार्ड की कुछ जानकारी में बदलाव किया और उसे नायगांव पुलिस थाना क्षेत्र के एक होटल में ले गया। युवती का आरोप है कि वहां उसकी तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद आरोपी ने युवती को तीन अन्य लोगों से मिलने के लिए कहा। युवती ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और वापस धाराशिव लौट गई। इसके बाद जतिन दोशी और आनंद मुदलियार की ओर से धमकियां मिलने के बाद युवती ने नायगांव पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने जतिन दोशी, मिनाज रहमान, आनंद मुदलियार और ऋषभ दोशी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले को आगे की जांच के लिए धाराशिव के आनंद नगर पुलिस थाने को स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस मामले में आरोपों की जांच के साथ संबंधित लोगों की भूमिका और उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों की भी पड़ताल कर रही है।

## सामूहिक क्षमापना एवं तपस्वियों का बहुमान समारोह आज

सुरेश पाड़ीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** जैन समाज की ओर से सामूहिक क्षमापना, तपस्वियों के बहुमान एवं विशिष्ट सम्मान समारोह का श्रद्धा पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के तपस्वियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ सामूहिक क्षमापना का आयोजन किया। कार्यक्रम की पावन निश्रा JIO-JITO प्रेरक एवं वैश्विक शांति के प्रणेता परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री नयपद्मसागर सूरीश्वरजी महाराज साहेब एवं विदुषी आर्या साध्वीजी श्री मयणाश्रीजी महाराज साहेब की रही। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वर्षाबेन दोशी का विशेष सम्मान किया जाएगा। आयोजन रविवार सुबह भारतीय विद्या भवन, गामदेवी, मुंबई में हुआ। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी रखा गया। समारोह में जैन इंटरनेशनल वुमन ऑर्गेनाइजेशन, मुंबई जैन संघ संगठन, जैन सेल भाजपा मुंबई, समस्त महाजन, जैन डॉक्टर्स फेडरेशन, जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स फेडरेशन, जैन एडवोकेट्स फेडरेशन, जैन बैंकर्स फेडरेशन तथा जैन कंपनी सेक्रेटरीज फेडरेशन सहित विभिन्न संस्थाओं का सहयोग रहा। कार्यक्रम में जैन समाज के हजारों श्रद्धालुओं ने समारोह में उपस्थित होकर तपस्वियों के बहुमान एवं सामूहिक क्षमापना कार्यक्रम का लाभ लिया।

# जागरूक संपादकीय

जागरूक टाइम्स। जयपुर । सोमवार, 28 सितंबर 2026

## गीता सार

**बीजं मां सर्वभूतानां विद्धि पार्थ सनातनम् ।**
**बुद्धिर्बुद्धिमतामस्मि तेजस्तेजस्विनामहम् ॥**

भावार्थ : हे पृथापुत्र! तू मुझको ही सभी प्राणीयों का अनादि-अनंत बीज समझ, मैं बुद्धिमानों की बुद्धि और तेजस्वी मनुष्यों का तेज हूं।

# सूखे की मार

महाराष्ट्र में बारिश की कमी के बीच राज्य सरकार ने 358 में से 265 तालुकाओं को सूखा प्रभावित घोषित किया है। सरकार ने किसानों के लिए फसल ऋण के पुनर्गठन, भूमि राजस्व में रियायत और बिजली बिल में राहत समेत कई कदमों का ऐलान किया है। इस बीच कांग्रेस ने राज्य में तेजी से बढ़ाए जा रहे डेटा सेंटर उद्योग पर सवाल उठाया है। कांग्रेस ने पूछा है कि जब राज्य का करीब 74% हिस्सा सूखे की चपेट में है, तब बड़े डेटा सेंटरों के लिए पानी की जरूरत कैसे पूरी की जाएगी और किसानों व आम लोगों के पानी के अधिकारों की रक्षा कैसे होगी। महाराष्ट्र सरकार के सरकारी प्रस्ताव के अनुसार 358 में से 265 तालुका सूखा प्रभावित घोषित किए गए हैं। यह राज्य के करीब 74% तालुकाओं को कवर करता है। ये तालुके 32 जिलों में फैले हैं। छत्रपति संभाजीनगर संभाग में 74 सूखा प्रभावित तालुके हैं, जो सभी संभागों में सबसे ज्यादा हैं।

सरकार ने सूखे की स्थिति के बाद किसानों के लिए राहत उपायों की घोषणा की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जिला कलेक्टरों को फसल नुकसान का आकलन शुरू करने के निर्देश दिए हैं। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने महाराष्ट्र सरकार की डेटा सेंटर नीति पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के 358 में से 265 तालुकाओं में सूखा घोषित किया है, जबकि महाराष्ट्र डेटा सेंटर उद्योग का तेजी से विस्तार कर रहा है। खेड़ा के मुताबिक राज्य को डेटा सेंटर क्षेत्र में 300 अरब डॉलर से अधिक के निवेश में रुचि मिली है और सरकार 2032 तक 5.7 गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता का लक्ष्य रख रही है। उन्होंने सवाल किया कि इतने बड़े विस्तार के लिए जरूरी संसाधनों का प्रबंधन कैसे किया जाएगा। कांग्रेस ने कहा है कि डेटा सेंटर चलाने के लिए दो महत्वपूर्ण संसाधनों की जरूरत होती है, बिजली और पानी। पानी की खपत इस्तेमाल की जाने वाली कूलिंग तकनीक पर निर्भर करती है। ऐसे में पानी की कमी वाले महाराष्ट्र जैसे राज्य में डेटा सेंटरों की पानी की जरूरत एक अहम मुद्दा बन जाती है। खेड़ा के अनुसार सरकार ऐसी व्यवस्था पर काम कर रही है, जिसमें नगर निकाय सीवेज का उपचार करेंगे, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम यानी एमआईडीसी उसे और साफ करेगा और इसके बाद तैयार पानी डेटा सेंटर तथा दूसरे उद्योगों को बेचा जाएगा। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि जब राज्य के करीब तीन-चौथाई हिस्से में आधिकारिक तौर पर सूखा घोषित हो चुका है, तब सरकार यह कैसे सुनिश्चित करेगी कि डेटा सेंटर उद्योग के विस्तार के लिए किसानों और आम नागरिकों के पानी के संसाधनों का इस्तेमाल न हो।

## दिशा सालियान केस

# हर रोज चौंकाने वाले खुलासे

**डॉ. अनिता राठौर**

गुजरे 4 जून 2020 को पूरे भारत में कोविड-19 की भयावह लहर चल रही थी। सेलेब्रिटी मैनेजर दिशा सालियान ने अपने पिता से कहा कि वह पुलिस हेल्पलाइन पर कॉल करके मालूम करें कि क्या यात्रा करना सुरक्षित रहेगा। दिशा जो विज्ञापन शूट करने जा रही थीं, उसे लेकर बहुत उत्साहित थीं। उन्होंने उस चेक का फोटो भी अपने पैरेंट्स को दिखाया था जो उन्हें अग्रिम पेमेंट के रूप में मिला था। घर के दरवाजे से बाहर निकलते हुए उन्होंने अपने पैरेंट्स से कहा था कि वह दो दिन में वापस आ जायेंगी। वह आखिरी लम्हा था, जब सालियान दंपत्ति ने अपनी इकलौती बेटी को जीवित देखा था।

एक्टर सुशांत सिंह राजपूत जून 2020 में अपने बांद्रा, मुंबई स्थित निवास पर मृत पाए गए। इस घटना से छह दिन पहले 8 व 9 जून 2020 की रात में फ्लैट न. 1202, रीजेंट गैलेक्सी अपार्टमेंट, मालवनी, मलाड वेस्ट, मुंबई चलते हैं, जहां 28-वर्षीय सेलेब्रिटी मैनेजर दिशा सालियान अचानक अपने फ्लैट से नीचे गिरकर मर जाती हैं। दिशा, सुशांत सिंह राजपूत के लिए भी काम करती थीं। क्या दिशा ने आत्महत्या की थी, पुलिस अधिकारियों ने उनके परिवार को यही बताया था। फिर दिशा के पिता ने कहा कि उस समय उन्हें विश्वास दिलाया गया था कि दिशा शराब के नशे में अत्यधिक चूर होने के कारण दुर्घटनावश बिल्डिंग की 14वीं मंजिल से नीचे गिरकर मर गयीं। किसी को इन बातों पर यकीन नहीं आया। दिशा की मौत एक अबूझ पहेली बनकर रह गई। लेकिन इश्क और मुश्क की तरह 'अपराध' भी छुपाए नहीं छुपता। वक्त ने करवट ली। दिशा के पिता सतीश ईश्वर सालियान, जिन्हें उनकी मृत बेटी का सिर्फ़ फोटो दिखाया गया था, तुरंत शव नहीं, को दाल में कुछ काला होने का शक हुआ। उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट में दस्तक दी, जिसने 2 सितंबर 2026 को सीबीआई को आदेश दिया कि वह एक जांच अधिकारी नियुक्त करे, दिशा के पिता का बयान रिकॉर्ड करे और एफआईआर दर्ज करे। आखिरकार सीबीआई की स्पेशल क्राइम ब्रांच ने 13 सितंबर 2026 को एफआईआर दर्ज की, जिसमें दिशा के पिता सतीश शिकायतकर्ता हैं। एफआईआर में आपराधिक षड्यंत्र, सामूहिक बलात्कार, हत्या, सबूतों को मिटाना, अपराधियों को छुपाने के लिए गलत सूचना देना और जनसेवकों की तथाकथित बदतमीजी से संबंधित धाराएं लगायी गई हैं। हाईकोर्ट ने दिशा की मौत से जुड़े सभी पहलुओं व हालात की जांच के आदेश दिए हैं। एफआईआर में अनेक जाने माने व्यक्तियों, पुलिस अधिकारियों, डॉक्टरों, फोरेंसिक कर्मियों, सिक्यूरिटी गाड्र्स व अन्यों के नाम लिए गए हैं, जिनकी भूमिकाओं की जांच की आवश्यकता है, शिकायतकर्ता के अनुसार। सतीश सालियान आरोप है कि दिशा

के कुछ प्रभावी व्यक्तियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी थी और उसे खामोश करने के लिए साजिश रची गई। उनका यह भी आरोप है साक्ष्य को दबाया गया या फर्जी बनाया गया इसलिए खुदकुशी का आधारहीन नैरेटिव रचा गया। अखबारी रिपोर्टों के अनुसार, एफआईआर में यह भी कहा गया है, "तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और अन्य लोगों ने साजिश और उसके बाद मामले को दबाने में अहम भूमिका निभाई।" उद्धव ठाकरे ने इसे राजनीति से प्रेरित बताते हुए दावा किया है कि उनका व उनके बेटे का इस केस से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कानूनी कार्यवाही करने की भी धमकी दी है, अगर उन्हें बदनाम करने का प्रयास जारी रहा। सुशांत सिंह राजपूत की मौत की तरह संदिग्ध हालात में हुई दिशा सालियान की मृत्यु ने भी गहन जन व राजनीतिक बहस छेड़ दी है, विशेषकर इसलिए कि एफआईआर में जिन लोगों को जांच के लिए लिस्ट किया गया है (सूरज पंचोली, रीया चक्रबर्ती, डीनो मोरिया आदि) उनमें शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धाव ठाकरे के विधायक बेटे आदित्य ठाकरे का भी नाम है। ठाकरे ने आरोपों को 'साक्ष्य-रहित' चरित्र हनन का प्रयास बताते हुए कहा है कि वह न तो दिशा को जानते थे और न कभी उससे मिले। ठाकरे के अनुसार पिछले 6 साल से उनका नाम बिना किसी साक्ष्य के इस केस से कुछ लोग राजनीतिक व व्यक्तिगत कारणों से जोड़े जा रहे हैं। ठाकरे बिना राजनीतिक हस्तक्षेप व मीडिया ट्रायल के, जांच के पक्ष में हैं। ज्ञात रहे कि हाईकोर्ट ने जांच का आदेश देते हुए साफ तौरपर कहा था कि जांच के दौरान जब तक किसी व्यक्ति के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न मिल जाएं, तब तक उसके साथ आरोपी जैसा व्यवहार न किया जाए। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि सतीश सालियान ने आदित्य ठाकरे को 500 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भी भेजा है, यह कहते हुए कि ठाकरे ने जांच के संदर्भ में एक्स पर उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं, अपनी दो पोस्ट्स में। ठाकरे ने तथाकथित तौरपर कहा है कि 'उनको परेशान करने के लिए सतीश का इस्तेमाल किया जा रहा' है। सतीश ने महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को भी नोटिस भेजा है। आदित्य ठाकरे ने अब इस नोटिस का जवाब दिया है, जोकि 69-बिन्दुओं पर आधारित 25 पेजों में फैला हुआ है। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह न तो अपनी पोस्ट्स डिलीट करेंगे, न माफी मांगेंगे और न ही कोई मुआवजा देंगे; क्योंकि उन्हें बिना साक्ष्यों के इस केस से जोड़ा जा रहा है। इस जवाब से पहले सतीश सालियान ने उन पर अधिक हमलावर होते हुए कहा था कि वह सीबीआई के साथ 'साक्ष्य' साझा करेंगे। एक्टर सूरज पंचोली, जिनका नाम भी एफआईआर में दर्ज है, ने एक बार फिर लंबा सा बयान देते हुए कहा है कि वह वर्षों से अपना नाम एक ऐसे केस (दिशा सालियान) में घसीटा हुआ देखते आ रहे हैं, जिससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। उनका दावा है कि वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौरपर कभी भी दिशा सालियान या शिव सेना नेता आदित्य ठाकरे से नहीं मिले हैं। इसलिए नए सिरे से हो रही जांच से उन्हें कोई डर नहीं है। ध्यान रहे कि एफआईआर में बहुत सारे नाम हैं, लेकिन सीबीआई ने अभी तक किसी को आरोपी घोषित नहीं किया है। सूरज का कहना है कि उन्हें जो ऑनलाइन गालियां दी जा रही हैं, वह आलोचना की सीमा को पार कर गई हैं और उन्हें जान से मारने की धमकियां भी मिल रही हैं। पारदर्शिता की मांग करते हुए सूरज ने एक बहुत ही चौंकाने वाली बात कही है- 'अगर मैं डरता तो बहुत से अन्यों की तरह खामोश रहता'। 15 जून 2020 को दर्ज कांस्टेबल संतोष कचिरात गुंगने के बयान और अस्पताल के एक डॉक्टर से मिली जानकारी के मुताबिक दिशा को दो पुरुष और एक महिला मुंबई के शताब्दी अस्पताल में लेकर आए थे।

इमेज

## श्रीरामचरितमानस

**सोह सैल गिरिजा गृह आए।**
**जिमि जनु रामभगति के पाएं॥**
**नित नूतन मंगल गृह तासू।**
**ब्रह्मादिक गावहिं जसु जासू॥**

भावार्थ : पार्वतीजी के घर आ जाने से पर्वत ऐसा शोभायमान हो रहा है जैसा रामभक्ति को पाकर भक्त शोभायमान होता है। उस (पर्वतराज) के घर नित्य नए-नए मंगलोत्सव होते हैं, जिसका ब्रह्मादि यश गाते हैं॥

## श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान

# पुरखों तक पहुंचतीं आस्था की राहें

**आर. सी. शर्मा**

भाद्र पद पूर्णिमा के अगले ही दिन जैसे ही कृष्ण पक्ष शुरु होता है, भारतीय कैलेंडर में एक ऐसा समय आता है, जब घरों में उत्सव का शोर थम जाता है और स्मृति, श्रद्धा तथा कृतज्ञता का भाव गहरा हो जाता है। यही है पितृपक्ष। पितृपक्ष यानी वह अवधि जिसे हिंदू परंपरा में अपने दिवंगत पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए विशेष माना गया है। इन दिनों घर में श्राद्ध होता है, जल से तर्पण किया जाता है और अनेक लोग पिंडदान के लिए प्रयागराज, वाराणसी, गया और हरिद्वार जैसे तीर्थ स्थानों का रुख करते हैं। इन तीन शब्दों- श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान को अकसर हम एक ही अर्थ में इस्तेमाल कर लेते हैं। जबकि धार्मिक परंपरा में न केवल इनके अलग-अलग आशय हैं बल्कि इनके किए जाने की अलग-अलग विधियां भी हैं। पितृपक्ष की धार्मिक दुनिया को समझना वास्तव में उस विश्वास को समझना है, जिसमें मृत्यु के बाद भी व्यक्ति और उसके परिवार के बीच संबंध भी पूरी तरह से समाप्त नहीं माने जाते। श्राद्ध शब्द को सामान्यतः श्रद्धा से जोड़ा जाता है। धार्मिक परंपरा में श्राद्ध का मूल भाव दिवंगत पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और स्मरण माना गया है। श्राद्ध में पितरों के नाम से अन्न, जल और अन्य सामग्री अर्पित करने तथा योग्य व्यक्ति या जरूरतमंद को भोजन कराने की परंपरा रही है। परिवार अपने पूर्वजों का स्मरण करते हैं और उनके प्रति अपने दायित्व का भाव व्यक्त करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार पितृपक्ष में किया गया श्राद्ध पितरों की तृप्ति और उनके प्रति सम्मान का माध्यम माना जाता है। यही कारण है कि परिवार अपने पूर्वज की मृत्यु तिथि के अनुरूप पितृपक्ष में श्राद्ध करता है और कई परंपराओं में सर्व पितृ अमावस्या को उन सभी पितरों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, जिनकी तिथि ज्ञात नहीं होती। वास्तव में यहां तृप्ति को केवल भोजन से जोड़कर देखना अधूरा है। धार्मिक दृष्टि से यह श्रद्धा और कर्तव्य की भावना से जुड़ा कर्म है।

पितृपक्ष की दूसरी महत्वपूर्ण धार्मिक क्रिया है तर्पण। तर्पण का सामान्य अर्थ है- अपने पूर्वजों को अर्पण करके तृप्ति करना। पितृ तर्पण में जल अर्पित करते हुए, पितरों का स्मरण किया जाता है। परंपरागत विधि में जल के साथ तिल आदि का प्रयोग भी किया जाता है और मंत्रोच्चार के साथ पूर्वजों का आह्वान किया जाता है। जल भारतीय धार्मिक परंपरा में जीवन का मूल तत्व है। इसलिए जल अर्पित करने की यह क्रिया प्रतीकात्मक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। तर्पण करते समय व्यक्ति अपने पितरों के नाम और गोत्र का स्मरण करता है। इस प्रक्रिया में एक व्यक्ति अपने अस्तित्व को अकेले व्यक्ति के रूप में नहीं बल्कि एक लंबी पारिवारिक परंपरा की कड़ी के रूप में देखते हैं।

## तिथि विशेष

# विश्व रेबीज दिवस

हर वर्ष 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य रेबीज बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और इससे बचाव के उपायों की जानकारी देना है। रेबीज एक गंभीर वायरल बीमारी है, जो संक्रमित पशु के काटने या उसकी लार के संपर्क में आने से फैल सकती है। समय पर उपचार न मिलने पर यह जानलेवा हो सकती है। कुत्तों सहित पालतू पशुओं का समय पर टीकाकरण रेबीज की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि किसी पशु के काटने की घटना हो, तो घाव को तुरंत साबुन और बहते पानी से अच्छी तरह धोकर बिना देरी किए चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। सावधानी, टीकाकरण और समय पर उपचार से रेबीज से बचाव संभव है।

## पंचांग — 28 सितंबर 2026

- विक्रम संवत् - 2083
- शक संवत् - 1948
- रवि - दक्षिणायण
- ऋतु - शरद
- मास - आश्विन
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - द्वितीया 19.15 तक
- वार - सोमवार
- नक्षत्र - रेवती 10.17 तक
- योग - धृति 08.54 तक
- करण - तैतिल 08.10 तक
- सूर्योदय - 06.29 प्रातः (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.29 शाम (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.31 प्रातः (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.31 शाम (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मीन 10.17 तक
- अभिजीत - 12.05 से 12.53
- राहु काल - 07.58 से 09.28
- दिशा शूल - पूर्व
- व्रत त्यौहार - द्वितीया श्राद्ध, पंचक 10.17 तक, भद्रा 30.15 प्रारंभ, जिनचंद्रसूरि दादा मेला बिलाड़ा

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल

## विश्व नदी दिवस पर विशेष

# संस्कृति, सभ्यता और आस्था का प्रवाह

**वीना गौतम**

कोई नदी महज पानी की धारा नहीं होती। वह पानी के धारा से कहीं ज्यादा और बहुत कुछ होती है। नदी एक समूची सभ्यता होती है। नदी एक भरी-पूरी संस्कृति होती है। नदियां रोजगार प्रदान करती हैं। नदी हमारी आस्था और स्मृतियों की सदियों से बह रही धारा भी होती है। सुबह की पहली रोशनी जब नदी के बहते हुए पानी पर पड़ती है, तो वह सिर्फ चमकती हुई जलधारा नहीं लगती। कहीं दूर किनारे पर खड़ा कोई किसान, जब अपने खेती की ओर जाता दिखायी देता है, तो उस मंजिल की सपनीली आस होती है नदी। कहीं जब पौ फटते ही कोई मछुआरा अपनी नाव लेकर निकल पड़ता है, तो उसके और उसके परिवार की भूख का समाधान होती है नदी।

इमेज

कहीं महिलाएं नदी से पानी भरकर घर लाती हैं, कहीं घाट पर सुबह-सुबह पूजा की तैयारी शुरू हो जाती है। लब्बोलुआब यह है कि नदी केवल एक पानी की बहती हुई धारा नहीं है, इंसानी जीवन से इसके अनेक आत्मीय रिश्ते हैं। नदियां इंसान के जीवन का आधार हैं। भारत में नदियों ने शहर बसाये, खेती को सहारा दिया और व्यापार के नये-नए रास्ते खोले, लेकिन इससे भी आगे बढ़कर उन्होंने भारतीय संस्कृति की स्मृतियों को आकार दिया। गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, कावेरी, कृष्णा, ब्रह्मपुत्र और महानदी जैसे नाम केवल बहती हुई जलधारा की नहीं है, ये नाम हमारी समूची पहचान, समूची संस्कृति और समूचे वजूद के नाम हैं। इनके साथ लोककथाएं, गीत, तीर्थ, मेले, त्योहार और पीढ़ियों की यादें जुड़ी हुई हैं। भारत की कृषि व्यवस्था का नदी से रिश्ता सबसे पुराना और सबसे व्यवहारिक है। नदी का पानी सीधे खेतों तक पहुंचे या उसके कारण भू-जल का स्तर बना रहे, दोनों ही स्थितियों में किसान नदी से जुड़ा रहता है। नदी के बाढ़ क्षेत्र में जमा होने वाली उपजाऊ मिट्टी ने सदियों से हमारी कृषि व्यवस्था को सहारा दिया है। इसी तरह नदी किनारे रहने वाले मछुआरा समुदायों के लिए नदी किसी पर्यटन स्थल का नाम नहीं बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी है। नाव, जाल, मछली, बाजार और परिवार की आय सब कुछ नदी की स्थिति से जुड़ा है। जब नदी में पानी घटता है, प्रदूषण बढ़ता है या मछलियों का प्राकृतिक आवास बदलता है, तो सबसे पहले असर उन समुदायों पर पड़ता है, जिनकी आजीविका सीधे नदी पर निर्भर है। इसलिए नदी का संरक्षण केवल पानी साफ करना नहीं है बल्कि नदी से जुड़े समुदायों की आजीविका और परंपराओं को बचाना

है। ठीक उसी तरह जैसे नदी के सूखने का मतलब किसान की खेती का सूखना है। जब नदी का पानी सीधे खेतों तक पहुंचता है, तो फसलें तो बेहतर होती ही हैं, भू-जल का स्तर भी बेहतर बना रहता है। नदी के बाढ़ क्षेत्र में जब बहकर आयी मिट्टी जमा हो जाती है, तो वह मिट्टी किसानों के लिए सोने के माफिक होती है, क्योंकि उस मिट्टी से फसलें बेहद उर्वर होती हैं। लेकिन किसान हो या मछुआरा नदियों का अब उनसे रिश्ता बदल रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण अनियमित होती वर्षा, नदियों से अत्यधिक जल दोहन, लगातार बढ़ता प्रदूषण और नदियों के प्राकृतिक प्रवाह से होने वाली छेड़छाड़ न सिर्फ किसानों और मछुआरों के लिए कई तरह की चुनौतियां खड़ी करती हैं बल्कि इन समस्याओं के चलते नदियों की सेहत निरंतर बिगड़ती जा रही है। भारतीय संस्कृति में खासतौर पर नदियों का हमारी आस्था से बेहद गहरा रिश्ता है। गंगा स्नान से लेकर नर्मदा परिक्रमा तक नदियां हमारे जीवन का आस्था चक्र निर्धारित करती हैं। नदियों के किनारे लगने वाले मेलों से लेकर घाटों पर होने वाले दैनिक सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन का हिस्सा होते हैं। नदी यहां प्रकृति और मनुष्य के बीच भावनात्मक पुल बन जाती है। शायद यही कारण है कि नदी के सूखने या प्रदूषित होने का दुख केवल पर्यावरणीय आंकड़ा नहीं है, यह सांस्कृतिक पीड़ा भी है। इसलिए हमें अपनी आस्था को बरकरार रखने के लिए नदियों को जिंदा रखने की जिम्मेदारियां उठानी चाहिए। नदी को सिर्फ मां कह देने से हमारा भावनात्मक दायित्व पूरा नहीं हो जाता। हमारी नदियों के प्रति संवेदनशीलता तब साबित होगी, जब हम उन्हें कचरे से बचाएं, उनमें प्लास्टिक या अनुपचारित गंदा पानी डालने से बचें, तभी नदियों के साथ हमारे इस भावनात्मक रिश्ते का औचित्य साबित होगा। नदी केवल किताबों में नहीं बहती और न सिर्फ जमीन में। वह लोकगीतों में भी बहती है, कहावतों में भी मचलती है, चित्रों और कविताओं में सरगम करती है। किसी गांव का गीत, नदी के पार बसे मायके की याद हो सकता है। किसी लोककथा में नदी जीवन और मृत्यु के बीच की सीमा बन सकती है और किसी कविता में वह समय के बहने का प्रतीक हो जाती है यानी नदी समाज को सिर्फ पानी नहीं देती, भाषा, संवेदना और करुणा के प्रतीक भी देती है। आज जब नदियों का प्राकृतिक स्वरूप बदल रहा है, तो यह केवल पारिस्थितिकी तंत्र नहीं बदला रहा, उनके साथ जुड़ी अनेक स्थानीय परंपराएं और जीवन पद्धतियां भी धीरे-धीरे कमजोर हो रही हैं। 28 सितंबर विश्व नदी दिवस हमें नदी को केवल जल संसाधन मानने की सोच नहीं देता बल्कि हमें यह सोचने और समझने का अवसर देता है कि नदी एक जीवंत तंत्र है। अगर नदियां नहीं बचेगीं, तो इंसान भी नहीं बचेगा। नदियों में केवल पानी, मछलियां, वनस्पतियां, मिट्टी, मछुआरे ही नहीं धड़कते बल्कि अनगिनत पक्षियों, जलचरों की भी नदियां जीवनदाता होती हैं।

## वायरल

# किचन सिंक से निकले जीव की सच्चाई जानकर सभी हैरान

अक्सर सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो सामने आ जाते हैं जिन्हें देखकर पैरों तले जमीन खिसक जाए। हाल ही में इंटरनेट पर एक ऐसा ही वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर एक अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के होश उड़ गए। वीडियो में एक किचन के सिंक के छेद से सांप जैसा दिखने वाला एक अजीब जीव झांकता हुआ नजर आ रहा है। वायरल हो रहे इस वीडियो में एक अपार्टमेंट के किचन सिंक की जाली खुली हुई दिखाई देती है, जिसके अंदर से एक सांप जैसा जीव बाहर झांक रहा है। इस वीडियो पर नेटिजन्स ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक यूजर ने दावा किया कि यह छिपकली परिवार का एक पैर रहित जीव है, जो जहरीला नहीं होता। वहीं, दूसरे यूजर ने इसे कोई खतरनाक एआई सांप बताया। जब इस वायरल वीडियो की गहराई से जांच की गई और इसे 'हाइव' जैसे एआई डिटेक्शन टूल पर परखा गया, तो इसके 31% एआई जनरेटेड होने की बात सामने आई। इसका मतलब हुआ कि यह वीडियो पूरी तरह से फेक है। आजकल सोशल मीडिया पर लाइक्स, कमेंट्स और व्यूज बटोरने के लिए इस तरह के फेक एआई वीडियो बनाने का ट्रेंड सा बन गया है। लोग सनसनीखेज कंटेंट तैयार करके यूजर्स को भ्रमित करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप किसी भी होश उड़ा देने वाले वीडियो पर तुरंत भरोसा न करें। अगली बार सोशल मीडिया पर ऐसा कोई भी अजीबोगरीब या डरावना वीडियो देखें, तो उसे बिना सोचे-समझे आगे शेयर करने से बचें।

## X का एक्सरे

भारत ने अपना रुख बार-बार साफ किया कि अगर कोई आतंकवादी भारत पर आंख उठाकर भी देखेगा तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। अतीत से भारत का जुड़ाव आज भी बहुत जीवंत है। इसके पीछे उन लोगों का समर्पण और मेहनत है, जो अपनी कोशिशों से इस जुड़ाव को और गहरा बना रहे हैं।

**नरेंद्र मोदी**

अजमल कसाब जब कोर्ट में आया तो वो मुझे घूर के देख रहा था, मैं उसे देख रहा था। कसाब ने कहा था कि वह अमिताभ बच्चन से मिलने मुंबई आया था। कानून किसी आरोपी को तब तक बेगुनाह मानता है, जब तक वह दोषी साबित न हो जाए और उन्हें अपना बचाव करने का अधिकार देता है।

**उज्ज्वल निकम**

विपक्ष के पास अब जनता का समर्थन नहीं है और राज्य में किसी तरह का आंदोलन नहीं चल रहा है। अदालत की अनुमति के बाद श्रीरामपुर में हुई बैठक के दृश्यों से स्थिति साफ हो जाती है। बैठक में करीब 150 लोग ही मौजूद थे। वह 15 साल तक मुख्यमंत्री और छह बार सांसद रही हैं, लेकिन पांच महीनों में सब बदल गया है।

**शुभेंदु अधिकारी**

सरकार को डर है कि अगर हम यहां के स्कूलों को दिखा दें, तो देश को उनकी हकीकत पता चल जाएगी। लोगों को पता चल जाएगा कि कॉरपोरेट के फायदे के लिए काजीरंगा में उनके अधिकार कैसे छीने जा रहे हैं। हम जानते हैं कि उन्होंने विधानसभा चुनाव निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं को दोबारा तय करके जीता है।

**आशुतोष रांका**

# आपसी सहमति से सुलझा वर्षों पुराना भूमि विवाद बरौली शिविर में मौके पर हुआ खाता विभाजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** विकसित भारत-जन सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत आमजन की राजस्व एवं भूमि संबंधी समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं सरल समाधान की दिशा में प्रशासन द्वारा लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 27 सितम्बर को भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त बरौली में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई कर वर्षों से लंबित भूमि संबंधी प्रकरण का आपसी सहमति से समाधान कराया।

राजस्व ग्राम बरौली के जमाबंदी खाता संख्या 296क से संबंधित भूमि के विभाजन को लेकर पिंकी पत्नी राकेश, मानसिंह पुत्र घमंडी तथा शंकरबाई पत्नी घमंडी के मध्य प्रकरण लंबित था। पारिवारिक एवं आपसी मतभेदों के कारण तीनों पक्ष भूमि का स्वतंत्र रूप से उपयोग नहीं कर पा रहे थे, जिससे उन्हें लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत आयोजित शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को संवेदनशीलता से लेते हुए तीनों पक्षों को एक साथ बैठाया। अधिकारियों द्वारा आपसी संवाद एवं समझाइश के माध्यम से विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकालने का प्रयास किया गया। सकारात्मक वातावरण में तीनों पक्षों ने आपसी सहमति व्यक्त करते हुए भूमि को समान रूप से एक तिहाई-एक तिहाई हिस्से में विभाजित करने पर सहमति जताई। उपखंड अधिकारी राकेश कुमार न्योल एवं तहसीलदार भींवाराम के मार्गदर्शन में राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आवश्यक राजस्व कार्यवाही पूर्ण की गई। मौके पर ही तीनों पक्षों के हिस्से एक तिहाई-एक तिहाई निर्धारित करते हुए खाता विभाजन की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। इस त्वरित कार्रवाई से वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ और तीनों पक्षों को अपनी भूमि के संबंध में स्पष्ट एवं समान हिस्सेदारी प्राप्त हुई। समाधान के बाद लाभार्थी पक्षों ने राहत व्यक्त करते हुए प्रशासन का आभार जताया। बरौली में आयोजित यह राजस्व शिविर इस बात का उदाहरण बना कि जब प्रशासन और आमजन आपसी संवाद एवं सहमति के साथ आगे बढ़ते हैं, तो लंबे समय से लंबित समस्याओं का भी सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशासन की तत्परता, संवेदनशीलता एवं मौके पर समाधान की कार्यशैली की सराहना की।

## निजी चिकित्सा संस्थानों पर सीएमएचओ की सख्ती, अनियमितताओं पर नोटिस

**धौलपुर।** जिले में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा निजी चिकित्सा संस्थानों में निर्धारित मापदंडों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने को लेकर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने रविवार को विभिन्न निजी चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सामने आई अनियमितताओं को लेकर संबंधित संस्थान संचालकों को नोटिस जारी किए गए तथा व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा ने मेट्रो हॉस्पिटल, श्रीजी हॉस्पिटल, मैक्स हॉस्पिटल, बघेला हॉस्पिटल, श्री राम क्लिनिक ओंडेला रोड, श्री कृष्णा हॉस्पिटल, बालाजी पैथोलॉजी सुआ का बाग एवं जेएस क्लिनिक सुआ का बाग का निरीक्षण कर चिकित्सा सेवाओं, चिकित्सकीय स्टाफ, पंजीकरण एवं निर्धारित व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेट्रो हॉस्पिटल एवं श्रीजी हॉस्पिटल में ड्यूटी डॉक्टर उपलब्ध नहीं पाए गए। इस पर सीएमएचओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संस्थान संचालकों को नोटिस जारी किए।

## कचरा प्रबंधन कार्यशाला में पोस्टर, निबंध व स्लोगन से दिया स्वच्छता का संदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय चूरू के तत्वावधान में शनिवार को जिला मुख्यालय पर कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राजकीय बागला बालिका विद्यालय की छात्राओं सहित स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला संगठन के सीओ स्काउट महिपाल सिंह तंवर ने कहा कि बढ़ता कचरा पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में बच्चों और युवाओं को कचरे के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग या सफाईकर्मी की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। घर, विद्यालय और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे का उचित निस्तारण कर ही स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है।कार्यशाला में प्रतिभागियों को कचरे के विभिन्न प्रकार, उनके उचित निस्तारण तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला के दौरान पोस्टर, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने कचरा जहां-तहां नहीं डालें, स्वच्छता को जीवन में ढालें तथा गीला-सूखा अलग करेंगे, स्वच्छ पर्यावरण का सपना पूरा करेंगे जैसे संदेशों के माध्यम से स्वच्छता का आह्वान किया। पोस्टर, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## गांधी बाल निकेतन की दृष्टि प्रजापत ने राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में फहराया परचम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी रतनगढ के तत्वावधान में नोखा में आयोजित अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अणुव्रत समिति रतनगढ़ के नेतृत्व में भाग ले रही चूरू जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भाषण, एकल गायन एवं समूह गान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एसीसी प्रभारी नरेंद्र सांकृत्य ने बताया कि शनिवार को नोखा स्थित सरस्वती मैरिज मेंशन में आयोजित प्रतियोगिताओं में गांधी बाल निकेतन की छात्रा दृष्टि प्रजापत ने अपने प्रभावशाली एवं अनूठे अंदाज में भाषण प्रस्तुत कर प्रथम स्थान हासिल किया। दृष्टि के भाषण ने उपस्थित श्रोताओं को खासा प्रभावित किया। उसके भाषण से प्रभावित होकर कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्रोताओं की विशेष मांग पर दृष्टि ने पुनः अपना भाषण प्रस्तुत किया।इसी प्रकार एकल गायन प्रतियोगिता में अरविंद नौहाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं समूह गान में नक्षिता सोनी, प्रियंका पंवार, कनिका तंवर, काव्या स्वामी एवं अरविंद नौहाल के दल ने प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।प्रतियोगिता में चूरू जिले की टीम ने 'हमारी ताकत हमारा परिवार' थीम पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। टीम में हनुमान बालिका विद्यालय, संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेणासर, एमजीजीएस यूनियन क्लब एवं राजलदेसर के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। अणुव्रत समिति रतनगढ़ के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने विजेता विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ ने कहा कि अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में अणुव्रत विश्व भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुसुम लूनिया, राष्ट्रीय अणुव्रत काव्यधारा के प्रभारी धनपत लूनिया सहित मंचस्थ अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों एवं उनके विद्यालय प्रभारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी अभियान का आगाज आज, 500 छात्र-छात्राएं लेंगे भाग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अजमेर।** कॉमन कॉज सोसाइटी अजमेर एवं रायन इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 28 सितंबर सोमवार को मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी अभियान का शुभारंभ होगा। इसके अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं को अपने शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के साथ-साथ स्मार्ट सिटी की दिशा में महत्वपूर्ण अनुभव एवं जानकारियां प्रदान की जाएगी। यह छात्र-छात्राएं शहर की दिशा और दशा सुधारने के इस अभियान के एम्बेसडर बनेंगे। घर घर जाकर एवं अपने आस पड़ोस के वातावरण को शुद्ध बनाने हेतु अपनी जिम्मेदारियां से अवगत कराएंगे इस अभियान का आगाज सोमवार को प्रातः 8.30 बजे स्कूल के सभागार में होगा।

संस्था के महासचिव विनीत लोहिया एवं स्कूल प्राचार्य संगीता आचार्या के अनुसार इस सेमिनार में 500 छात्र छात्राएं भाग लेंगे। सेमिनार में शहर को प्रदूषण मुक्त एवं साफ सुथरा रखने के लिए जरूरी जानकारियां उपलब्ध कराई जाएगी। सेमिनार में संस्था के सदस्य डॉक्टर रमेश टहलियानी एवं डॉक्टर प्रीति चडक युवा पीढ़ी को प्रशिक्षित एवं जागरूक करने हेतु अपने शोध प्रस्तुत करेंगे। साथ ही स्कूल के 10 छात्र छात्राएं इस विषय पर अपने विचार रखेंगे। लोहिया के अनुसार अजमेर शहर को स्वच्छ और स्मार्ट बनने के लिए संस्था की ओर से यह पहल प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ जिम्मेदारियां को निभाने के लिए एक छोटा सा प्रयास होगा जिसे स्कूली स्तर से प्रारंभ करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक भावनाओं को पहुंचना है। सेमिनार में संस्था के अध्यक्ष चार्टर्ड अकाउंटेंट एच एम जैन, उपाध्यक्ष गिरधारी लाल मंगल, कोषाध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खेल प्रशासक धनराज चौधरी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के पूर्व सदस्य एवं प्रमुख समाजसेवी कंवल प्रकाश किशनानी, सुनील जालोरी, रमाकांत अग्रवाल, अशोक बैजल, जगदीश बच्चानी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल कोऑर्डिनेटर सुश्री अर्पिता भटनागर करेंगी।

## आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का सम्मान, बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राजकीय पारख बालिका विद्यालय में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक हरलाल सहारण एवं नगर परिषद सभापति विनय कुमार गोयनका ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास, पोषण एवं शिक्षा की मजबूत नींव तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला एवं बच्चे तक पहुंचाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। नगर परिषद सभापति विनय कुमार गोयनका ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषण, शिक्षा और संस्कार तीनों का महत्वपूर्ण स्थान है। आंगनबाड़ी केंद्र इन तीनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल प्रभारी सुरेश सारस्वत, पार्षद हारून गुर्जर, बाबू इस्माईल, नरेन्द्र सैनी, भाजपा महिला जिला मंत्री भारती मुदगल, राजेश माटोलिया एवं सुनील ढाका सहित अन्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यवाहक उपनिदेशक प्रमोद कुमार धायल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पांच आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं तथा पांच आंगनवाड़ी केंद्रों की आशा सहयोगिनियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं प्रवेशोत्सव के तहत पांच बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इस दौरान पांच बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी करवाया गया।कार्यक्रम के आयोजन में सहायक प्रशासनिक अधिकारी करणपाल सिंह, महिला पर्यवेक्षक ज्योति, शीतल बत्रा, शशिकला शर्मा, सुमन मीणा, संजू कंवर, सुदेश कंवर, वरिष्ठ सहायक नरेन्द्र सिंह, निखिल, सहायक अकाउंट ऑफिसर अनामिका सिंह, ब्लॉक समन्वयक रेखा कंवर एवं वरिष्ठ सहायक जयभगवान सहित विभागीय कार्मिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पार्षद हरिराम चौपड़ा की जीत पर वार्ड 48 में जश्न, वार्डवासियों ने निकाला विजयी जुलूस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नगर निकाय चुनाव में वार्ड संख्या 48 से नवनिर्वाचित पार्षद हरिराम चौपड़ा के विजयी होने पर वार्डवासियों की ओर से उत्साहपूर्वक विजयी जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान वार्डवासियों ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।विजयी जुलूस में बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए। लोगों ने पार्षद हरिराम चौपड़ा का स्वागत करते हुए उन्हें फूल-मालाएं पहनाईं और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह एवं खुशी का माहौल रहा।इस अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षद हरिराम चौपड़ा ने वार्डवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि वार्ड के प्रत्येक मतदाता और क्षेत्रवासियों के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों ने जो विश्वास और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उस पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे।उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास, साफ-सफाई, सड़क, पानी, बिजली सहित मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्राथमिकता से प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सभी वार्डवासियों को साथ लेकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान वार्डवासियों ने पार्षद हरिराम चौपड़ा का स्वागत करते हुए उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्षद ने वार्ड में बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया।

## वन विहार विकास समिति की कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** वन विहार विकास समिति चूरू की आमसभा का आयोजन रविवार को जीवनराम महर्षि की अध्यक्षता में किया गया। आमसभा में समिति की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी रणवीर सिंह पुनड़िया के सानिध्य में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई।आमसभा में किशनाराम को अध्यक्ष, जसवंत सिंह को मंत्री, मदन महर्षि को उपाध्यक्ष, असगर जोईया को उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश कोषाध्यक्ष, माणक चंद को संगठन मंत्री, आनंद बाला को संयुक्त मंत्री, जतीन महर्षि को मीडिया प्रभारी, नागर मल को खेल मंत्री तथा शिशपाल को उपकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का उपस्थित सदस्यों ने स्वागत किया तथा वन विहार के विकास एवं समिति की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

आमसभा में सांवरमल बुडानिया, मोहम्मद उमर, सैयद जाकिर भाटी, रामनिवास मोगा, नोरंग कंवरा, प्रकाश लाम्बा, देवकरण फरोड़िया, सुशील बुडानिया, लीचाराम राव, सुखराम सहारण, बनवारी शर्मा एवं भेद मोहम्मद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा में समिति के आगामी कार्यों एवं वन विहार के विकास को लेकर भी चर्चा की गई।

## अजयमेरू लेडीस सोशल सोसाइटी ने बुजुर्गों के साथ आत्मीय संवाद किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अजमेर।** अजयमेरू लेडीस सोशल सोसाइटी की ओर से रविवार को श्राद्ध पक्ष के प्रथम दिन दौलत बाग में बुजुर्गों के साथ आत्मीय संवाद एवं योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में सोसाइटी की सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ गायत्री मंत्र का जाप एवं योग किया तथा उनके साथ समय बिताकर उनकी भावनाओं, यादों और जीवन के अनुभवों को जाना। इस दौरान बुजुर्गों को समोसे, क्रीम रोल एवं चॉकलेट वितरित किए गए तथा उनके साथ विभिन्न खेल भी खेले गए। सोसाइटी की अध्यक्ष दिशा प्रकाश किशनानी ने बताया कि बुजुर्गों के मन की बात ए.एल.एस.एस के साथ प्रोजेक्ट का उद्देश्य बुजुर्गों के साथ समय बिताना, उनकी भावनाओं को समझना तथा उनके जीवन के अनुभवों और यादों को साझा करना है। इस मुहिम की शुरुआत 26 जनवरी 2025 से की गई थी, जो निरंतर जारी है। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी की सदस्यों ने बुजुर्गों से आत्मीय बातचीत करते हुए जाना कि वे अपना दिन किस प्रकार बिताते हैं, पार्क में अपने हमउम्र साथियों से मिलने पर उन्हें कैसा महसूस होता है तथा वे किस प्रकार एक-दूसरे के साथ अपने मन की बातें साझा करते हैं। सदस्यों ने उनकी पसंदीदा यादों, जीवन के अनुभवों और रुचियों के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर नीरू जैन, मानसी थारवानी, ऋतु मोतिरमानी सहित सोसाइटी की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ हंसी-मजाक और खेलों के माध्यम से खुशनुमा माहौल बनाया तथा उनके साथ आत्मीयता के पल साझा किए। अजयमेरू लेडीस सोशल सोसाइटी की यह पहल विशेष रूप से उन बुजुर्गों के लिए है, जो अकेले रहते हैं अथवा जिनके बच्चे और परिवारजन उनसे दूर रहते हैं। सोसाइटी का प्रयास है कि बुजुर्गों को अकेलेपन का एहसास न हो और उन्हें अपने हमउम्र साथियों एवं समाज के लोगों के साथ बातचीत तथा आनंद के अवसर मिलते रहें। सोसाइटी का मानना है कि बुजुर्गों के साथ नियमित संवाद, समय बिताना और उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुनना उनके सामाजिक एवं भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ाने में सहायक हो सकता है। सोसाइटी ने अधिक से अधिक बुजुर्गों से इस मुहिम से जुड़ने और अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों से विधायक राजेंद्र भांबू ने किया संवाद

**झुंझुनूं।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पातुसरी गांव में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं लाभार्थियों के साथ आत्मीय संवाद किया और उनकी समस्याओं, अनुभवों एवं सुझावों को सुना।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा राजस्थान डॉ. अरुणा सिहाग सहित महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान महिला एवं बाल विकास, पोषण, स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

## सभापति विनय गोयनका ने दिया सेवा और स्वच्छता का संदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** रैन बसेरा के पास जेजे फार्मेसी के नए प्रतिष्ठान का उद्घाटन नगर परिषद सभापति विनय कुमार गोयनका ने किया।

इस अवसर पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर जाहिद कुरैशी ने सभापति गोयनका का माला पहनाकर स्वागत किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सभापति विनय गोयनका ने कहा कि व्यवसाय को केवल व्यवसाय न मानकर सेवा की भावना के साथ किया जाना चाहिए, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं और सेवाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने प्रतिष्ठान संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोगों को उचित सेवा और सुविधाएं उपलब्ध करवाना व्यवसाय की सफलता का महत्वपूर्ण आधार है। सभापति गोयनका ने इस दौरान स्वच्छता एवं सफाई का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शहर में किसी भी स्थान पर सफाई व्यवस्था से संबंधित आवश्यकता हो तो आमजन नगर परिषद को अवगत करवाएं, ताकि समस्या का समाधान करवाया जा सके।इस अवसर पर पार्षद बाबू इस्माइल खान, सुरेश सारस्वत, उपाध्यक्ष आदिल खान, जुबैर खान, जावेद कुरैशी, गफ्फार कुरैशी, कारी करामात, खाज अदनान, इमरान बेहलीम, समीर, साहिल, इरफान सहित अनेक गणमान्यजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## खेल शारीरिक ऊर्जा और आपसी भाईचारे का माध्यमः तनवीर खां

**चूरू।** सरदारशहर के शिवाजी खेल स्टेडियम में आयोजित सरदारशहर रात्रीकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य तनवीर खां ने कहा कि खेल कोई भी हो, वह शारीरिक ऊर्जा के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट ने आज पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है और बड़ी संख्या में युवा इस खेल से जुड़े हुए हैं। खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है तथा उनमें अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजनकर्ताओं को धन्यवाद दिया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर तनवीर खां के साथ नासिर खां, आसिफ खां, प्यारेलाल बगड़िया, रोनक शर्मा, अली हसन, अल्ताफ खान एवं शहजाद खान का आयोजन समिति की ओर से स्वागत किया गया। आयोजनकर्ताओं नितेश बगड़िया, इमरान चुनगर, ललित स्वामी, सुमित जाट, क्यूम कलाल, गजानंद स्वामी एवं संजय सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में खिलाड़ियों, आयोजन समिति के सदस्यों एवं खेलप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## महरावणसर में श्रीनाथजी कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** महरावणसर क्षेत्र में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीनाथजी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य तनवीर खां ने किया। इस अवसर पर सुखाराम घिंटला सहित गांव के गणमान्य नागरिक लालचंद सहारण, बीरबल राम सहारण एवं रणवीर सहारण विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विक्रम मोठसरा, रोहिताश योगी, रामस्वरूप सहारण, जयलाल सहारण, हंसराज गोदारा, मेघराज गोदारा, मनोज सहारण, मांगीलाल योगी एवं देवकरण सहारण सहित आयोजनकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। उनके प्रयासों से प्रतियोगिता का आयोजन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के बीच कबड्डी के रोमांचक मुकाबले हुए। मुकाबले देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मैदान में पहुंचे। खिलाड़ियों के दमखम और शानदार खेल कौशल ने दर्शकों को रोमांचित किया और पूरे मैदान में उत्साह का माहौल बना रहा। उद्घाटन अवसर पर तनवीर खान ने युवाओं को खेलों से जुड़ने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, शारीरिक क्षमता और आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ावा देते हैं।

# पांच साध्वियों व एक साधु की बड़ी दीक्षा संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** जैन विश्व भारती परिसर में रविवार को आध्यात्मिक उल्लास और संयम की भावना से ओतप्रोत वातावरण के बीच तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य महाश्रमण के पावन सान्निध्य में पांच साध्वियों एवं एक साधु की बड़ी दीक्षा का भव्य समारोह संपन्न हुआ। विशाल जनमेदिनी की उपस्थिति में आचार्य महाश्रमण ने नूतन साधु-साध्वियों को बड़ी दीक्षा प्रदान की। इस पावन अवसर का बाड़मेर के लिए विशेष महत्व रहा। बाड़मेर की बेटी रुचिका मालू, जो अब साध्वी धर्मार्थ प्रभा हैं, ने भी आचार्य महाश्रमण से बड़ी दीक्षा ग्रहण की। साध्वी धर्मार्थ प्रभा के बड़ी दीक्षा ग्रहण करने के अवसर पर बाड़मेर से पहुंचे श्रावक-श्राविकाओं एवं उनके परिजनों में विशेष उत्साह और भावनात्मक वातावरण देखने को मिला। साध्वी धर्मार्थ प्रभा ने कुछ समय पूर्व आचार्य महाश्रमण के कर-कमलों से दीक्षा ग्रहण कर सांसारिक जीवन का त्याग करते हुए संयम मार्ग स्वीकार किया था।

दीक्षा के समय आचार्य ने दीक्षार्थी रुचिका मालू को 'करेमि भंते' का पाठ करवाया। इसके बाद केशलुंचन की विधि संपन्न हुई तथा आचार्य महाश्रमण ने उनके नूतन नाम 'साध्वी धर्मार्थ प्रभा' की घोषणा की थी। रुचिका मालू का साध्वी जीवन स्वीकार करना मालू परिवार सहित पूरे बाड़मेर के लिए भावनात्मक और प्रेरणादायी प्रसंग रहा। बड़ी दीक्षा के इस अवसर पर उनके परिजनों एवं बाड़मेर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने साध्वी धर्मार्थ प्रभा के संयममय जीवन की मंगलकामना करते हुए उनके आध्यात्मिक विकास के लिए शुभभावनाएं व्यक्त कीं। समारोह के दौरान आचार्य महाश्रमण ने नूतन साधु-साध्वियों को संयम,

**जैन विश्व भारती में गूंजा संयम और साधना का मंगल स्वर**

अनुशासन, साधना, त्याग और आत्मकल्याण के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। तेरापंथ धर्मसंघ की मर्यादा एवं अनुशासन को जीवन में आत्मसात करते हुए आध्यात्मिक साधना को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। बड़ी दीक्षा समारोह के साक्षी बनने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जैन विश्व भारती पहुंचे। विशाल जनसमुदाय की उपस्थिति में पूरा परिसर आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। साधु-साध्वियों, श्रावक-श्राविकाओं एवं धर्मसंघ के अनुयायियों ने नूतन साधु-साध्वियों के प्रति मंगलभावना व्यक्त की। पांच साध्वियों एवं एक साधु की बड़ी दीक्षा का यह अवसर तेरापंथ धर्मसंघ के लिए महत्वपूर्ण आध्यात्मिक प्रसंग रहा। वहीं बाड़मेर की बेटी साध्वी धर्मार्थ प्रभा की बड़ी दीक्षा ने बाड़मेरवासियों के लिए इस अवसर को विशेष रूप से गौरवपूर्ण और भावनात्मक बना दिया।

# बढ़ता आत्मविश्वास और अनुशासन : माहेश्वरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजनगर केन्द्र द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय 11 वर्षीय छात्र-छात्रा प्राथमिक/उच्च प्राथमिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 के उद्‌घाटन समारोह में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आए नन्हे खिलाड़ियों से उन्होंने परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन,

आत्मविश्वास, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं इन प्रयासों को मजबूत आधार देती हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति अनिता पालीवाल, पार्षदगण, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, विद्यालय परिवार, प्रबंधन समिति, शिक्षक, अभिभावक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आयोजन के लिए विद्यालय परिवार एवं आयोजक समिति का आभार व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# नशा मुक्ति संदेश के साथ नुक्कड़ नाटक का मंचन

**नाथद्वारा।** श्रीनाथजी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी द्वारा विकसित भारत जन सेवा अभियान के अंतर्गत शनिवार को "नशा दुरुपयोग रोकथाम एवं जागरुकता" विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन उपली ओडन गांव में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक अशोक पारीख ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि युवा देश की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं। नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर युवा अपनी ऊर्जा को शिक्षा, कौशल, खेल एवं रचनात्मक कार्यों में लगाएं। उन्होंने कहा कि जागरुकता और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से नशामुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। प्राचार्य डॉ. हिमांशु मेहता ने कहा कि नशे की रोकथाम केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने मित्रों तथा आसपास के युवाओं को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. शिखा ओझा एवं मुकेश ऊंटवाल ने आयोजन को सफल बनाने में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे की लत के सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

# सांसद मेवाड़ ने किया जिले का दौरा

**राजसमंद/कुंभलगढ़।** सेवा संकल्प अभियान के तहत राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सेवा, विकास, सड़क सुरक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर संवाद किया। अपने दौरे की शुरुआत उन्होंने नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम से की, इसके बाद कुम्भलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में देसूरी की नाल का अधिकारियों के साथ दौरा कर प्रस्तावित विकास एवं उन्नयन कार्य की जानकारी ली तथा दिन के अंतिम चरण में नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय मुलाकात की। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में सांसद मेवाड़ ने नाथद्वारा क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र का दौरा किया और बच्चों के साथ समय बिताकर उनसे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं से भी विस्तृत चर्चा की और गर्भवती महिलाओं तथा माताओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सांसद ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र केवल बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि गर्भावस्था से लेकर बच्चे के जन्म और उसके स्कूल में प्रवेश तक उसके स्वस्थ विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है।

▪ आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों और कार्यकर्ताओं से संवाद

# आंगनवाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

**राजसमंद।** रेलमगरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटडी के आंगनवाड़ी केंद्र प्रथम पर शनिवार को आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों द्वारा महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में दी जा रही सेवाओं की सराहना की गई। उत्कृष्ट सेवा भावना एवं समर्पण के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री की ओर से जारी बधाई संदेश एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कोटडी प्रधानाचार्य एवं पीईईओ गरिमा शक्तावत सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों ने ग्रामीण क्षेत्र में संचालित महिला एवं बाल विकास से जुड़ी सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण एवं सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी एवं पोषण संबंधी सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र परिवारों से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में रतनलाल सालवी, मुकेश बराला सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनी हेमलता मीणा, सहित ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

# गुड़ामालानी में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने सुनी 'मन की बात'

**बालोतरा/गुड़ामालानी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी रविवार को भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान केंद्र, गुड़ामालानी के कार्यालय भवन के उद्‌घाटन समारोह में शामिल होने के लिए गुड़ामालानी पहुंचे। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने गुड़ामालानी स्थित बूथ संख्या 276, राठौड़ों की ढाणी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 138वें संस्करण को सुना। इस अवसर पर भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों से सीधे जुड़ने का प्रभावी माध्यम है। राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार, श्री अन्न तथा किसानों की आय और कृषि को अधिक सशक्त एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान बाड़मेर-जैसलमेर-बालोतरा सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, पूर्व केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट सहित कृषि मंत्रालय के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेलमगरा थाने में एसपी ने की जनसुनवाई

**राजसमंद।** रेलमगरा थाना परिसर में शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल ने जनसुनवाई की। इस दौरान थाने में आए परिवादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित जांच अधिकारियों को परिवादों के शीघ्र निस्तारण की प्रक्रिया संपादित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार पारीक और नाथद्वारा वृत्त अधिकारी शिप्रा राजावत भी मौजूद रहे। जनसुनवाई में आपसी विवाद, जमीन एवं संपत्ति विवाद सहित अन्य मामलों की सुनवाई की गई। अधिकारियों ने साइबर अपराधों से बचाव, संदिग्ध गतिविधियों के प्रति जागरूक रहने और यातायात नियमों की पालना को लेकर भी लोगों को जागरूक किया। एसपी हेमंत कलाल ने क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए ग्रामीणों की सहभागिता पर जोर दिया।

- ग्रामीण रात्रि गश्त मॉडल बनाने पर जोर
- जांच अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश
- साइबर-यातायात नियमों को किया जागरूक

# मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं आत्महत्या रोकथाम विषयक संगोष्ठी आयोजित

**पोकरण।** मानसिक स्वास्थ्य माह के तहत मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं आत्महत्या रोकथाम के उद्देश्य से जिला अस्पताल, पोकरण में विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव, अवसाद, चिंता तथा आत्महत्या की रोकथाम से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चिकित्सकों एवं प्रतिभागियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में पीएमओ डॉ. प्रकाश चौधरी के साथ डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. बाबूलाल गर्ग, डॉ. परमेश्वर चौधरी, डॉ. तुलछाराम, डॉ. सुरेंद्र जाखड़, डॉ. राजकमल सुखाड़िया, डॉ. मदन माली, डॉ. रमन यादव, डॉ. सोहन सिंह एवं डॉ. अजय पाल सहित अन्य चिकित्सकों ने भाग लिया। संगोष्ठी में डॉ. जीतेंद्र नाराणिया, मनोचिकित्सक एवं जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, जैसलमेर ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता, आत्महत्या के जोखिम संकेतों की पहचान, समय पर सहायता एवं उपचार तथा आत्महत्या रोकथाम में परिवार एवं समाज की भूमिका पर जानकारी दी। डॉ. नाराणिया ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को छिपाने या नजरअंदाज करने के बजाय समय रहते पहचानना और विशेषज्ञ से परामर्श लेना जरूरी है। आत्महत्या से जुड़े विचार या व्यवहार के संकेत दिखाई देने पर व्यक्ति को अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। ऐसे समय में उसे तत्काल भावनात्मक सहयोग एवं चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराना आवश्यक है।

# व्यापार जगत

## एसी, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** फेस्टिव सीजन में अगर आप एसी, टीवी, फ्रिज या वॉशिंग मशीन खरीदने की तैयारी कर रहे हैं तो आपकी जेब पर असर पड़ सकता है। कॉपर, स्टील, एल्युमीनियम और अन्य कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के साथ-साथ महंगे फ्रेट और रुपए में उतार-चढ़ाव के चलते कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंस कंपनियां कीमतें बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। इंडस्ट्री से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 1 अक्टूबर से कई कंपनियां एसी और दूसरे घरेलू उपकरणों की कीमतों में 5% से 8% तक बढ़ोतरी कर सकती हैं। कुछ कंपनियों ने पहले ही कीमतें बढ़ा दी हैं। यह साल 2026 में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की ओर से की जाने वाली कीमतों में तीसरी बढ़ोतरी होगी।

**एक अक्टूबर से बड़ा झटका**

### दिवाली तक मिल सकते पुराने दाम पर

▪ फेस्टिव सीजन में ग्राहकों के लिए राहत की बात यह है कि दुकानों और डीलर्स के पास पुराने दाम वाला स्टॉक मौजूद है। कंपनियों और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने कीमत बढ़ने से पहले अगस्त और सितंबर में काफी इन्वेंट्री जमा की थी। जानकारों के मुताबिक यह पुराना स्टॉक करीब एक से डेढ़ महीने तक चल सकता है।

### इन सामानों के इतने बढ़ेंगे दाम

▪ एसी की कीमतों में सबसे ज्यादा 5% से 8% तक की बढ़ोतरी देखी जाएगी। कुछ प्रीमियम ब्रांड्स जैसे ब्लू स्टार, गोदरेज अप्लायंसेज, हायर, डाइकिन और सुपर प्लास्ट्रॉनिक्सने एसी की कीमतों में 10% तक के इजाफे का संकेत दिया है। एलईडी टीवी और वॉशिंग मशीन में कीमतें करीब 3% से 4% तक बढ़ सकती हैं। सुपर प्लास्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, जो भारत में थॉमसन, कोडक और ब्लाउपंक्ट जैसे टीवी ब्रांड बनाती और बेचती है, अक्टूबर के बाद टीवी की कीमतों में करीब 7% की बढ़ोतरी करने की योजना बना रही है।

### फेस्टिव सीजन में 30-40% तक बिक्री

कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडस्ट्री के लिए नवरात्रि से दिवाली तक का समय बेहद अहम होता है। आंकड़ों के मुताबिक ओणम से लेकर दशहरा और दिवाली तक का फेस्टिव पीरियड कंपनियों की सालाना बिक्री में करीब 30-40% योगदान देता है। ऐसे में कंपनियों के सामने चुनौती यह है कि क्या मजबूत फेस्टिव डिमांड बढ़ती कीमतों का असर झेल पाएगी। कुछ कंपनियों को उम्मीद है कि पहले से जमा इन्वेंट्री के कारण ग्राहकों को कुछ समय तक पुराने दाम का फायदा मिलेगा।

तेल संकट पर रूसी मंत्री का बयान

## भारत को रूस ने बचा लिया

**नई दिल्ली।** तेल संकट के बीच रूसी मंत्री का भारत के संदर्भ में बड़ा बयान आया है। रूसी मंत्री ने कहा है कि तेल संकट के दौरान रूस ने भारत की मदद की थी। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही है। भारत में उन्हीं देशों में शामिल है। पश्चिम एशिया में संघर्ष के बाद जब वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हुई, तब रूस से आने वाले कच्चे तेल ने भारत की जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई। रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने कहा है कि भारत और रूस के बीच पहले से मौजूद तेल आपूर्ति व्यवस्था ने वैश्विक ऊर्जा कारोबार में आई बाधाओं के असर को काफी हद तक कम करने में मदद की।

### सितंबर में कम खरीद

▪ आंकड़ों के मुताबिक सितंबर 2026 में भारत की रूसी कच्चे तेल की खरीद करीब 1.8 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) चल रही है। यह अगस्त के मुकाबले स्थिर है, लेकिन जुलाई के स्तर से कम है। अगस्त में भारत ने करीब 2.08 मिलियन बीपीडी रूसी तेल खरीदा था, जबकि जुलाई में यह आंकड़ा करीब 2.82 मिलियन बीपीडी था।

### भारत बना बड़ा खरीदार

▪ यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों और रूसी तेल पर लगाए गए प्राइस कैप के बीच रूस ने एशियाई बाजारों की ओर अपना तेल निर्यात बढ़ाया। भारत भी इस बदलाव का बड़ा खरीदार बना और रूसी क्रूड देश के आयात बास्केट का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया।

## राशिफल | 28 सितंबर 2026

**मेष** (अ, आ, चु, चे, चो, ला, ली, लु, ले, लो) — आज कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। नए अवसर मिलेंगे और रुके काम पूरे होंगे। शुभ अंकः 9 | शुभ रंगः लाल

**वृष** (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो) — आज कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। आर्थिक लाभ के अवसर मि लें गे। परिवार में सुख-शांति रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहे गा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा और योजनाएं सफल होंगी। शुभ अंकः 6 | शुभ रंगः हरा

**मिथुन** (का, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह) — कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। प रिवार का सहयोग रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा और महत्वपूर्ण निर्णय आपके पक्ष में रहेंगे। शुभ अंकः 5 | शुभ रंगः पीला

**कर्क** (ही, हु, हे, हो, डा, डी, डु, डे, डो) — आज पा रिवारिक जीवन सुखद रहेगा। कार्यों में उन्नति होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा लाभदायक होगी और नए संपर्क उपयोगी साबित होंगे। शुभ अंकः 2 | शुभ रंगः सफेद

**सिंह** (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टू, टे) — आज सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। परिवार में प्रसन्नता रहे गी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा और रुके कार्य पूरे होंगे। शुभ अंकः 1 | शुभ रंगः सुनहरा

**कन्या** (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) — आज मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नए अवसर प्राप्त होंगे और मन प्रसन्न रहेगा। शुभ अंकः 3 | शुभ रंगः नीला

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) — आज भाग्य का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आर्थि क स्थिति बेहतर होगी। परिवार में आनंद रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा और संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। शुभ अंकः 7 | शुभ रंगः गुलाबी

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) — आज संयम से काम लें। कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें और विवादों से बचें। शुभ अंकः 9 | शुभ रंगः मरून

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) — आज का दिन लाभकारी रहेगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में खुशहाली रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यात्रा के योग बनेंगे और नए अवसर मिलेंगे। शुभ अंकः 4 | शुभ रंगः नारंगी

**मकर** (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी) — आज मेहनत का फल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा और योजनाएं सफल होंगी। शुभ अंकः 8 | शुभ रंगः भूरा

**कुम्भ** (गु, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) — आज न ए अवसर मिलेंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। आ र्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा और मन में सकारात्मकता बनी रहेगी। शुभ अंकः 6 | शुभ रंगः आसमानी

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) — आज रुके हुए कार्य पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। परिवार में शांति और प्रेम रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आत्मबल बढ़ेगा। भाग्य का सहयोग मिलेगा और अवसर लाभदायक रहेंगे। शुभ अंकः 3 | शुभ रंगः बैंगनी

## ई20 पेट्रोल ने बिगाड़ा सारा खेल!

**नई दिल्ली।** जब से ई20 पेट्रोल आया है, सरकार की ब्लेंडिंग फ्यूल नीति पर संकट के बादल दिखाई दे रहे हैं। ब्लेंडिंग फ्यूल के लिए भारत ने तेजी से इथेनॉल का उत्पादन किया। लेकिन अब इंडस्ट्री के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। यह नई चुनौती इथेनॉल के अतिरिक्त उत्पादन को खपाने के लिए नए घरेलू और विदेशी बाजार तलाशना है। वहीं ई20 कार्यक्रम के आगे विस्तार पर फिलहाल अनिश्चितता है। ऐसे में डीजल में बायोफ्यूल ब्लेंडिंग, नए औद्योगिक इस्तेमाल और सीमित निर्यात बाजार इथेनॉल कंपनियों के लिए अहम विकल्प बन सकते हैं।

### ई25 और ई30 पर फिलहाल ब्रेक

इस बीच सरकार ने पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग को ई25 या ई30 तक अनिवार्य करने की दिशा में फिलहाल कोई कदम नहीं बढ़ाया है। ई20 को लेकर वाहन मालिकों की चिंताओं और विरोध के बीच मौजूदा रोडमैप 31 अक्टूबर तक ई20 पर ही सीमित है।

### अलग-अलग कीमत का सुझाव

इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि सभी वाहनों के लिए एक ही इथेनॉल ब्लेंडिंग स्तर लागू करने के बजाय अलग-अलग ब्लेंड वाले पेट्रोल की कीमतों में अंतर किया जा सकता है।

## आज से तीन दिन बैंक हड़ताल

**नई दिल्ली।** बैंकिंग ग्राहकों के लिए 28 से 30 सितंबर के बीच राहत की खबर है। बैंक यूनियंस ने इन तीन दिनों के लिए देशव्यापी बैंक हड़ताल का प्रस्ताव रखा है। हड़ताल की स्थिति में ग्राहकों को नकदी निकालने में परेशानी न हो, इसके लिए बैंकों ने एटीएम ट्रांजैक्शन पर लगने वाले शुल्क को अस्थायी रूप से माफ करने का ऐलान किया है। एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक ने इस संबंध में अलग-अलग सुविधाओं की जानकारी दी है। एसबीआई ने 28 से 30 सितंबर तक किसी भी बैंक के एटीएम से किए गए ट्रांजैक्शन पर लागू चार्ज माफ करने की घोषणा की है।

▪ कई बैंकों ने एटीएम चार्ज किया माफ

## कंपनी ने टीडीएस काटकर सरकार को नहीं दिया

### आयकर विभाग ने कर्मचारी को भेजा 3.36 लाख का नोटिस

**नई दिल्ली।** अगर आपकी कंपनी सैलरी से टीडीएस काट ले, लेकिन उसे सरकार के खाते में जमा न करे, तो इसका खामियाजा कर्मचारी को नहीं भुगतना पड़ेगा। मुंबई की एक आईटी प्रोफेशनल के मामले में आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने इसी सिद्धांत को दोहराते हुए राहत दी है। महिला ने इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) में 3.91 लाख रुपए टीडीएस का क्रेडिट मांगा था, लेकिन उसे सिर्फ 79,030 रुपए का क्रेडिट मिला। इसके बाद उस पर 3.36 लाख रुपए की टैक्स डिमांड खड़ी हो गई थी। महिला ने पहले सीपीसी में रेक्टिफिकेशन की अर्जी दी, फिर पहली अपील की जो देरी के कारण खारिज हो गई।

### आईटीएटी मुंबई का अहम फैसला

▪ आईटीएटी ने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के पुराने फैसलों का हवाला देते हुए महिला के हक में फैसला सुनाया। ट्रिब्यूनल ने इनकम टैक्स अधिकारी को महिला द्वारा दिए गए सबूतों (फॉर्म 16, सैलरी स्लिप, बैंक रिकॉर्ड्स) का सत्यापन करने और 3.91 लाख रुपए का पूरा टीडीएस क्रेडिट देने का निर्देश दिया।

# जिलेभर में खेलों का समर, दमखम दिखा रहे है खिलाड़ी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिलेभर में इन दिनों खेलों का समर छाया हुआ है। स्कूलों के मैदान सुबह से ही खिलाड़ियों की आवाजों, तालियों की गूंज और जीत के जोश से गुलजार नजर आ रहे हैं। कहीं कबड्डी तो कहीं खो-खो, वॉलीबॉल और अन्य खेलों में तल्लीनता दिखाई दे रही है। स्कूली स्तर पर आयोजित हो रही विभिन्न प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच बन गई हैं। हर मैच और हर स्पर्धा के साथ खिलाड़ियों के बीच आगे निकलने की होड़ दिखाई दे रही है। खास बात यह है कि इन मुकाबलों के बीच खेल प्रशिक्षकों और आयोजकों की नजर उन खिलाड़ियों पर भी है, जिनमें आगे चलकर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की क्षमता नजर आ रही है।

## नेटबॉल में जिला स्तर पर दूसरा स्थान, आठ खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**उधर** जिले के ग्रामीण क्षेत्र कैलाशनगर स्थित लाइमा स्कूल ऑफ लर्निंग के विद्यार्थियों ने परि क्षेत्रीय एवं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय ने परी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक कैलाश माली एवं प्रधानाचार्य अनीता ने बताया कि शारीरिक शिक्षक चिराग स्मिथ एवं देवीसिंह के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। खो-खो के बालक वर्ग में विद्यालय ने प्रथम तथा बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ के बालक एवं बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान तथा लंबी कूद छात्र वर्ग में भी द्वितीय स्थान हासिल किया गया। खो-खो में मानव राज को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। प्रतियोगिता में दल प्रभारी के रूप में महिमा ने जिम्मेदारी निभाई। प्रतियोगिता में सफलता के बाद विद्यालय लौटे खिलाड़ियों का विद्यालय प्रशासन की ओर से माला पहनाकर, साफा बांधकर एवं ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर खुशी जताई। इधर, लोटिवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय नेटबॉल छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय की टीमों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के आठ खिलाड़ियों का चयन जोधपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय छात्र-छात्रा नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए छात्रा वर्ग में जानवी, कल्पना, काव्या एवं कृतिका तथा छात्र वर्ग में जगदीश, सोमाराम, संजय एवं चौधरी का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर सिरोही जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय प्रशासन ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## जिला स्तरीय रोल प्ले प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल पिण्डवाड़ा प्रथम

**झाड़ोली।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुराना भवन सिरोही में आयोजित जिला स्तरीय रोल प्ले प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल पिंडवाड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब विद्यालय की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिरोही जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल की ओर से नव्या रावल, प्रिया राजपुरोहित, लिखिता शर्मा, सोहन एवं युवराज कुमार ने प्रतिभाग किया। मेंटॉर शिक्षक मुबारक हुसैन के निर्देशन में विद्यार्थियों ने लगभग छह मिनट के प्रभावशाली रोल प्ले के माध्यम से 'बेटे-बेटी में भेदभाव और उसके परिणाम' विषय को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय, प्रभावशाली संवाद एवं सशक्त प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक भेदभाव से होने वाले दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से उजागर किया। टीम की प्रस्तुति को निर्णायकों ने सराहा और

उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मॉडल स्कूल पिंडवाड़ा को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम सुंदर व्यास एवं उप प्रधानाचार्य राकेश कुमार सोलंकी ने विजेता विद्यार्थियों एवं उनके मेंटॉर शिक्षक को बधाई देते हुए राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टीम के साथ महिला प्रभारी के रूप में विजेता गुर्जर भी साथ रहेंगी।

## 12 पदकों के साथ टेनएक्स शूटिंग एकेडमी का शानदार प्रदर्शन

**सिरोही।** 70वीं जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में टेनएक्स शूटिंग एकेडमी के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक हासिल किए। प्रशिक्षक आशीष गोस्वामी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर एकेडमी का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में जसवंत, जगपाल देवड़ा, कुलदीप राणावत, परवेश, माधवी और निशा शामिल हैं। वहीं प्रतीक एवं शीतल ने रजत पदक हासिल किए। कांस्य पदक जीतने वालों में मयंक सिंह, ऋतिका, कर्मवीर और समरजीत सिंह शामिल रहे। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। एकेडमी के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेलप्रेमियों एवं शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए सभी विजेता निशानेबाजों को बधाई दी। प्रशिक्षक आशीष गोस्वामी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

## जिला स्तरीय 14 वर्षीय टेबल टेनिस व रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का समापन

**आबूरोड।** उमरणी स्थित दयानंद पैराडाइस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय टेबल टेनिस एवं रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिलेभर के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पर्यवेक्षक अमित सिंह वर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निचलगढ़ के अनुसार, टेबल टेनिस में छात्र एवं छात्रा वर्ग के सात दलों के कुल 33 खिलाडि़यों ने भाग लिया। वहीं रोलर स्केटिंग में छात्र वर्ग के 12 तथा छात्रा वर्ग के 10 दलों सहित कुल 87 खिलाडि़यों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस छात्र वर्ग में सेंट पॉल शिवगंज ने प्रथम, आईपीएस जेकेपुरम ने द्वितीय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिवेरा ने तृतीय तथा अजित विद्या मंदिर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अजित विद्या मंदिर सिरोही की छात्राओं ने भी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में संयोजक निर्णायक हेमंत कोरजानी के नेतृत्व में निर्णायक मंडल ने निष्पक्षता से दायित्व निभाया। रोलर स्केटिंग में दयानंद पैराडाइस विजेता तथा सर्वयोग इंटरनेशनल स्कूल सोनल मंडार उपविजेता रहा। इम्मानुएल मिशन स्कूल सिरोही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसटी जकड़ इंटरनेशनल स्कूल सिरोही एवं राजेश्वर विद्या मंदिर मंडार ने संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान हासिल किया। दयानंद पैराडाइस के संचित कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। रोलर स्केटिंग की निर्णायक टीम के संयोजक हरीश मीणा रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मोतीलाल आर्य एवं प्रकाश आर्य सहित विद्यालय प्रबंधन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान विजेता एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में आयोजक विद्यालय के सचिव एवं प्रधानाचार्य प्रवीण आर्य ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, खिलाडि़यों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। ध्वजावतरण के साथ प्रतियोगिता के समापन की विधिवत घोषणा की गई।

**कालन्द्री।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आकुना में 22 से 24 सितंबर तक 42वीं जिला स्तरीय प्राथमिक विद्यालय 11 वर्षीय छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 350 से अधिक खिलाडि़यों ने भाग लेकर कबड्डी, खो-खो और जिम्नास्टिक में अपनी प्रतिभा दिखाई। कबड्डी के छात्र वर्ग में रतनगढ़ प्रथम, मालपुरा द्वितीय और चनार तृतीय स्थान पर रहा। छात्रा वर्ग में मेर मंडवाड़ा प्रथम, मोरस द्वितीय और पीथापुरा-एम तृतीय स्थान पर रहा। खो-खो के छात्र वर्ग में चोटिला प्रथम, मेर मंडवाड़ा द्वितीय और कैलाशनगर तृतीय स्थान पर रहा। छात्रा वर्ग में चोटिला प्रथम, जालमपुरा द्वितीय और तलते तृतीय स्थान पर रहा। जिम्नास्टिक के छात्र वर्ग में आकुना प्रथम, रानाडी द्वितीय और ठंडी बेरी तृतीय स्थान पर रहा। छात्रा वर्ग में दत्तानी वास प्रथम, आकुना द्वितीय और मोरडू तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में मुख्य भामाशाह किशोरसिंह दहियावत एवं समाजसेवी गोकुल भाई देवासी रहे। संस्था प्रधान गंगा सिंह ने बताया कि समापन समारोह में ठाकुर राजेंद्र सिंह देवड़ा, एसएमसी अध्यक्ष मोहनलाल प्रजापत, पीईईओ मडिया वि' मसिंह देवड़ा, पर्यवेक्षक रितेश राणा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता टीमों के खिलाडि़यों को पुरस्कार प्रदान किए।

## विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत मदरसा में प्रतियोगिताएं आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** स्थानीय मदरसा में 'विकसित भारत जन सेवा अभियान' के तहत शनिवार को विभिन्न शैक्षिक एवं प्रेरणादायी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्य म का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, बौद्धिक क्षमता एवं अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के तहत कक्षा 4 के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता एवं सृजनात्मक सोच को कागज पर उकेरा। चित्रकला प्रतियोगिता में इस्मीनुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें रजीया बानु प्रथम रहीं। विद्यार्थियों ने देश के विकास, स्वच्छता, शिक्षा एवं प्रगति से जुड़े विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान क्षमावाणी पर्व के अवसर पर आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सदभाव का संदेश भी दिया गया। उपस्थित लोगों ने सामाजिक समरसता एवं आपसी प्रेम बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्य म में संस्था के शिक्षक एवं कार्मिक अकरम खां, अमजद खान एवं विक्रम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों एवं शिक्षकों ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खन्दरा में निशुल्क नेत्र शिविर 4 को, विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे जांच

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** समीपवर्ती खन्दरा गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार, 4 अक्टूबर को विशाल निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निशुल्क नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर का आयोजन ग्लोबल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, माउंट आबू द्वारा संचालित ग्लोबल अस्पताल नेत्र संस्थान, आबूरोड, साइटसेवर्स इंडिया एवं जिला अंधता निवारण समिति, सिरोही के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर का आयोजन खन्दरा मठ के गादीपति महंत रामनाथ महाराज के सौजन्य से किया जा रहा है। यह आयोजन ब्रह्मलीन महंत पिताम्बरनाथ (पोमजी) महाराज की चतुर्थ पुण्यतिथि (समाधि दिवस) की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आने वाले मरीजों के लिए निशुल्क नेत्र जांच, चश्मे की जांच, आवश्यक दवाइयां, मोतियाबिंद की जांच एवं ऑपरेशन, कृत्रिम लेंस की सुविधा तथा अन्य नेत्र रोगों की जांच एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। जांच के दौरान जिन मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता पाई जाएगी, उन्हें आवश्यक परामर्श देने के साथ आगे की चिकित्सा प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाएगी। आयोजकों ने बताया कि आंखों से संबंधित किसी भी परेशानी को नजरअंदाज करने के बजाय समय पर जांच करवाना आवश्यक है। विशेष रूप से बुजुर्गों, दृष्टि धुंधली होने, चश्मे की आवश्यकता महसूस होने अथवा आंखों से संबंधित अन्य समस्याओं से परेशान लोगों से शिविर में पहुंचकर जांच करवाने की अपील की गई है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## श्रीमदभागवत गीता के संदेशों से गूंजा बीएपीएस स्वामिनारायण मंदिर

» दो दिवसीय बाल पारायण में आत्मविश्वास, संयम और शरणागति का दिया संदेश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** बीएपीएस स्वामिनारायण मंदिर में श्रीमदभागवत गीता पर आधारित दो दिवसीय बाल पारायण का आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य बालकों में भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों एवं जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण के संस्कार विकसित करना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बालक-बालिकाओं सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जोधपुर मंदिर से आए योगीप्रेम स्वामी एवं दिव्येशमुनि स्वामी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। संतों ने बालकों को श्रीमदभागवत गीता के जीवनोपयोगी संदेशों को सरल रूप में समझाते हुए आत्मविश्वास, संयम एवं शरणागति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। बाल पारायण के दौरान बालकों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। श्रीमद्भगवद्गीता के प्रसंगों पर आधारित नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के संदेशों तथा जीवन मूल्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। बालकों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। आयोजन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और आध्यात्मिक जीवन मूल्यों से जोड़ना आवश्यक है। गीता का ज्ञान बच्चों को कठिन परिस्थितियों में आत्मविश्वास बनाए रखने, संयमित जीवन जीने और ईश्वर के प्रति श्रद्धा एवं शरणागति का भाव विकसित करने की प्रेरणा देता है। दो दिवसीय आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्य म में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर बाल पारायण का लाभ लिया। आयोजन के समापन पर सभी ने बालकों की प्रस्तुतियों एवं कार्यक्रम की सराहना की।

# होटल, रेस्टोरेंट एवं कैटरिंग एसोसिएशन की कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन

## शांतिलाल सोलंकी बने अध्यक्ष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सिरोही होटल, रेस्टोरेंट एवं कैटरिंग एसोसिएशन की कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। सर्वसम्मति से शांतिलाल सोलंकी को अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में संरक्षक पद पर रघुभाई माली, ताराराम माली एवं चंदुलाल सुथार को चुना गया। सलाहकार पद पर हीरालाल माली, रमेश रावल एवं महेंद्र मेड़तिया को जिम्मेदारी दी गई। उपाध्यक्ष पद पर फिरोज पठान, सचिव पद पर प्रकाश बी. माली तथा सह-सचिव पद पर मनोज प्रजापत को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर हीरालाल कंसारा एवं सह-कोषाध्यक्ष पद पर अमृतलाल प्रजापत को जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन मंत्री पद पर सत्यजीत सिंह एवं सह-संगठन मंत्री पद पर जतिन पटेल को चुना गया। प्रचार मंत्री पद पर भीमाराम माली तथा प्रवक्ता पद पर लाल सिंह राजपुरोहित को जिम्मेदारी दी गई। वहीं, सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में नरेश माली एवं शशांक माली का निर्विरोध चयन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की एकजुटता, आपसी सहयोग और सभी सदस्यों के हितों को प्राथमिकता देते हुए एसोसिएशन को मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों से मिलकर होटल, रेस्टोरेंट एवं कैटरिंग व्यवसाय के विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। नवनियुक्त संरक्षक रघु भाई माली ने कहा कि संगठन के सभी सदस्यों को साथ लेकर एसोसिएशन को मजबूत बनाने में पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। संरक्षक ताराराम माली ने कहा कि होटल, रेस्टोरेंट एवं कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े सभी व्यवसायियों की एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया।

### एसोसिएशन मजबूत बने, मिलकर कार्य करें

नवनियुक्त सचिव प्रकाश बी. माली ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एसोसिएशन को सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और सदस्य मिलकर कार्य करेंगे। उपाध्यक्ष फिरोज पठान ने कहा कि एसोसिएशन के माध्यम से व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने तथा आपसी सहयोग बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। प्रवक्ता लाल सिंह राजपुरोहित ने बताया कि पूरी कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति एवं निर्विरोध रूप से किया गया है। एसोसिएशन का उद्देश्य होटल, रेस्टोरेंट एवं कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े सभी व्यवसायियों को एकजुट कर उनके हितों एवं विकास के लिए संगठित रूप से कार्य करना है।

## तहसीलवार भू अभिलेख निरीक्षक मुख्यालय पर शिविरों का आयोजन आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के अंतर्गत जिले की प्रत्येक तहसीलवार भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त मुख्यालय पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि 28 सितंबर को सिरोही में बरलूट, जावाल और रामपुरा में, शिवगंज में उथमण व मांडाणी में, पिंडवाडा में पिंडवाडा, भावरी, रोहिडा में, आबूरोड में गिरवर, देलदर में आबूपर्वत में, रेवदर में मगरीवाड़ा, सिरोड़ी और नागाणी में शिविर होगा।

## भव्य शोभायात्रा 19 को, सर्वसमाज की होगी भागीदारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** कुलदेवी एवं कुलदेवता की भक्ति और आराधना को लेकर रविवार को शहर में व्यापारियों, महिला मंडलों और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 19 अक्टूबर को होने वाले भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। सभी संगठनों ने आयोजन में सहयोग देने की बात कही। बैठक के दौरान खेतलाजी महाराज के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। समाजों के प्रतिनिधियों और महिला मंडलों की पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाने का भरोसा दिलाया। आयोजकों के अनुसार 19 अक्टूबर को शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें विभिन्न समाजों के लोग, महिला मंडल, व्यापारी और शहरवासी शामिल होंगे। इसके बाद शाम को एक शाम कुलदेवी एवं कुलदेवता के नाम भक्ति जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। बैठक में शोभायात्रा के मार्ग, स्वागत, यातायात, कार्यक्रम स्थल और अन्य व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन किसी एक समाज तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सर्वसमाज की सहभागिता से आयोजित किया जाएगा।

## 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

>> कुसुम गुर्जर प्रथम, कृति मिश्रा द्वितीय और गायत्री ने हासिल किया तृतीय स्थान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जेकेपुरम।** निकटवर्ती आदर्श डूंगरी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारत के भविष्य, विकास और आत्मनिर्भरता से जुड़े अपने विचार निबंधों के माध्यम से प्रस्तुत किए। विद्यालय के कला एवं सांस्कृतिक प्रभारी विक्रम गर्ग ने बताया कि अभियान का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की दिशा में विद्यार्थियों को जागरूक करना है। इसके तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, भ्रष्टाचारमुक्त सुशासन, युवाओं के लिए रोजगार एवं नवाचार, महिला सशक्तीकरण एवं सुरक्षा तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण जैसे विषयों को प्रमुखता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2047 में भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुसुम गुर्जर ने प्रथम, कृति मिश्रा ने द्वितीय तथा गायत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था प्रधान तलसाराम मीणा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण केंद्र का किया शैक्षणिक भ्रमण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों ने सेंचुरी मार्बल स्थित नेटकोर स्किल डेवलपमेंट फाउंडेशन के निः शुल्क प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को अलग-अलग रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई। फाउंडेशन की ओर से युवाओं और महिलाओं को नि» शुल्क कंप्यूटर, सिलाई मशीन, ब्यूटी पार्लर, इलेक्ट्रिशियन और सोलर सहित कई तरह के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। विद्यार्थियों को इन प्रशिक्षणों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कौशल सीखने और रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें भविष्य में ऐसे प्रशिक्षण लेकर अपने हुनर को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष जयंतिलाल व्यास, उपाध्यक्ष दीपांशु जे. व्यास, प्रभुलाल गोजा, मनीष सियावत और निलेश राणा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# विवाद के बाद सड़कों पर उतरे लोग, प्रशासन से वार्ता के बाद शांत हुआ मामला

» लॉरी-जीप में टक्कर से शुरू हुआ विवाद झंडे तक पहुंचा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** कस्बे में पिछले दो दिनों से दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद के बाद रविवार को एक पक्ष के सैंकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। बैजनाथ अखाड़ा से निकली रैली देसूरी चौराहे पहुंची, जहां सुंदरकांड पाठ किया गया। इसके बाद लोग बस स्टैंड स्थित पुलिस थाने पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंप अपनी मांगें रखीं। उधर विवाद के चलते रविवार सुबह से दोपहर तक बाजार बंद रहा। दोपहर बाद एक समुदाय के प्रतिनिधि मंडल और प्रशासन के बीच वार्ता हुई। वार्ता में दूसरे पक्ष के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। एएसपी किशोरसिंह, एसडीएम विश्वजीत सिंह, डीएसपी रतन देवासी और नायब तहसीलदार ने दोनों पक्षों की बात सुनकर शांति वार्ता कराई। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री नरेश बोहरा के अनुसार वार्ता के बाद दोनों पक्षों में सहमति बनी है। पूर्व में लॉरी को जीप से टक्कर मारने के मामले में विधि सम्मत कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं, पिछले दो दिनों के दौरान हुई घटनाओं को लेकर दोनों पक्षों से जुड़े लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं करने और कानूनी कार्रवाई नहीं करने पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच तनाव समाप्त करने और कस्बे में शांति व्यवस्था कायम रखने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। समझौते के बाद दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया।

» सुबह से दोपहर तक बंद रहे बाजार

### झंडे को लेकर बढ़ा था तनाव

वस्तुतः शुक्रवार दोपहर लॉरी को जीप से टक्कर मारने के बाद विवाद शुरू हुआ था। शनिवार सुबह एक पक्ष के लोग कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे। वापस लौटते समय एक धार्मिक झंडा उतारे जाने के बाद तनाव बढ़ गया। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोग रैली के रूप में थाने पहुंचे और करीब चार घंटे तक प्रदर्शन किया। शाम को चौराहे पर धार्मिक झंडा लगाने के प्रयास पर पुलिस ने बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ा। बाद में एसडीएम की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। रात में प्रशासन ने दोनों पक्षों के झंडे उतरवा दिए। इस बीच रविवार को झंडा पुनः लगाने की मांग को लेकर एक पक्ष ने शांतिपूर्ण रैली निकाली और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। वार्ता और प्रशासन की सहमति के बाद दोपहर में चौराहे पर झंडा लगाया गया, जिसके बाद लोग शांत हुए।

### ज्ञापन में उठाई यह प्रमुख मांगें

ज्ञापन में महाराणा प्रताप चौराहा स्थित सार्वजनिक प्याऊ पर लगे ध्वज को सम्मानपूर्वक पुनः लगाने, घटना में दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच, कथित अति' मणों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई, बिना वैध अनुमति संचालित मांस-मछली की दुकानों एवं ठेलों की जांच तथा कथित अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने की मांग की गई। इसके साथ ही घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन से व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी रखी गई।

### समझौता वार्ता में दोनों पक्षों के प्रतिनिधि रहे मौजूद

इस दौरान हिन्दू समुदाय की ओर से विहिप पाली अध्यक्ष नरेश बोहरा, हरिओम पुरी, दिलीपसिंह, सुरेशसिंह शिवतलाव, कुंदनसिंह शिवतलाव, शैतानसिंह शिवतलाव, हीरसिंह राठौड़ और महेंद्रसिंह देसूरी मौजूद रहे। वहीं मुस्लिम समाज की ओर से विकास कमेटी अध्यक्ष दिलदार खान, सदर शमसेर खान, अयूब खान, नवाब खान, जान मोहम्मद और मिसरू खान वार्ता में शामिल हुए।

### कार्रवाई में देरी को लेकर उठे सवाल

शुक्रवार दोपहर लॉरी को जीप से टक्कर मारने के मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने की शिकायत के बाद शनिवार सुबह बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे और न्याय की मांग की। पुलिस द्वारा करीब 24 घंटे बाद मुकदमा दर्ज किए जाने से कार्रवाई में देरी को लेकर नाराजगी बढ़ी। इसी बीच झंडे को लेकर विवाद सामने आने के बाद घटना' म और तनावपूर्ण हो गया। हालांकि रविवार को प्रशासन की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच हुई वार्ता के बाद सहमति बनने से फिलहाल विवाद शांत हो गया। प्रशासन ने कस्बे में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

## घांची समाज के सामूहिक विवाह की तैयारियां तेज

» कमेटियां गठित कर सौंपे दायित्व

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** आगामी 12 दिसंबर को काना कोलर स्थित कांबेश्वर महादेव धाम परिसर में होने वाले घांची समाज के चौथे सामूहिक विवाह को लेकर रविवार को आनंद पूर्णानंद बालिका विद्यापीठ छात्रावास संस्थान सुमेरपुर में आम बैठक हुई। संस्थान अध्यक्ष भंवर परमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सामूहिक विवाह की रूपरेखा तैयार कर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया और समाजबंधुओं को दायित्व सौंपे गए। अध्यक्ष परमार ने बताया कि अब तक 11 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। पंजीयन की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर रखी गई है। कोषाध्यक्ष छगनलाल सोलंकी ने बताया कि आमंत्रण पत्रिका, भोजन सामग्री, भोजनशाला, विवाह आयोजन, कन्यादान, रोकड़ काउंटर, साफा-चुंदड़ी व मोमेंटो, पेयजल-चाय तथा पत्रिका वितरण सहित विभिन्न कमेटियां गठित की गई हैं। सचिव हीरालाल भाटी ने बताया कि सम्मेलन में सहयोग देने वाले भामाशाहों का संस्थान की ओर से स्वागत किया गया। बैठक में दूल्हों के लिए घोड़ों के स्थान पर रथ लाने का प्रस्ताव भी लिया गया। इस दौरान 27 गांवों के बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को उप जिला अस्पताल देसूरी में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे से शुरू होगा। उप जिला अस्पताल के बीसीएमओ डॉ. अविनाश चारण ने क्षेत्र के स्वस्थ लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवन बचाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

## वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

» एकता और संगठन को मजबूत करने पर जोर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** शहर के करणसिंह चाली स्थित सभागार में रविवार को वरिष्ठ नागरिक समिति की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष डॉ. रामलाल मोबारसा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की एकता, पिछली बैठक की कार्यवाही और समिति से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। महामंत्री नरपतसिंह कुंपावत ने पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई, जिसका सदस्यों ने हाथ उठाकर अनुमोदन किया। जिलाध्यक्ष ने संगठन में एकता बनाए रखने और आपसी सहयोग से समिति के कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। सितंबर माह में जन्मदिन मनाने वाले महामंत्री नरपतसिंह कुंपावत एवं विटठल भाई सांखला का माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष ने दोनों के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। बैठक में मासिक बैठक अंतिम रविवार के बजाय अंतिम मंगलवार को आयोजित करने, पाली जिले की 35 स्थानीय समितियों में सदस्यों की न्यूनतम संख्या तय करने तथा उपशाखाओं के पंजीकरण नंबर जिला समिति के समान रखने सहित विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर इन विषयों को साधारण सभा में रखने का निर्णय लिया गया।

### यह भी रहे मौजूद

बैठक में उपाध्यक्ष अंबालाल सोलंकी, गणपतसिंह दहिया, पीएस राठौड़, सुवालाल पेड़ीवाल, श्रवणकुमार तंवर, बरदीचंद मेवाड़ा, गोपीकिशन माहेश्वरी, माणकचंद तंवर, चैनसिंह खींची, विष्णुकुमार गोयल, रामदयाल गांधी, हंसराम व मुन्नासिंह सहित वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को मिली राहत, प्रमाण-पत्र जारी, फिर शुरू हुई पेंशन

» लाभदायी बने सेवा सेतु शिविर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित सेवा सेतु शिविरों से ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है। पंचायत समिति सोजत की ग्राम पंचायत गुड़ा कला में आयोजित शिविर में गीतादेवी पत्नी पप्पूलाल को मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी कर सौंपा गया। वहीं पशुपालक अजीतकुमार को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत बीमा पॉलिसी प्रदान की गई। शिविर में शायरी की छह माह से बंद पेंशन का भौतिक सत्यापन कर उसे पुनः शुरू करवाया गया। इससे उन्हें नियमित सामाजिक सुरक्षा सहायता मिल सकेगी। शिविर के दौरान दस्तावेज उपलब्ध कराने, योजनाओं से जोड़ने तथा लंबित प्रकरणों के निस्तारण की कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिविरों में प्राप्त मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण कर पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## घांची समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह तीन से

» 330 प्र तिभाओं का होगा सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** क्षत्रिय घांची समाज शिक्षा समिति सुमेरपुर-शिवगंज की ओर से 14वां प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान एवं स्नेह मिलन सामारोह काना कोलर स्थित कांबेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 3 व 4 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश परिहार करेंगे। समारोह में शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली समाज की 330 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। महासचिव सुरेश परमार ने बताया कि 3 अक्टूबर शाम 5.15 बजे सोहम-2026 सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसमें कक्षा 8, 9 व 11 के प्रतिभावान विद्यार्थियों, खेल, स्काउट, एनएसएस व एनसीसी प्रतिभाओं सहित उपखंड, जिला व राज्य स्तर पर सम्मानित समाजबंधुओं का सम्मान होगा। देशभर की विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष-पदाधिकारी एवं पांच परगना के अध्यक्ष भी सम्मानित होंगे। 4 अक्टूबर सुबह 9.15 बजे सम्मान समारोह एवं स्नेह मिलन होगा। इसमें कक्षा 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों, विभिन्न पाठ्य' मों में डिग्री-डिप्लोमा प्राप्त प्रतिभाओं, राजकीय सेवा में प्रथम नियुक्ति पाने वालों, लैपटॉप, पीसी व ट-ैबलेट से सम्मानित प्रतिभाओं, भामाशाहों तथा समाज के पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। समारोह की पत्रिका मंत्री जोराराम कुमावत को भेंट कर आमंत्रित किया गया। समिति ने सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं से सपरिवार कार्य' म में पहुंचने की अपील की है। आयोजन की तैयारियों में अध्यक्ष जगदीश परिहार, महासचिव सुरेश परमार, कोषाध्यक्ष देवाराम परमार शिवगंज सहित समिति पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

## सरदार पटेल जयंती पर पुलिसकर्मियों ने लगाई मैराथन दौड़

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार सुबह शहर में 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों, होमगार्ड जवानों सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयसिंह तंवर ने नया बस स्टैंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए लाखोटिया तालाब स्थित गार्डन पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। इस दौरान पुलिसकर्मियों और होमगार्ड जवानों ने उत्साह के साथ दौड़ में भाग लिया। आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों ने एकता, अनुशासन और स' य एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। सरदार पटेल जयंती के अवसर पर आयोजित कार्य' मों की कड़ी में सोमवार सुबह पुलिस लाइन में वॉलीबॉल मैच का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन में पुलिस विभाग एवं होमगार्ड के जवानों की स' य सहभागिता रही।

# कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से किया संवाद

झोटवाड़ा पूर्व , झोटवाड़ा पश्चिम और कालवाड़ मंडल के कार्यकर्ताओं से मिले कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, पंचायत चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के झोटवाड़ा पूर्व, झोटवाड़ा पश्चिम और कालवाड़ मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठकों में पंचायत चुनाव को लेकर संगठन की तैयारियों, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता, क्षेत्रीय संपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की परिस्थितियों और संगठन की तैयारियों को लेकर फीडबैक भी लिया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि भाजपा का संगठन उसकी सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका से ही संगठन की पहुंच बूथ स्तर तक मजबूत होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने और क्षेत्र की जनता से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ उठाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं संगठन महामंत्री अजेय कुमार के नेतृत्व में राजस्थान में डबल इंजन सरकार जनकल्याण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं और जनहित के कार्यों की जानकारी अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में संगठन के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

बैठकों के दौरान पंचायत चुनाव को लेकर क्षेत्रवार तैयारियों, बूथ स्तर पर संगठन की सक्रियता, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और मतदाताओं से निरंतर संपर्क जैसे विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही स्थानीय स्तर पर संगठन को और प्रभावी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से सुझाव भी लिए गए।

# शिविर में की 329 मरीजों की नेत्र जांच

» मोतियाबिंद पीड़ित 12 मरीज ऑपरेशन को चयनित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानी।** जिला अंधता निवारण समिति पाली के सहयोग से लॉयन्स आई हॉस्पिटल ट्रस्ट एवं ललित मेमोरियल लॉयन्स हॉस्पिटल रानी के संयुक्त तत्वावधान में 27 सितंबर को विशाल निःशुल्क नेत्र, हड्डी-जोड़ एवं जनरल चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की निशुल्क जांच की। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. बीएल नायक ने 134, हड्डी-जोड़ एवं स्पाइन सर्जन डॉ. किशोर परिहार ने 85, जनरल फिजिशियन डॉ. एसडी चौधरी एवं डॉ. मीनाक्षी चौधरी ने 52, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विदुषी मेहता ने 30 तथा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. जगदीश मालवीय ने 28 मरीजों की जांच की। शिविर में सभी मरीजों को माइक्रो लैब्स लिमिटेड बेंगलुरु के सौजन्य से निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही शुगर, बीपी एवं ईसीजी की जांच तथा चिकित्सकीय परामर्श भी निशुल्क दिया गया। मोतियाबिंद के 12 मरीजों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण निःशुल्क करने के लिए चयन किया गया। शिविर के आयोजन में अस्पताल व्यवस्थापक महेशकुमार, जगदीश भाना, महेंद्र धवल, करणसिंह, अमरलाल, शीतल, सारिका, मनीषा, जीनल, गोरी, हरिलाल, नरपत, मुकेश, गीता देवी, गुड़िया एवं शनि सहित अन्य का सहयोग रहा। मरीजों ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली और लॉयन्स क्लब, अस्पताल एवं माइक्रो लैब्स लिमिटेड, बेंगलुरु का आभार व्यक्त किया।

## दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करेंगे विकास के प्रयास : भाट

» बंजारा समाज ने किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानी।** नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबूलाल भाट एवं पार्षद गीता बंजारा का बंजारा समाज रानी की ओर से मां अंबे माता मंदिर में भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। समारोह में समाजबंधुओं ने एकजुट होकर दोनों जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया। समारोह को संबोधित करते हुए चेयरमैन बाबूलाल भाट भावुक हो गए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय 36 कौम एवं बंजारा समाज के लोगों को देते हुए सभी का आभार जताया। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, व्यापार और सामाजिक एकता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। भाटी ने कहा कि वे रानी के प्रत्येक नागरिक की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे तथा बिना किसी पक्षपात और जातिगत या दलगत भावना के रानी के विकास के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने चुनाव में स' य भूमिका निभाने वाले युवाओं की सराहना करते हुए वार्ड 13 की बंजारा टीम के निलेश भाट, राजू सोलंकी, मनीष राठौड़ सहित 36 कौम की टीम के योगदान की प्रशंसा की। समापन अवसर पर मदनलाल भाट ने समाज के लोगों से अपने बेटों-बेटियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में नई जागृति और चेतना का संचार संभव है। समारोह में बंजारा समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

एशियन गेम्स 2026

# बॉक्सिंग में तीन पदक पक्के

## अंकुश-परवीन सेमीफाइनल में पहुंचे

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय बॉक्सिंग के लिए रविवार का दिन शानदार रहा। कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन अंकुश पंघाल और परवीन ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इसके साथ ही भारत के दो और पदक पक्के हो गए हैं। अंकुश ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के नेक्रूज सलीमोव को 5-0 से हराया, जबकि महिलाओं के 65 किग्रा में परवीन ने उज्बेकिस्तान की नवबाखोर खामिदोवा को इसी अंतर से मात दी। तीनों राउंड में भारतीय मुक्केबाज को सभी जजों का समर्थन मिला। परवीन की जीत के साथ ही भारत ने इस वर्ग में कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है।

### अंकुश की 5-0 से शानदार जीत

निशियो जिमनैजियम में खेले गए मुकाबले में अंकुश ने शुरुआत से ही सलीमोव पर दबाव बनाए रखा। पहले दो राउंड में भारतीय मुक्केबाज ने अपनी गति, पंच और डिफेंस से मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी। दोनों राउंड अंकुश ने 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से अपने नाम किए। पहले राउंड में उन्होंने राइट हुक और 1-2 पंच का अच्छा इस्तेमाल किया। दूसरे राउंड में अंकुश ने अपने लेफ्ट हुक और काउंटर पंच से ताजिक मुक्केबाज को परेशान किया। तीसरे राउंड में सलीमोव ने वापसी की कोशिश की और 4-1 से राउंड अपने नाम किया। वह नॉकडाउन की तलाश में आक्रामक हुए, लेकिन अंकुश ने अपना डिफेंस मजबूत रखा। शुरुआती दो राउंड की बढ़त के दम पर भारतीय मुक्केबाज ने 5-0 से मुकाबला जीत लिया।

### कुराश में भारत को निराशा

कुराश में भारतीय खिलाड़ियों का अभियान पदक के बिना समाप्त हुआ। विशाल पुरुषों के +90 किग्रा क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड के कुनाथिप ये-ऑन से 0-5 से हार गए। संगीता बलहारा महिलाओं के 57 किग्रा राउंड ऑफ 32 में फिलीपींस की चार्मिया क्वेलिनो से 0-10 से हारीं। भारती को महिलाओं के 57 किग्रा राउंड ऑफ 16 में ईरान की ताहेरेह अजरपेइवांड ने हराया, जबकि यश कुमार चौहान पुरुषों के +90 किग्रा राउंड ऑफ 16 में ताजिकिस्तान के शकरमामद मिरमामदोव से हार गए।

### सचिन सिवाच का सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

▪ भारत के सचिन सिवाच को पुरुषों के 60 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जापान के शुंसुके कितामोटो से 0-5 के सर्वसम्मत फैसले से हार मिली। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के स्वर्ण पदक विजेता सचिन पहले राउंड में 1-4 से पिछड़ गए। दूसरे राउंड में भी जापानी मुक्केबाज ने 0-5 से बढ़त बनाई। हालांकि, सचिन ने तीसरे राउंड में जोरदार वापसी करते हुए इसे 4-1 से अपने नाम किया, लेकिन शुरुआती दो राउंड की बढ़त के कारण जजों ने 29-28 के स्कोर से कितामोटो के पक्ष में फैसला सुनाया। 2025 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता कितामोटो ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली, जबकि सचिन का एशियन गेम्स अभियान क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया।

# स्क्वैश में भारत को तीन पदक

**नागोया।** भारत को इस स्पर्धा में अब तक कुल तीन पदक मिले। जोशना चिनप्पा-सेंथिलकुमार की मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को कांस्य पदक जीते थे। वहीं, अभय-अनाहत ने अपने-अपने एकल मुकाबले में देश को रजत पदक दिलाए। पुरुष एकल में अभय और महिला एकल के फाइनल में अनाहत को हार मिली और इन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

▸▸ अभय और अनाहत सिंह ने दिलाया रजत

▸▸ चिनप्पा-सेंथिलकुमार ने जीता कांस्य

### फाइनल में चूके अभय और अनाहत

अभय सिंह को पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में मलयेशिया के ऐन योउ एंग के हाथों हार मिली। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर काबिज अभय 18वीं रैंकिंग वाले योउ को चुनौती नहीं दे सके। पिछली बार के चैंपियन मलयेशियाई खिलाड़ी ने 11-9, 11-5, 11-5 से जीत दर्ज की। यह मलयेशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अभय की आठवीं हार थी। इस स्पर्धा में बेस्ट ऑफ-5 होता है। यानी तीन गेम जीतने वाला खिलाड़ी मैच जीतता है। स्क्वैश में महिला एकल की फाइनल में अनाहत सिंह को मलयेशिया की सिवासंगारी सुब्रमणयम से 3-0 से हार मिली। सिवांसगारी ने 11-4, 11-4, 11-7 से मैच जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सिवासंगारी की विश्व रैंकिंग पांच है। वह पिछले एशियन गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट हैं। अनाहत के खिलाफ सिवासंगारी ने लगातार तीसरा मैच जीता है।

### योउ-सिवासांगरी का ओलंपिक क्वालिफाई

योउ और सिवासांगरी दोनों ने 2028 में लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदार्पण कर रही स्क्वैश प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई करने वाले शुरुआती दो खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा। दोनों ने अपने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक का भी सफलतापूर्वक बचाव किया। विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली पहली भारतीय अनाहत शनिवार को जापान की दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी सातोमी वातानाबे के खिलाफ सेमीफाइनल में की गई वापसी को दोहरा नहीं सकीं। अनाहत-सातोमी सेमीफाइनल को करीब से देखने वाली सिवासांगरी स्पष्ट रणनीति के साथ उतरीं और उसे पूरी तरह से अमल में भी लाईं। मलयेशियाई खिलाड़ी ने अनाहत को लगातार विनर्स लगाने का मौका नहीं दिया और लगातार आक्रमण के जरिए उन पर दबाव बनाए रखा। हालांकि अनाहत के लिए यह अभियान यादगार रहा। उन्होंने एशियाई खेलों के इतिहास में महिला एकल फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले 26वीं रैंकिंग वाले अभय भी दुनिया के 18वें नंबर के योउ को कड़ी चुनौती नहीं दे सके। योउ ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। भारत को टीम स्पर्धाओं में भी पदक जीतने की उम्मीद है। पुरुष टीम मौजूदा चैंपियन के रूप में प्रतियोगिता में उतरेगी।

## हैदराबाद पिंक पावर रन में महाराष्ट्र की रमाबाई रणवीर बनीं प्रेरणा

**हैदराबाद।** पिंक पावर रन 3.0 में करीब 35,000 प्रतिभागी एक साथ जुटे। स्तन कैंसर जागरुकता, स्वास्थ्य सुरक्षा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आयोजित इस भव्य आयोजन में महाराष्ट्र के बीड़ ज़िले की रमाबाई रणवीर की भागीदारी विशेष रही। यह आयोजन मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड और सुधा रेड्डी फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसका उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरुकता और समय पर जांच की महत्ता को समाज तक पहुंचाना था। अंबाजोगाई की 47 वर्षीय रमाबाई पहले भी अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए नंगे पांव 5 किमी दौड़कर सुर्खियों में आई थीं। उनकी उपस्थिति ने इस दौड़ को महिलाओं की जिद और संकल्प का प्रतीक बना दिया। इस मैराथन में 21 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी जैसी चार श्रेणियां शामिल थीं। विजेताओं को कुल 75 लाख के पुरस्कार दिए गए। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग प्रतिभागियों तक सभी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

एशियन गेम्स

## हरिता भद्रा ने 200 मीटर में जीता कांस्य

### उन्नति अयप्पा छठे स्थान पर रहीं

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में रविवार को भारत के लिए महिलाओं और पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में मिले-जुले नतीजे रहे। हरिता भद्रा ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता, जबकि अनिमेष कुजूर पुरुषों की 200 मीटर में पांचवें स्थान पर रहे। हरिता ने 23.20 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने जापान की धाविका को महज 0.01 सेकंड के अंतर से पीछे छोड़ा। सिंगापुर की वेरोनिका शांति परेरा ने 22.78 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन की चेन युजी 22.93 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। हरिता का कांस्य पदक एशियन गेम्स की महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में भारत के लिए लंबे इंतजार को खत्म करने वाला रहा। भारत ने इस स्पर्धा में पिछली बार 2018 एशियन गेम्स में दुती चंद के कांस्य पदक के रूप में पदक जीता था। 23 वर्षीय हरिता एशियन गेम्स में 200 मीटर पदक जीतने वाली भारत की केवल छठी महिला बनीं। महाराष्ट्र की इस धाविका ने एशियन गेम्स से पहले 65वीं नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 23.14 सेकंड का समय निकालकर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था और राष्ट्रीय खिताब जीता था। भारत की उन्नति अयप्पा बोलैंड 23.46 सेकंड के समय के साथ छठे स्थान पर रहीं। दौड़ खत्म होने के बाद बोलैंड ने हरिता को गले लगाकर उनकी उपलब्धि की बधाई दी।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की बड़ी जीत

**नागोया।** सुनेलिता टोप्पो के दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को एशियन गेम्स के अपने अंतिम पूल बी मैच में सिंगापुर को 7-0 से रौंद दिया। महिला टीम का अब सेमीफाइनल में सामना कोरिया से होगा। भारत ने पांच मैच में पांच जीत के साथ पूल बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब सेमीफाइनल 30 सितंबर को होगा। भारत के लिए कप्तान सलीमा टेटे (17वें मिनट), सुनेलिता (22वें, 24वें), लालरेमसियामी (26वें), रुतुजा दादासो पिसाल (29वें), निक्की प्रधान (35वें) और दीपिका (55वें) ने गोल किए। गत चैंपियन और मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान जापान से भिड़ेगा। सिंगापुर ने पहले क्वार्टर में भारत को कड़ी टक्कर दी, लेकिन भारत ने दबदबा बनाए रखा। सिंगापुर ने भारत के शुरुआती आठ पेनल्टी कॉर्नर नाकाम किए।

सिंगापुर को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

## भारतीय क्रिकेट टीम नागोया पहुंची, बुलेट ट्रेन में किया सफर

**नागोया।** भारतीय क्रिकेट टीम को एशियन गेम्स 2026 का अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला सोमवार को अफगानिस्तान के खिलाफ निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेलना है। टीम इंडिया इसके लिए नागोया पहुंच चुकी है। भारतीय टीम ने टोक्यो से नागोया तक की यात्रा बुलेट ट्रेन से की। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में भारतीय टीम के कोच वीवीएस लक्ष्मण, कप्तान श्रेयस अय्यर और टीम के सभी खिलाड़ी स्टेशन पर बुलेट ट्रेन का इंतजार करते और ट्रेन में बैठते हुए दिख रहे हैं।

### टीम ने किया कड़ा अभ्यास

एशियन गेम्स में अपने पुरुष क्रिकेट अभियान की शुरुआत से ठीक पहले भारतीय टीम ने रविवार को कड़ा अभ्यास किया। अभ्यास सत्र के दौरान बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, ईशान किशन, कप्तान श्रेयस अय्यर और युवा वैभव सूर्यवंशी समेत कई प्रमुख खिलाड़ी पसीना बहाते नजर आए। महिला टीम ने क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले ही देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल कर लिया है, जिसके बाद अब पुरुष टीम भी देश के इस विजयी सिलसिले को आगे बढ़ाने और एशियाई खेलों में क्रिकेट स्पर्धा का डबल पोडियम फिनिश हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

# मनोरंजन

## 'रामायण' के दो नए पोस्टर जारी

नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी 'रामायण'2026 की सबसे महंगी और चर्चित फिल्मों में से एक है, जिसे लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्सुकता देखने को मिल रही है। दो हिस्सों में रिलीज होने जा रही इस बिग बजट फिल्म में रणबीर कपूर प्रभु श्रीराम की भूमिका में नजर आने वाले हैं। नमित मल्होत्रा के प्रोडक्शन में बन रही इस फिल्म के निर्माताओं ने कल मुंबई में एक इवेंट आयोजित किया, जिसमें चुनिंदा मीडिया और प्रेस के सदस्य शामिल हुए। अब मेकर्स ने फिल्म के दो नए पोस्टर जारी किए हैं, जिनमें से एक पोस्टर में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में, साई पल्लवी माता सीता के रूप में और रवि दुबे लक्ष्मण के रूप में नजर आ रहे हैं। वहीं अन्य पोस्टर में यश रावण के रूप में नजर आ रहे हैं और बेहद दमदार लुक में दिखाई दे रहे हैं। मेकर्स द्वारा जारी किए गए पोस्टर में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और रवि दुबे प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की भूमिका में वनवास के दौर में नजर आ रहे हैं। तीनों ने पारंपरिक केसरिया रंग के कपड़े पहने रखे हैं। श्रीराम के अवतार में रणबीर जहां धनुष लिए शांत नजर आ रहे हैं तो वहीं सीता के रूप में साई पल्लवी भी बेहद शालीन लग रही हैं। लक्ष्मण के लुक में रवि दुबे भी काफी पावरफुल लग रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'हमेशा साथ, धर्म के पथ पर।' मेकर्स ने एक अन्य पोस्टर भी साझा किया है, जिसमें यश रावण के लुक में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर में वह दमदार और भव्य लुक में दिखाई दे रहे हैं। शानदार कपड़ों और आभूषण में सजे-धजे यश यश रावण की भूमिका में तीखे तेवर दिखाते हुए दमदार मौजूदगी दर्ज कराते हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'तीनों लोकों का स्वामी, रावण।' फैंस अब इन पोस्टर पर कमेंट देते हुए अपनी उत्सुकता जाहिर कर रहे हैं और प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक ने कमेंट करते हुए लिखा- 'ऐसा लग रहा है जैसे रावण की भूमिका के लिए यश ही बने हैं।' एक अन्य ने लिखा- 'यश का कोई मुकाबला नहीं कर सकता।' नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस महाकाव्य को लेकर सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी जमकर चर्चा हो रही है।

## सीएसटी स्टेशन पर रिलीज होगा 'प्रहार' का ट्रेलर

फिल्म 'प्रहार' की कहानी सरकारी वकील उज्ज्वल निकम की जिंदगी और उनके कानूनी संघर्षों पर आधारित है। मेकर्स ने ट्रेलर लॉन्च के लिए 29 सितंबर की तारीख तय की है। आमतौर पर फिल्मों के ट्रेलर लॉन्च के लिए बड़े इवेंट और शानदार जगहों का चुनाव किया जाता है। लेकिन इस फिल्म का ट्रेलर खास जगह रिलीज होने वाला है। फिल्म का ट्रेलर किसी होटल या थिएटर में नहीं, बल्कि मुंबई के ऐतिहासिक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) स्टेशन पर लॉन्च किया जाएगा। 'प्रहार' के ट्रेलर लॉन्च के लिए सीएसएमटी को चुनने की एक खास वजह भी है। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद अजमल कसाब के खिलाफ चले मुकदमे में उज्ज्वल निकम ने सरकार की ओर से केस लड़ा था। मुंबई आतंकी हमले के दौरान सीएसएमटी भी आतंकियों के निशाने पर था। इस हमले की कई दर्दनाक यादें इस स्टेशन से जुड़ी हुई हैं। ऐसे में फिल्म की कहानी और उस दौर की घटनाओं से जुड़े इस स्थान पर ट्रेलर लॉन्च करना मेकर्स की एक खास पहल मानी जा रही है। फिल्म में राजकुमार राव वकील उज्ज्वल निकम का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का टीजर सामने आने के बाद से ही राजकुमार राव के लुक और उनके किरदार को लेकर चर्चा हो रही है। वहीं अभिनेता ललित प्रभाकर फिल्म में अजमल कसाब की भूमिका निभा रहे हैं।

## 'द पैराडाइज' का बॉक्स ऑफिस पर गदर

साउथ सुपरस्टार नानी अब अपनी एक्शन-थ्रिलर 'द पैराडाइज' को लेकर सुर्खियों में हैं। 2 बार पोस्टपोन होने के बाद आखिरकार ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और अब दर्शकों में इसे लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में नानी एकदम अलग और नए अवतार में देखने को मिल रहे हैं, जिसके चलते नानी के फैंस में एक अलग ही स्तर की उत्सुकता देखने को मिल रही थी। एडवांस बुकिंग में भी 'द पैराडाइज' का दबदबा देखने को मिला। मेकर्स ने इस गुरुवार यानी 24 सितंबर, 2026 को ये फिल्म रिलीज की, जिसने जबरदस्त ओपनिंग की। पहले ही दिन फिल्म ने 34 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन करके सबको हैरान कर दिया, हालांकि दूसरे दिन फिल्म की कमाई में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली। अब 'द पैराडाइज' के तीसरे दिन के कलेक्शन के आंकड़े भी सामने आ चुके हैं, तो चलिए जानते हैं फिल्म ने तीसरे दिन यानी शनिवार को कितना कलेक्शन किया। नानी की एक्शन पीरियड ड्रामा 'द पैराडाइज' तमिल, तेलुगु और हिंदी सहित 8 भाषाओं में 24 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और 34.65 करोड़ के कलेक्शन के साथ जबरदस्त ओपनिंग की। वहीं इससे पहले प्री-रिलीज में इस फिल्म ने 11.60 करोड़ का कलेक्शन कर लिया। दूसरे दिन यानी पहले शुक्रवार को 'द पैराडाइज' की कमाई में 50 प्रतिशत से भी ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। इस फिल्म ने दूसरे दिन 14.90 करोड़ कमाए और तीसरे दिन 13.95 करोड़ छापे। इसी के साथ तीन ही दिनों में नानी की फिल्म का नेट कलेक्शन 75.10 करोड़ हो गया है।

## ममता फिर से मॉडर्न

बॉलीवुड की 'ग्लैमर गर्ल' रहीं ममता कुलकर्णी अब अभिनय से दूर हैं, लेकिन लगातार सुर्खियों में बनी रहती हैं। ममता कुलकर्णी 2025 में महाकुंभ के दौरान काफी चर्चा में थीं। उन्होंने महाकुंभ के दौरान चकाचौंध भरी दुनिया को छोड़कर संन्यास का रास्ता चुन लिया था और किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर घोषित की गईं। उनके इस फैसले ने सबको चौंका दिया था। लेकिन, भारी विरोध के बाद उन्हें ये पद छोड़ना पड़ा। मगर लंबे समय त क ममता कुलकर्णी भगवा वस्त्रों में ही नजर आती थीं, लेकिन बीते कुछ महीनों में उनका अंदाज एक बार फिर बदला-बदला देखने को मिल रहा है। एक बार फिर ममता ने मॉडर्न अवतार चुन लिया है। ममता ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ रील्स शेयर किए हैं, जिनमें वह 'करण अर्जुन' के हिट सॉन्ग 'भंगड़ा पाले' पर नाचती नजर आ रही हैं। वीडियो में ममता कुलकर्णी किसी कार्यक्रम में नजर आ रही हैं, जहां उनका मॉर्डन लुक देखने को मिल रहा है।

## कृति ने उठाया महिला सुरक्षा का मुद्दा

हर साल सितंबर महीने के चौथे रविवार को बेटी दिवस मनाया जाता है। ऐसे में आज इस खास दिन पर बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने देश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं पर बात की है। साथ ही एक्ट्रेस ने समाज से उन रोजमर्रा की सावधानियों पर सोचने को कहा है, जो महिलाओं को सिर्फ सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षित महसूस करने के लिए बरतनी पड़ती हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'इस 'बेटी दिवस' पर जरा सोचिए कि आपकी बेटी आपको फोन करके कहे कि मुझे लग रहा है कुछ आदमी मेरा पीछा कर रहे हैं। सोचिए कि वह रात में अकेले घर जा रही है और बार-बार पीछे मुड़कर देख रही है। सोचिए कि घर पहुंचने से पहले ही उसका फोन बंद हो जाता है। अब एक पल रुक कर इस बारे में सोचिए।' कृति ने आगे बताया कि सुरक्षा के लिए महिलाएं रोजमर्रा की जिंदगी में कितनी चीजें करने को मजबूर हैं। एक्ट्रेस ने पोस्ट में आगे लिखा, 'लाइव लोकेशन शेयर करने से लेकर, पेपर स्प्रे रखने तक, पैदल जाने के बजाय कैब बुक या सुरक्षित महसूस करने के लिए किसी को फोन करने तक। हमने उसकी जिंदगी को ऐसा बना दिया है कि ये सब उसकी रोजमर्रा की आदत का हिस्सा बन गया है।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## सेवा संकल्प अभियान – जन सेवा ही प्रभु सेवा

(17 सितम्बर-17 अक्टूबर 2026)

भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर,
अलवर, कोटपुतली-बहरोड़ एवं खैरथल-तिजारा जिलों के

# ₹1,109 करोड़ के 345 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, ऊर्जा, पेयजल, सार्वजनिक निर्माण, ग्रामीण विकास एवं
अन्य आधारभूत सुविधाओं से हो रहा काया कल्प

मुख्य अतिथि

**श्री भजनलाल शर्मा**
**माननीय मुख्यमंत्री**

## शिलान्यास

- सवयार्ड ग्राम निठार, भुसावर में भूमि समतलीकरण एवं चारदीवारी तथा किसान पथ नगला गुठाकर से नयागाँव की सीमा तक कृषि उपज मण्डी समिति, वैर के निर्माण कार्य (लागत राशि 2.15 करोड़ रुपए)
- सार्वजनिक निर्माण विभाग के 125 कार्य (लागत राशि 185.20 करोड़ रुपए)
- ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के 7 कार्य (लागत राशि 1.56 करोड़ रुपए)
- स्कूल शिक्षा विभाग के 13 कार्य (लागत राशि 27.72 करोड़ रुपए)
- यूडब्ल्यूएसएस नदबई का विस्तार कार्य (लागत राशि 6.47 करोड़ रुपए)
- जल संसाधन विभाग के 6 कार्य (लागत राशि 44.35 करोड़ रुपए)
- चुली एवं अनियाला में 33 केवी सब स्टेशन के निर्माण कार्य (लागत राशि 2.55 करोड़ रुपए)
- ट्रोमा सेन्टर एवं MCH अस्पताल का निर्माण कार्य (लागत राशि 160.15 करोड़ रुपए)
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 20 कार्य (लागत राशि 96.58 करोड़ रुपए)
- नगरीय विकास विभाग के 3 कार्य (लागत राशि 13.43 करोड़ रुपए)
- पशु चिकित्सा उपकेन्द्रों बिचपुरी गुजरान, दरगमां एवं बालौती के भवन निर्माण कार्य
- नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण सड़क, भिवाड़ी से खिजुरीवास टोल, भिवाड़ी (लागत राशि 40 करोड़ रुपए)
- कठूमर से डेहरा मोड (वाया मसारी, भरीथल होते हुए अटारी) सड़क का चौड़ाईकरण (18 किमी.) (कठूमर, नदबई) -अलवर, भरतपुर (लागत राशि 11 करोड़ रुपए)
- विधानसभा क्षेत्र थानागाजी में मिसिंग लिंक सड़कों के 16 कार्य (लागत राशि 9 करोड़ रुपए)
- नयागाँव बोलका से धौलान टहला, राजगढ़ SH-25 तक 11 किमी सड़क निर्माण कार्य (थानागाजी) - अलवर (लागत राशि 5 करोड़ रुपए)

## लोकार्पण

- ऊर्जा विभाग के 14 कार्य (लागत राशि 273.48 करोड़ रुपए)
- जल संसाधन विभाग के 11 कार्य (लागत राशि 128.20 करोड़ रुपए)
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 11 कार्य (लागत राशि 11.96 करोड़ रुपए)
- सार्वजनिक निर्माण विभाग के 6 कार्य (लागत राशि 24.84 करोड़ रुपए)
- उच्च प्राथमिक विद्यालय, नागला केवाल के निर्माण कार्य (लागत राशि 1.10 करोड़ रुपए)
- ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के 10 कार्य (लागत राशि 1.24 करोड़ रुपए)
- राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाडी में निर्माण कार्य (लागत राशि 7.50 करोड़ रुपए)
- राजकीय आयुर्वेद औषधालय धौर एवं कासिमपुर के भवन निर्माण कार्य
- वन विभाग के 5 कार्य
- बायो परीक्षण प्रयोगशाला एवं संयुक्त निदेशक कार्यालय के भवन निर्माण कार्य (लागत राशि 2.42 करोड़ रुपए)
- पशु चिकित्सालय उदई खुद एवं अनियाला के नवीन भवन के निर्माण कार्य
- सीसी अटल पथ का निर्माण, ईशाक हाउस से सरकारी अस्पताल,
- ग्राम इस्माइलपुर तक (लागत राशि 2 करोड़ रुपए)
- सीसी अटल पथ का निर्माण, SH-14 राय मोड़ से हरी टेलर से भावनी बड़सिवा, ग्राम ततरपुर (लागत राशि 2 करोड़ रुपए)
- बी.टी. सड़क निर्माण कार्य, अलावपुर बासवा से चम्मुनी ढाणी से धनियों सैयद रोड...
- अटल प्रगति पथ का निर्माण, नाई हाउस से टाइल ग्राम गुवालड़ा (लागत राशि 2 करोड़ रुपए)

राजस्थान संवाद

दोपहर 11:30 बजे | बिड़यारी, बयाना, जिला भरतपुर | **28 सितम्बर, 2026** | अपराह्न 1:30 बजे | खैरथल, जिला खैरथल-तिजारा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान